# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







## सुबह-शाम कोहरा: अभी 'धुंध' से आना है... 'धुंध' में जाना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को दोपहर तक घना कोहरा रहा। दोपहर बाद सर्द हवाओं के बीच थोड़ी देर तक खिली धूप भी बेअसर रही। इससे दिन के तापमान में शनिवार के मुकाबले 1.7 डिग्री की और गिरावट हो गई। रविवार को शहर में लगातार दूसरे दिन सीजन का सबसे सर्द दिन रहा। दिन का पारा 18.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.5 डिग्री कम है। रात का 10.8 डिग्री रहने से कोल्ड डे जैसे हालात रहे हैं। इससे पहले शनिवार को भी सीजन में सबसे कम रात का पारा 20.2 डिग्री रहा है। राजधानी में सर्दी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। सोमवार से स्कूल सुबह 9:30 बजे के बाद ही लगेंगे। यह निर्णय नर्सरी से लिए लिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल एनके अहिरवार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि यह व्यवस्था सरकारी, प्राइवेट, सीबीएसई, आईसीएसई और अनुदान प्राप्त एवं अन्य सभी स्कूलों पर अगले आदेश तक लागू रहेगी। प्रदेश में बढ़ रही सर्दी के बीच रविवार को नौगांव में रात का पारा सर्वाधिक 8 डिग्री गिरकर 2.5 डिग्री पर पहुंच गया। यह नॉर्मल से 4.5 डिग्री कम है। दिन का पारा 18.5 डिग्री रहा। यहां सीवियर कोल्ड डे रहा, जबकि ग्वालियर, दतिया, राजगढ़, खंडवा, रतलाम और श्योपुर में कोल्ड डे दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो से तीन दिन में सर्दी और कोहरे का असर कम नहीं होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी उत्तरी हवाओं का असर जारी है, हवा में पर्याप्त नमी है, जिससे दो से तीन दिन कोहरे और सर्दी का असर बढ़ेगा। भोपाल में भी अभी सर्दी कम होने वाली नहीं है। इंदौर, उज्जैन और शाजापुर में स्कूलों की छुट्टी: इंदौर में कक्षा 8वीं तक तीन दिन का अवकाश घोषित किया गया है। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले के सभी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 3 दिन का अवकाश घोषित किया है। शाजापुर में सभी स्कूलों में 5 और 6 जनवरी को दो दिन की छुट्टी घोषित की गई है। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी ने यह आदेश जारी किया है। वहीं, उज्जैन में कक्षा 5वीं तक के बच्चों को छुट्टी दी गई है। नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों की सोमवार को छुट्टी घोषित की गई है।






## खबर संक्षेप

### फ्लाइट में अब पावर बैंक के इस्तेमाल पर लगी रोक


**नई दिल्ली।** अब फ्लाइट के दौरान पावर बैंक का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। डीजीसीए ने साफ किया है कि



सुरक्षा कारणों से विमान में पावर बैंक का उपयोग पहले से ही प्रतिबंधित है और अब इसे सख्ती से लागू किया जा रहा है। पावर बैंक में लिथियम आयन बैटरी होती है, जो डैमेज होने पर आग लगने का खतरा पैदा कर सकती है। यात्रियों को जागरूक करने के लिए बोर्डिंग के समय और फ्लाइट के दौरान बार-बार घोषणा कर रही हैं, ताकि हवा में किसी तरह का सुरक्षा खतरा न हो।

### शादी के 14 साल बाद अलग हुए जय भानुशाली-माही विज


**मुंबई।** टीवी एक्टर जय भानुशाली और एक्ट्रेस माही विज ने अलग होने का फैसला किया है। इस फैसले की जानकारी जय ने



सोशल मीडिया के जरिए दी। रविवार को जय और माही ने इंस्टाग्राम पर एक साझा बयान पोस्ट किया। इसमें कहा गया कि आज हम जिंदगी के सफर में अलग रास्ते चुन रहे हैं लेकिन हम एक-दूसरे का साथ देना जारी रखेंगे। शांति, आगे बढ़ना, दयालुता और इंसानियत हमेशा से हमारी सोच का हिस्सा रही है।

### टोलकर्मियों ने बस यात्रियों को लाठी-डंडों से पीटा

**उज्जैन।** उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर स्थित पिपलई (निपानिया) टोल प्लाजा पर टोलकर्मियों ने यात्रियों पर लाठी-डंडों से पीटा। घटना



शनिवार रात की है। वीडियो रविवार को सामने आया। बस उज्जैन से आगर जा रही थी। टोल प्लाजा पर कर्मचारी बीच लेन में अलाव जलाकर बैठे थे। इसी लेन में मालवा बस आ गई। अनजाने में उसी लेन में प्रवेश कर गई। बस में सवार कुछ युवकों ने जब टोल कर्मचारियों से रास्ता साफ करने को कहा, तो विवाद बढ़ गया।

**बड़ा सवाल :** ट्रंप की यह नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी मुहिम या दुनिया में अमेरिकी प्रभुत्व को और मजबूत करना है?

मादुरो को अगवा करने पर पेट्रो ने कहा था कि यह लैटिन अमेरिका की संप्रभुता पर हमला, इससे मानवीय संकट पैदा होगा

# अब कोलंबिया के राष्ट्रपति की बारी, ट्रंप ने धमकी दी-गुस्तावो पेट्रो 'सावधान' रहें

*ट्रंप अब क्यूबा के खिलाफ भी एक्शन ले सकते हैं। मेक्सिको के बारे में उनका मानना है कि उसे ड्रग कार्टेल चला रहे हैं। इसलिए, उनको भी खत्म करना होगा*



डोनाल्ड ट्रंप | गुस्तावो पेट्रो

**नईदिल्ली।** अमेरिका ने वेनेजुएला पर एयरस्ट्राइक कर वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मादुरो को न्यूयॉर्क की एक जेल में रखा गया है। डोनाल्ड ट्रंप की इस कार्रवाई से लैटिन अमेरिकी देशों की टेंशन बढ़ गई है। इन देशों ने अमेरिका की इस सैन्य कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को सरेआम धमकी दी है। ट्रंप ने पत्रकारों से बात करते हुए पेट्रो के बारे में कहा कि वह कोकीन बना रहे हैं और उसे संयुक्त राज्य अमेरिका भेज रहे हैं इसलिए उन्हें सावधान रहना होगा। अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक मादुरो का नाम लिए बिना पेट्रो ने वॉशिंगटन की कार्रवाई को लैटिन अमेरिका की संप्रभुता पर हमला बताया था। कोलंबियाई राष्ट्रपति ने कहा था कि इससे मानवीय संकट पैदा होगा। गुस्तावो पेट्रो, ट्रंप द्वारा कैरिबियन में कथित मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले जहाजों से निपटने के लिए किए गए सैन्य तैनाती के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि मादक पदार्थों के खिलाफ अपनी रणनीति के तहत वे कोलंबिया में मादक पदार्थों के उत्पादन की प्रयोगशालाओं पर हमला करने से इनकार नहीं करेंगे। यूएस राष्ट्रपति के इस बयान की पेट्रो ने आक्रमण के खतरे के रूप में निंदा की थी। ट्रंप ने कहा कि पश्चिमी गोलार्ध में अमेरिकी प्रभुत्व पर अब कोई सवाल नहीं उठेंगे। हम अच्छे पड़ोसियों से घिरे रहना चाहते हैं। हम स्थिरता से घिरे रहना चाहते हैं।

**मादुरो को न्यूयॉर्क की एक जेल में रखा गया**



वेनेजुएला में प्रदर्शन करते नागरिक

» *ट्रंप की इस कार्रवाई से लैटिन अमेरिकी देशों की टेंशन बढ़ गई*

» *कोलंबिया को पहले ही ट्रंप निशाना बनाने की चेतावनी दे चुके है*

### मेक्सिको और क्यूबा को भी धमकाया

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने संकेत दिया कि क्यूबा ट्रंप प्रशासन का अगला निशाना हो सकता है। वेनेजुएला और क्यूबा दोनों को लेकर लंबे समय से चिंतित रहे रुबियो ने कहा कि अगर मैं हवाना में रहता और सरकार में होता तो मैं कम से कम थोड़ा तो चिंतित होता। ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको के साथ कुछ न कुछ करना ही होगा। राष्ट्रपति क्लाउडिया शाइनबाम एक अच्छी महिला हैं, लेकिन वह देश नहीं चला रही हैं। मेक्सिको को कार्टेल चला रहे हैं।

### भारत पर इस घटनाक्रम का क्या असर?

#### वेनेजुएला में तेल उत्पादन बढ़ा सकती है ओएनजीसी

भारत कभी वेनेजुएला में कच्चे तेल का प्रमुख उत्पादक देश था, जो एक समय वेनेजुएला से रोजाना करीब चार लाख बैरल से अधिक कच्चे तेल का आयात करता था। हालांकि वेनेजुएला पर कड़े अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने 2022 में लैटिन अमेरिकी देश से तेल खरीद बंद कर दिया था। भारत की प्रमुख तेल उत्पादक कंपनी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, पूर्वी वेनेजुएला में सैन क्रिस्टोबल तेल क्षेत्र का संयुक्त रूप से संचालन करती है, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी, उपकरण और सेवाओं तक पहुंच बाधित हो गई।

### भारत ने कहा- हालात चिंताजनक, बातचीत से हो समाधान

वेनेजुएला में हालिया राजनीतिक और सुरक्षा घटनाक्रम को लेकर भारत ने गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा व भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों से अपील करता है कि वे मौजूदा मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से संवाद के माध्यम से करें, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि किसी भी तरह की हिंसा या टकराव से हालात और बिगड़ सकते हैं। काराकास स्थित भारतीय दूतावास वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करता रहेगा।

### जाति प्रमाण-पत्र संदिग्ध होने की शिकायत

## जाति प्रमाण-पत्र पर भाजपा पार्षद को एसडीएम ने जारी किया नोटिस

**भोपाल।** वार्ड-31 की भाजपा पार्षद बृजुला सचान को एसडीएम ने जाति प्रमाण-पत्र की एक शिकायत को लेकर नोटिस जारी किया है। नोटिस पर 23 जनवरी को दोपहर 3 बजे स्वयं या उनके द्वारा अधिवक्ता की उपस्थिति की बात कही गई है। जवाब नहीं देने की स्थिति में एक तरफा कार्रवाई किए जाने की बात भी नोटिस में लिखी है। उनके निर्वाचन के दौरान जाति प्रमाण-पत्र को लेकर कोलार निवासी शैलेष सेन ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसी शिकायत के आधार पर एसडीएम अर्चना शर्मा ने पार्षद को नोटिस जारी किया है। प्रियंका नगर कोलार निवासी सेन ने जो शिकायत की है, उसमें पार्षद सचान के जाति प्रमाण-पत्र के संदिग्ध होने का हवाला दिया गया। इस मामले में एसडीएम ने 23 जनवरी को दोपहर 3 बजे पार्षद या फिर उनके द्वारा नियुक्त अधिवक्ता को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।



बृजुला सचान

**23 जनवरी को जवाब देने किया तलब, वरना एक पक्षीय होगी कार्रवाई**

### ग्वालियर में आंबेडकर पोस्टर विवाद

## एडवोकेट अनिल मिश्रा व 3 साथियों को कोर्ट से झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

**आज जमानत पर फिर सुनवाई**

बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का पोस्टर जलाने के विवाद में गिरफ्तार एडवोकेट अनिल मिश्रा और उनके तीन साथियों को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रविवार को हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच ने सुनवाई की, लेकिन इनकी जमानत पर फैसला नहीं हो सका। अब मामले में सोमवार, 5 जनवरी को फिर सुनवाई होगी। मामले में अनिल मिश्रा और उनके तीन साथियों को जेल भेज दिया गया है।

वहीं, कोर्ट ने भी फरियादी को नोटिस भेजा है। आंबेडकर का पोस्टर जलाने को लेकर अनिल मिश्रा समेत 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। 2 जनवरी को कोर्ट से जमानत नहीं मिलने पर चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। तीन आरोपियों को ग्वालियर सेंट्रल जेल की पीएमटी बैरक में रखा है, जबकि एडवोकेट अनिल मिश्रा को हेल्थ इश्यू के चलते जेल के अस्पताल में एडमिट किया गया।



अनिल शर्मा

### विदिशा में छेड़छाड़ रोकने पर हत्या

## युवक को बदमाशों ने चाकू से गोदा, सीसीटीवी फुटेज वायरल



शुभम चौबे (मृतक)

**आरोपियों की पहचान कर रही पुलिस**

**विदिशा।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में एक युवक की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि युवती से छेड़छाड़ का विरोध करना नंदू उर्फ शुभम चौबे (22) को भारी पड़ गया। हमलावरों ने उसे कई बार चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह खूनी वारदात इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घायल शुभम को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुभम एयर कंडीशनर रिपेयरिंग का काम करता था और अपने परिवार का सहारा था। पुलिस के अनुसार करैया खेड़ा रोड निवासी चुन्नी और उसके साथियों ने कुछ दिन पहले एक युवती से छेड़छाड़ की थी। शुभम चौबे ने इसका विरोध किया था। शनिवार रात करीब 8 बजे आरोपी चुन्नी अपने साथियों के साथ बाइक से इंद्रप्रस्थ कॉलोनी पहुंचा। उन्होंने शुभम को घर से बाहर बुलाया और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए।

### राजगढ़ में आवारा कुत्ते का हमला

## पांच साल के भाई को बचाने कुत्ते से जा भिड़ी बड़ी बहन

**भाई के सिर पर खून रोकने टी-शर्ट उतारकर बांधी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़/खिलचीपुर

नगर में रविवार सुबह एक आवारा कुत्ते के हमले में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। अपने 5 वर्षीय भाई क्रिश को बचाने के लिए 8 वर्षीय लीजा कुत्ते से भिड़ गई। वह करीब तीन मिनट तक कुत्ते से लड़ती रही। इस दौरान कुत्ते ने लीजा पर भी हमला किया। क्रिश के सिर से लगातार खून बहता देख लीजा ने तुरंत अपनी टी शर्ट उतारकर उसके सिर पर लपेट दी ताकि रक्तस्राव को रोका जा सके। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



अस्पताल में परिवार के साथ बच्चे

## इंदौर दूषित पानी मामले में प्रदेश भर में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**दूषित पानी से अब तक 16 मौतें**



उज्जैन में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**भाजपा विधायकों और सांसदों के बंगले के बाहर घंटा लेकर पहुंचे**

*इंदौर। शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 16 मौतें हो चुकी हैं। 150 लोग अभी भी अस्पतालों में भर्ती हैं। रविवार को कांग्रेस ने प्रदेश भर में भाजपा विधायकों और सांसदों के बंगले के बाहर घंटा लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कटनी में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के बंगले के बाहर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक और नारेबाजी हुई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ता भोपाल में भाजपा सांसद आलोक शर्मा के बंगले के बाहर घंटा बजाते हुए पहुंचे। यहां रघुपति राघव राजाराम... भजन गाया।*

### वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में बिहार के राज्यपाल ने कहा

## भारत के पास शांति और एकात्म का संदेश लेकिन हम उसे दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुंचा नहीं पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर


चौथी वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि दुनिया में जारी खून-खराबे और हिंसा के लिए हम खुद काफी हद तक जिम्मेदार हैं। भारत के पास शांति और एकात्म का संदेश है, लेकिन हम उसे दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुंचा नहीं पाए। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा को निंदनीय बताते हुए कहा कि यह मानव संवेदना और करुणा का मामला है। इससे पहले राज्यपाल के आगमन पर मानस भवन में राम-राम भजन से उनका स्वागत किया गया। राज्यपाल ने कहा कि पूरी दुनिया शांति चाहती है, लेकिन इतिहास बताता है कि हर दौर में इंसानी खून सस्ता समझा गया। वर्ष 1948 में मानवाधिकारों की अवधारणा आई, जिसमें मानव प्रतिष्ठा को मूल आधार माना गया, लेकिन व्यवहार में हम आज भी खुद को दूसरों से श्रेष्ठ मानते हैं। मैं सही हूं, बाकी सब गलत, यही सोच हिंसा को जन्म देती है। प्रभु श्रीराम भारत की एकात्मता के प्रतीक हैं। जब हम हर व्यक्ति में दिव्यता देखेंगे, तभी वास्तविक एकता संभव होगी।



» *बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा को निंदनीय बताया*

### मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने के बाद तनातनी

## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगी बांग्लादेश की टीम, आईसीसी से श्रीलंका में मैच कराने को कहा



मुस्तफिजुर रहमान

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने फैसला किया है कि वह टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद उस वक्त से गरमा गया है जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करने कहा था। अब बीसीबी की तरफ से इस पूरे मुद्दे को लेकर बयान जारी किया गया है।

**बांग्लादेश को चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है**



बांग्लादेश की टीम

**खेल मंत्रालय ने बीसीबी को दिए थे निर्देश**

इससे पहले, बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री ने बीसीबी को निर्देश दिया था कि वह आईसीसी से बांग्लादेश के मुकाबले श्रीलंका में आयोजित करने की मांग उठाए। बांग्लादेश के खेल मंत्रालय का मानना है कि मुस्तफिजुर को बाहर करने के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

बांग्लादेश की एक और गीदड़भभकी...

### आईपीएल के प्रसारण पर रोक की तैयारी

मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद बांग्लादेश ने भारत में हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप के बहिष्कार की धमकी दी है और अब आईपीएल को लेकर बांग्लादेश बड़ा कदम उठा सकता है। दरअसल, टी स्पोर्ट्स के पास 2027 तक बांग्लादेश में आईपीएल के प्रसारण अधिकार है। यह डील 2023 में वायकॉम18 के साथ की गई थी। अब इस पर रोक लगाने की तैयारी हो रही है। अब इस मामले में बांग्लादेश सरकार भी कूद पड़ी है और देश में आईपीएल 2026 के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने पर विचार किया जा रहा है।

# यह लोकतंत्र नहीं, झुंडशाही बन गया, पहले वोट चोरी होती थी, अब उम्मीदवार ही चुरा ले रहे

## रिटर्निंग अधिकारियों के कॉल रिकॉर्ड सार्वजनिक करें

**चुनाव से पहले ठाकरे बंधुओं की ललकार**

उद्धव और राज ठाकरे ने धांधली के लगाए आरोप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों से पहले महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर सत्ताधारी गठबंधन और चुनावी प्रक्रिया पर तीखा हमला बोला। इस दौरान दोनों नेताओं ने जल्द ही अपना संयुक्त चुनावी घोषणा पत्र जारी करने की घोषणा भी की। उद्धव ने कहा अब यह लोकतंत्र नहीं रहा, यह झुंडशाही बन चुका है। पहले वोट चोरी होती थी, अब उम्मीदवार ही चुरा लिए जा रहे हैं।



घोषणा पत्र जारी करते ठाकरे बंधु

**चुनाव आयोग को खुली चुनौती दी**

उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, वे खुद को पौराणिक उपलब्धियों से जोड़ते हैं, लेकिन वर्षों पहले समुद्र में पूजा करने के बावजूद छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा आज तक सामने नहीं आई। उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग को खुली चुनौती देते हुए कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारियों के कॉल रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएं, ताकि सच सामने आ सके।

### स्पीकर नार्वेकर पर गंभीर आरोप लगाए

उद्धव ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का खुलेआम उम्मीदवारों और मतदाताओं को धमकाना बेहद चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि राहुल नार्वेकर को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। उद्धव ने आरोप लगाया कि विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा के बाहर अधिकारियों को नेताओं की सुरक्षा हटाने का निर्देश नहीं दे सकते।

### राज बोले- अब भाजपा चुप क्यों?

राज ठाकरे ने कहा कि भाजपा ने बंगाल में निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन अब महाराष्ट्र में वह इस पर चुप क्यों है? राज ठाकरे ने चेतावनी देते हुए कहा कोई भी सत्ता स्थायी नहीं होती। जो सोचते हैं कि वे कभी सत्ता से बाहर नहीं होंगे, उन्हें फिर से सोचना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र को उत्तर प्रदेश और बिहार की राह पर ले जाया जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र ने हमेशा देश को दिशा दिखाई है।

### ठाकरे बंधुओं का घोषणापत्र

## 100 यूनिट तक फ्री बिजली, 10 रुपए में देंगे खाना और नाश्ता


उद्धव और राज ठाकरे ने मुंबई नगर निगम चुनावों के लिए अपना संयुक्त घोषणापत्र जारी किया। ठाकरे बंधुओं ने मुंबई की जनता के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उद्धव और राज ठाकरे द्वारा मुंबईकर के लिए जारी किए गए इस घोषणापत्र में टैक्स माफी का भी जिक्र है। जिसके अनुसार अब 700 वर्ग फीट तक के घरों पर प्रॉपर्टी टैक्स पूरी तरह माफ किया जाएगा। 10 रुपए में खाना और बेक्रफास्ट दिया जाएगा। हर एक वार्ड में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। मुंबई नगर निगम में खाली पदों को भरा जाएगा। नगर निगम के स्कूलों को बिल्डरों के हाथों में नहीं जाने दिया जाएगा। मुंबई नगर निगम बाबासाहेब आंबेडकर के नाम पर दुनिया की सबसे बड़ी लाइब्रेरी बनाएगा। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। पानी की कीमतें स्थिर रखकर मुंबई वासियों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसमें राजधानी से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। यह सत्र 8 जनवरी तक चलेगा। विधानसभा भवन फिर राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा,जहां जनप्रतिनिधि कई मुद्दों को सदन में उठाएंगे। इस दौरान सरकार सदन में 3 अहम कैग रिपोर्ट भी पेश करेगी।



### घोखाधड़ी में वृद्ध से 7.12 करोड़ की ठगी

**हैदराबाद।** हैदराबाद में मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी करने वाले जालसाजों ने 81 वर्षीय एक व्यक्ति को मादक पदार्थ तस्करी रैकेट में शामिल होने की धमकी देकर 'सत्यापन' के बहाने उससे 7.12 करोड़ रुपए ठग लिए। साइबर ठगों ने पीड़ित को फोन किया और खुद को एक कूरियर कंपनी का प्रतिनिधि बताया।



### सड़क हादसे में गई जान 36 लाख मुआवज़ा दें

**ठाणे।** ठाणे के मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम को सड़क हादसे में मारे गए एक शख्स के परिवार को 36.31 लाख का मुआवज़ा देने का निर्देश दिया है। एमएसआरटीसी की बस और बाइक की आमने-सामने की टक्कर के बाद शख्स की मौत हो गई थी। न्यायाधिकरण ने इसके लिए बस चालक को जिम्मेदार माना।




### अवैध खदान में चट्टान गिरी, 2 की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में पत्थर की एक अवैध खदान में चट्टान गिरने से कम से कम 2लोगों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार शाम मोटांगा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास स्थित खदान में उस समय की है जब कुछ मजदूर पत्थरों की खुदाई और उन्हें निकालने का काम कर रहे थे। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



### गुवाहाटी में होगा कपड़ा मंत्रियों का सम्मेलन

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में गुरुवार से कपड़ा मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का विषय 'भारत का कपड़ाः बुनाई विकास, विरासत और नवाचार' है। 2 दिनी सम्मेलन राज्य सरकार के सहयोग से कपड़ा मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक कपड़ा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है।



---

## काशी में वॉलीबॉल महाकुंभ का पीएम मोदी ने किया शुभारंभ

# जीत हमारे अकेले की नहीं होती, सशक्त टीम से ही सभी चख सकेंगे जीत का स्वाद

**नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव से की शुरुआत**

### सीएम योगी की मौजूदगी में वर्चुअल रूप से जुड़े प्रधानमंत्री



**बनारस के जानल चाहत हउआ त बनारस आवे के ...**

पीएम मोदी ने कहावत के माध्यम से लोगों के साथ ही खिलाड़ियों को सीख भी दे दी



वर्चुअली नेताओं और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/वाराणसी

यहां के सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। दोपहर 12 बजे आयोजन में जब पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअल रूप से जुड़े तो पूरा स्टेडियम हर-हर महादेव के नारे से गूंज उठा। वहीं, पीएम मोदी ने नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव के जयघोष के साथ स्टेडियम में मौजूद खिलाड़ियों, उनके कोच और कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने वॉलीबॉल खिलाड़ियों से कहा कि एक कहावत है कि बनारस के जानल चाहत हउआ त बनारस आवे के पड़ी... अब आप सभी बनारस आ गए हैं तो यहां की संस्कृति को भी समझ जाएंगे। आप सभी को यहां उत्साह बढ़ाने वाले दर्शक मिलेंगे। वॉलीबॉल हमें टीम फर्स्ट का संदेश देती है, सभी प्लेयर्स अपनी टीम के लिए खेलते हैं। यह खेल हमें सिखाता है कि कोई भी जीत हमारे अकेले की नहीं होती है। टीम की जीत से सभी जीतते हैं। हमारे देश में भी (इंडिया फर्स्ट) की भावना है। सुबह 11:00 बजे तक सिगरा स्टेडियम में वॉलीबाल खिलाड़ियों के साथ भाजपा नेता और कार्यकर्ता जुट गए थे।

### देशभर के खिलाड़ी जुटे

सीएम योगी के आगमन और वर्चुअल रूप से पीएम मोदी को देखने के लिए आतुर भाजपा कार्यकर्ता मोदी-योगी जल्दी आवा व हर हर महादेव के नारे लगा रहे थे। योगी जब सिगरा स्टेडियम पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। काशी में पहली बार इस तरह के वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में देश भर से 58 टीमें भाग ले रही हैं। आयोजन के लिए स्टेडियम को रंग-बिरंगे फ्लैग, चैंपियनशिप के बैनर , होर्डिंग से सजाया गया था।

### पहले खेला जाता था भ्रष्टाचार का खेल

योगी ने कहा कि देश के खिलाड़ी जब एशियन गेम्स व कॉमन वेल्थ गेम्स में प्रतिभाग करने जाते हैं तो प्रधानमंत्री उनसे बात करते हैं। पहले तो भ्रष्टाचार का खेल भी खेला जाता था।

### भाजपा कार्यकर्ता भी जुटे

योगी का मंच पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और महापौर अशोक तिवारी ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इसके बाद वंदे मातरम... गीत गया गया। योगी के साथ विधायक रवींद्र जायसवाल, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. नीलकंठ तिवारी, हंसराज विश्वकर्मा भी थे।

### 'राष्ट्रमंडल सम्मेलन' का उद्घाटन करेंगे पीएम

प्रधानमंत्री 15 जनवरी को राष्ट्रमंडल देशों के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का उद्घाटन कर सकते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 14 से 17 जनवरी तक संविधान सदन के 'सेंट्रल हॉल' में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 4दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। सम्मेलन का मुख्य ध्यानाकर्षण संसदों के कामकाज में एआई और सोशल मीडिया के उपयोग पर रहेगा। सम्मेलन के दौरान 'संसद में एआईः नवाचार, निगरानी और अनुकूलन में संतुलन', 'सोशल मीडिया और सांसदों पर इसका प्रभाव' तथा 'संसद सदस्यों और संसदीय कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण' पर सत्र होंगे।

---

### कांग्रेस ने 5 राज्यों के लिए चयन समिति बनाई

## प्रियंका को असम की तो हरिप्रसाद को मिली बंगाल की जिम्मेदारी

वेणुगोपाल ने की चयन समितियों की घोषणा





प्रियंका गांधी और हरिप्रसाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा को आगामी असम विधानसभा चुनावों के लिए प्रत्याशी चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार रात उन 5राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चयन समितियों की घोषणा की, जहां इस साल के पहले 6 महीनों में चुनाव होने वाले हैं।पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए चार सदस्यीय समितियां बनाई गई हैं।

इनका मुख्य कार्य चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देना होगा। प्रियंका गांधी वाड्रा असम समिति का नेतृत्व करेंगी। कांग्रेस भाजपा को सत्ता से हटाने का प्रयास कर रही है। उनके साथ लोकसभा सांसद इमरान मसूद, सप्तगिरी शंकर उलाका और सिरिवेल्ला प्रसाद को असम समिति का सदस्य बनाया गया है।

### मधुसूदन होंगे बंगाल चयन समिति के प्रमुख

अन्य राज्यों की बात करें तो वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री केरल के लिए चयन समिति के प्रमुख होंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए समिति की अध्यक्षता करेंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद को चयन समिति का प्रमुख बनाया गया है। संबंधित राज्यों के प्रभारी महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता भी अपने-अपने राज्यों की समितियों के पदेन सदस्य होंगे।

### मार्च-अप्रैल में असम में चुनाव संभावित

असम की 126 सीटों वाली विधानसभा के लिए चुनाव इस साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। पिछले महीने कांग्रेस ने वाम दलों और कई क्षेत्रीय पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के लिए एक साझा मंच तैयार किया था। वर्तमान में असम विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा के पास 64 सीटें हैं, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के पास 26 विधायक हैं। बाकी बची अन्य सीटें स्थानीय पार्टियों के पास है।

---

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक

## संघ प्रमुख वृंदावन में विस्तार और घटनाओं पर करेंगे मंथन

एजेंसी ▶▶ मथुरा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में भाग लेने के लिए रविवार सुबह भोपाल से रेल मार्ग द्वारा वृंदावन स्थित केशवधाम पहुंचे। वे 7 दिन के प्रवास पर रहेंगे। भारत माता के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ संघ प्रमुख की अध्यक्षता में बैठक की शुरुआत हुई। बैठक के पहले दिन 4 सत्र आयोजित होंगे। केंद्रीय कार्यकारिणी के 38 पदाधिकारी संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से संघ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को संगठन से जोड़ने के तरीकों पर विचार किया जाएगा। पलायन की समस्या, सामाजिक समरसता, पड़ोसी देशों में हो रही हलचल और हिंसक घटनाओं जैसे विषयों पर भी मंथन होगा।

### एम्स की 'आश्रय' पहल

## संवेदनशील,गरिमापूर्ण स्वास्थ्य सेवा यहां सुनिश्चित की जा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



यहां स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने रोगी देखभाल को नई दिशा देते हुए एक ऐसी पहल शुरू की है, जो अस्पताल की चारदीवारी से बाहर भी संवेदनशील और गरिमापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करती है। केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के सहयोग से शुरू की गई 'आश्रय' सुविधा उन मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए राहत बनकर उभरी है, जिन्हें ओपीडी सेवाओं के लिए अक्सर रातभर अस्पताल के बाहर इंतजार करना पड़ता था। एक एम्स में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज दूर-दराज़ से पहुंचते हैं। ऐसे में पंजीकरण से पहले कतारें और इंतजार चुनौती रही है। इसी के समाधान के तौर पर 'आश्रय' सुविधा को विकसित किया गया है, अब रात के समय एम्स पहुंचने वाले मरीजों की पहचान की जाती है और उन्हें पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक शटल बसों के माध्यम से 'आश्रय' केंद्र तक ले जाया जाता है।

## 500 दोपहिया वाहन हो गए खाक



**त्रिशूर रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में आग**

त्रिशूर। केरल के त्रिशूर में रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में रविवार को आग लग जाने से लगभग 500 दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए। अग्निशमन एवं बचाव सेवा के अधिकारी ने बताया कि पार्किंग क्षेत्र में सुबह 6 .20 बजे आग लगी और इस संबंध में अग्निशमन विभाग को 6 .40 बजे जानकारी मिली। सुबह करीब 7 .45 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

---

### सीबीएसई देश के बड़े संस्थानों में एक्सपोजर दौरा कराएगा

# 22 से 30 जनवरी तक प्राचार्य सीखेंगे कौशल विकास

## नई शिक्षा नीति के तहत कौशल और व्यावसायिक शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिलेली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध स्कूलों के प्राचार्यों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में कौशल, अनुभव आधारित शिक्षा और उभरते शैक्षणिक ट्रेंड्स से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। इसके लिए सीबीएसई देश के चुनिंदा संस्थानों में प्राचार्यों का एक्सपोजर दौरा कराएगा। यह दौरा 22 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित है। इसमें भाग लेने के लिए प्राचार्यों को पंजीकरण कराना होगा। सीबीएसई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप अपने संबद्ध स्कूलों में कौशल और व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है। बोर्ड ने 2वर्ष पहले प्राचार्यों के लिए एक्सपोजर विजिट योजना शुरू की थी, जिसके तहत देश के नामचीन संस्थानों का चयन किया जाता है।

**देश के 5 संस्थानों का किया चयन**

### मुंबई, पंजाब, असम, झारखंड और बंगाल बनाए गए केंद्र



सीबीएसई

चयनित संस्थानों में मुंबई की एटलस स्किल टेक यूनिवर्सिटी, पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, असम स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, झारखंड का बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और पश्चिम बंगाल स्थित फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट शामिल हैं।

**एक्सपोजर विजिट और कौशल शिक्षा पर फोकस**

इन एक्सपोजर विजिट्स का उद्देश्य स्कूल प्राचार्यों को बेस्ट प्रैक्टिस से सीधे तौर पर परिचित कराना, कौशल और वोकेशनल शिक्षा को मुख्यधारा की पढ़ाई से जोड़ने में मदद करना तथा इंटरैक्टिव और शिक्षण पद्धतियों की समझ विकसित करना है।

### कौशल बोध सीरीज प्रिंट कर सकेंगे डाउनलोड

कौशल शिक्षा के लिए सीबीएसई की पाठ्यपुस्तकें प्रिंट रूप में उपलब्ध हैं। इन्हें एनसीईआरटी की वेबसाइट के साथ-साथ सीबीएसई की एकेडमिक वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। मालूम हो कि सीबीएसई की ओर से पहले स्पष्ट किया जा चुका है कि कौशल शिक्षा लागू करने के बाद स्कूल को साल के अंत में कौशल मेला आयोजित करना चाहिए।

### बंगाल के बाद अब शाह पहुंचे तमिलनाडु

## रणनीति और एजेंडा तय करेंगे यहां विवादों को भी निपटाएंगे

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



शाह पोंगल उत्सव में भी भाग लेंगे

पश्चिम बंगाल में संगठनात्मक एकता को बढ़ावा देने और भाजपा का एजेंडा तय करने के बाद गृह मंत्री अमित शाह एक अन्य चुनावी राज्य तमिलनाडु में होंगे। शाह रविवार से दो दिनों के लिए चुनाव वाले इस राज्य में पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देंगे।

तमिलनाडु में एआईएडीएमके की सहयोगी पार्टी होने के बावजूद, उन्हें कई मुद्दों का सामना कर रहे गठबंधन को दिशा देने में अहम भूमिका निभानी होगी। शाह के कार्यक्रम में पुदुक्कोट्टई में राज्यव्यापी यात्रा के समापन समारोह में शामिल होना शामिल है। इस यात्रा का नेतृत्व भाजपा तमिलनाडु के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने किया था। इसमें तमिल गौरव को बढ़ावा दिया गया था ताकि सत्तारूढ़ डीएमके गठबंधन द्वारा भाजपा को राज्य के मूल्यों के विरुद्ध संगठन के रूप में पेश करने का खंडन किया जा सके। इसके अलावा, वे भाजपा के प्रमुख नेताओं की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और पोंगल उत्सव में भी भाग लेंगे।

## चीन की दो टूक - यूएस अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करे और अन्य देशों की सुरक्षा व संप्रभुता का उल्लंघन बंद करे

# वेनेजुएला पर कार्रवाई करने वाले 'शांति दूत' ट्रंप का पूरी दुनिया में विरोध
# यूएन ने बुलाई आपात बैठक, अमेरिका बोला दुनिया में राज हम ही करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खुद को शांति दूत स्थापित करने में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से वेनेजुएला की व्यवस्थित सरकार को छिन्नभिन्न किया है उसकी विश्व विरादरी जमकर निंदा कर रही है। बीजिंग ने इसे खुले तौर पर 'दादागिरी' करार दिया है, जबकि रूस ने अमेरिका से मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की अपील की है। दोनों देशों ने इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की मांग का समर्थन किया है।

चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम 'हेजेमोनिक एक्शन' है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों का खुला उल्लंघन करता है। मंत्रालय ने कहा कि चीन इस कार्रवाई से गहरी चिंता में है और किसी संप्रभु देश के राष्ट्रपति के खिलाफ बल प्रयोग का कड़ा विरोध करता है। अमेरिका की यह कार्रवाई ना सिर्फ वेनेजुएला की संप्रभुता का उल्लंघन है, बल्कि इससे पूरे लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। चीन ने अमेरिका से मांग की है कि वो अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करे और अन्य देशों की सुरक्षा और संप्रभुता का उल्लंघन बंद करे।

वहीं, रूस ने अमेरिका की इस कार्रवाई को 'सशस्त्र आक्रामकता' करार दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि अमेरिका ने वेनेजुएला पर सैन्य हमला किया है, जो बेहद चिंताजनक और निंदनीय है. मंत्रालय ने कहा कि इस तरह के हमलों को सही ठहराने के लिए दिए जा रहे तर्क पूरी तरह निराधार हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि मौजूदा हालात में सबसे जरूरी है- हालात को और बिगड़ने से रोकना और बातचीत के जरिए समाधान निकालना। रूस ने स्पष्ट किया कि लैटिन अमेरिका को 2014 में घोषित 'शांति क्षेत्र' बना रहना चाहिए और वेनेजुएला को बिना किसी बाहरी, खासकर सैन्य हस्तक्षेप के अपने भविष्य का फैसला करने का पूरा अधिकार है। रूस ने वेनेजुएला की जनता के साथ एकजुटता जताते हुए वहां की बोलिवेरियन सरकार के राष्ट्रीय हितों और संप्रभुता की रक्षा के प्रयासों का समर्थन किया है।

### गिरफ्तारी के दौरान गुड नाइट हैप्पी न्यू इयर कहा था राष्ट्रपति मुदारो ने

### अमेरिकी डेल्टा फोर्स ने मात्र 30 मिनट की कार्रवाई में बना लिया था बंधक

### वेनेजुएला के गार्ड भी कर रहे थे अमेरिका के लिए काम

### यूएस ने दूसरे देशों को चेताया कहा- वे अपनी हद में रहें


बंधक बने मादुरो


प्रदर्शन में अमेरिकी झंडे जलाए गए

### अपने ही घर में घिरे ट्रंप, न्यूयॉर्क से लॉस एंजेलिस तक प्रदर्शन

## मेयर ममदानी ने युद्ध बताया तो कमला ने कहा ये अराजकता है



*वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की नाटकीय गिरफ्तारी ने अमेरिका के भीतर एक भीषण राजनीतिक युद्ध छेड़ दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस सैन्य ऑपरेशन को अपनी सबसे बड़ी जीत बताया, अब वही उनके लिए गले की फांस बनता दिख रहा है। न्यूयॉर्क से लेकर वॉशिंगटन तक, ट्रंप के इस 'बोल्ड' कदम की तीखी आलोचना शुरू हो गई है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी और पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस जैसे दिग्गजों ने इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन और युद्ध जैसा कृत्य करार दिया है। अमेरिका अब दो गुटों में बंट गया है, जहां एक तरफ ट्रंप की ताकत का प्रदर्शन है तो दूसरी तरफ संविधान और सुरक्षा पर उठते गंभीर सवाल। वहीं अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने 3 फरवरी तक वेनेजुएला में मुफ्त इंटरनेट की सुविधा देने का ऐलान किया है। न्यूयॉर्क के नवनियुक्त मेयर जोहरान ममदानी ने शपथ लेने के महज दो दिन बाद राष्ट्रपति ट्रंप को फोन कर हड़कंप मचा दिया। ममदानी ने मादुरो की गिरफ्तारी को एक संप्रभु राष्ट्र पर एकतरफा हमला बताया। उन्होंने ट्रंप को चेतावनी दी कि मादुरो को न्यूयॉर्क की संघीय हिरासत में रखने से शहर की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। मेयर का मानना है कि सत्ता परिवर्तन की यह कोशिश अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है और इससे न्यूयॉर्क में रहने वाले वेनेजुएला मूल के लोगों में भारी आक्रोश पैदा हो सकता है। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ट्रंप प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए इस ऑपरेशन को ₹अवैध और खतरनाक₹ बताया है। हैरिस ने कहा कि इतिहास गवाह है कि सत्ता परिवर्तन और तेल के लालच में शुरू किए गए युद्ध अंत में केवल आर्थिक बोझ और सैनिकों की शहादत का कारण बनते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप के पास इस सैन्य कार्रवाई के बाद का कोई 'एग्जिट प्लान' नहीं है। हैरिस के मुताबिक, इस कदम से अमेरिका मजबूत नहीं, बल्कि और अधिक असुरक्षित हो गया है।*

**3 फरवरी तक वेनेजुएला में मुफ्त इंटरनेट की सुविधा देंगे मस्क**

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा-अमेरिका की खिलाफत करने वालों का यही हाल होगा



*अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो ने सभी देशों को सख्त चेतावनी दी है। मार्को रुबियो का कहना है कि वेनेजुएला के खिलाफ लिया गया एक्शन दुनिया के सभी देशों की सरकारों और नेताओं को एक संदेश हैं कि जो भी अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ काम करेगा, उसका भी यही हाल होगा। ट्रंप के द्वारा वेनेजुएला पर हमले की घोषणा करने के बाद रुबियो ने मीडिया से कहा, मादुरो वेनेजुएला के लिए सही राष्ट्रपति नहीं थे और ये सिर्फ हम नहीं कह रहे हैं। मार्को रुबियो का कहना है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल से लेकर बाइडन और फिर ट्रंप के कार्यकाल समेत यूरोपियन यूनियन समेत कई देश मादुरो को वेनेजुएला के लिए सही नहीं मानते।*

## क्या कहता है अंतरराष्ट्रीय कानून?

*सबसे पहले, अमेरिकी कांग्रेस के पास युद्ध घोषित करने की शक्ति है, जो उसने इस मामले में नहीं की है। दरअसल, ट्रंप की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स ने वैनिटी फेयर को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि अगर ट्रंप वेनेजुएला में किसी भी जमीनी गतिविधि को अधिकृत करते हैं, तो उन्हें कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय कानून संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनुमति या आत्मरक्षा जैसे कुछ सीमित अपवादों को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बल प्रयोग को प्रतिबंधित करता है। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, मादक पदार्थों की तस्करी और गिरोह हिंसा को आपराधिक गतिविधि माना जाता है ।*

### न्यूयॉर्क में चलेगा मादुरो पर मुकदमा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुसार, मादुरो और उनकी पत्नी को कारकस से एक संयुक्त अभियान में पकड़ा गया और अमेरिका लाया गया। उन पर न्यूयॉर्क के साउदर्न डिस्ट्रिक्ट में ड्रग तस्करी और नार्को-आतंकवाद से जुड़े आरोप लगाए गए हैं। ट्रंप ने कहा कि दोनों को अमेरिकी अदालत में पेश किया जाएगा। अमेरिका ने मादुरो की हथकड़ियों में 'पर्प वॉक' का वीडियो भी जारी किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा, जो अपनी खराब और अमानवीय परिस्थितियों के लिए कुख्यात है।

### अमेरिका का समर्थन करने वाले देश

**अर्जेंटीना:-** राष्ट्रपति जेवियर माइली ने अमेरिका का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पर ₹लिबर्टी एडवांसेजर₹ (स्वतंत्रता आगे बढ़ती है) लिखा।

**इक्वाडोर :-** राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने कहा कि ₹नार्को-चाविस्ता अपराधियों₹ के लिए समय आ गया है।

### मादुरो से पहले 3 देशों के राष्ट्रपतियों को पकड़ चुका है अमेरिका

## नोरिएगा को पकड़ा जेल में मौत, सद्दाम को फांसी दी और हर्नांडेज को 45 साल की सजा

*अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को पकड़कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। अमेरिका ने मादुरो पर नार्को-टेररिज्म फैलाने, कोकीन की तस्करी, मशीनगन और विनाशकारी उपकरणों के जरिए अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब अमेरिका ने किसी देश के प्रमुख को सैन्य कार्रवाई के दौरान पकड़ा है। इससे पहले तीन देशों में अमेरिका ने ऐसी ही सैन्य कार्रवाई कर वहां के राष्ट्राध्यक्षों को पकड़ा था। अमेरिका ने 1989 में पनामा पर हमला कर सैन्य नेता मैनुअल नोरिएगा को गिरफ्तार किया था। अमेरिका ने यह हमला इसलिए किया था, ताकि मैनुअल नोरिएगा को पद से हटाया जा सके। अमेरिका ने मैनुअल नोरिएगा पर पनामा में अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा, अलोकतांत्रिक प्रथाएं, भ्रष्टाचार और अवैध ड्रग व्यापार में शामिल बताया था। पनामा पर हमला करने से पहले, अमेरिका ने 1988 में मियामी में नोरिएगा पर ड्रग तस्करी का आरोप लगाया था। नोरिएगा ने 1985 में निकोलस अर्दितो बार्लेटा को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, जिन्हें अमेरिका का करीबी नेता माना जाता था। उन्होंने 1989 में पनामा में आम चुनाव को भी रद्द कर दिया था और अमेरिका विरोधी भावना का समर्थन किया था। मैनुअल नोरिएगा पर मियामी में मुकदमा चलाया गया और 2010 तक जेल में रखा गया। बाद में उन्हें दूसरे मुकदमे के सामना करने के लिए फ्रांस भेज दिया गया।*

### 2017 में पनामा की जेल में हुई थी मौत

फ्रांस ने एक साल बाद मैनुअल नोरिएगा को वापस पनामा भेज दिया। नोरिएगा की 2017 में पनामा की जेल में मौत हो गई, जहां वह अपने अपराधों के लिए सजा काट रहे थे। इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को 13 दिसंबर, 2003 को अमेरिकी सेना ने पकड़ा था। सद्दाम को इराक पर अमेरिकी नेतृत्व वाले हमले और कब्जे के नौ महीने बाद पकड़ा गया था। सद्दाम को उनके गृहनगर तिकरित के पास एक गड्ढे में छिपा हुआ पाया गया था। उन पर एक तथाकथित इराकी अदालत में मुकदमा चला और मौत की सजा सुनाई गई। सद्दाम हुसैन को 30 दिसंबर, 2006 को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए उसे फांसी दे दी गई। अमेरिका ने फरवरी 2022 में होंडुरास में एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज को पकड़ा था। गिरफ्तारी से ठीक पहले जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज होंडुरास के राष्ट्रपति पद से चंद दिनों पहले ही रिटायर हुए थे। उन्हें अमेरिकी सेना ने होंडुरास सेना के साथ एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया था।

### जेलेंस्की ने कहा- मादुरो की तरह पुतिन का भी हो यही हाल?

*वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका की ओर से नाटकीय ढंग से पकड़े जाने के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की का बड़ा बयान सामने आया है। जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर इशारा करते हुए कहा कि वाशिंगटन अब तानाशाहों से निपटने के लिए आगे क्या करना है यह जानता है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब जेलेंस्की से मादुरो की गिरफ्तारी पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा मैं क्या कह सकता हूं? अगर तानाशाहों के साथ ऐसा किया जा सकता है, तो अमेरिका जानता है कि अगला कदम क्या होना चाहिए। उनका यह बयान साफ तौर पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन की ओर संकेत माना जा रहा है।*

### सुरक्षा परिषद की आपात बैठक आज

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार सुबह 10 बजे (स्थानीय समय) आपात बैठक बुलाने की जानकारी दी है। इस महीने के लिए सोमालिया परिषद के घूर्णन अध्यक्ष है। सोमालिया की स्थायी मिशन की प्रवक्ता खादीजा अहमद ने कहा कि बैठक का मकसद वेनेजुएला में की गई कार्रवाई पर चर्चा करना है।

### विरोध करने वाले प्रमुख देश (कड़ी निंदा)

*रूस:-इसे एक संप्रभु राष्ट्र पर सशस्त्र आक्रमण बताया। रूस ने मांग की है कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करे और मादुरो को तुरंत रिहा करे।*

*चीन:-चीन ने इसे कट्टरपंथी और वर्चस्ववादी कृत्य कहा है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वे एक संप्रभु राज्य के खिलाफ बल प्रयोग से स्तब्ध हैं।*

*ईरान:-ईरान ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय शांति का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया है।*

*ब्राजील:-राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने इसे अस्वीकार्य बताया और कहा कि यह लैटिन अमेरिका में हस्तक्षेप के सबसे काले दौर की याद दिलाता है।*

*मेक्सिको और कोलंबिया:-दोनों देशों ने संप्रभुता के उल्लंघन पर चिंता जताई है। कोलंबिया ने शरणार्थियों की संभावित बाढ़ को लेकर अपनी सेना को सीमा पर अलर्ट कर दिया है।*

*क्यूबा:-राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़-कानेल ने इसे राज्य आतंकवाद और वेनेजुएला के लोगों पर आपराधिक हमला कहा है।*

### अमेरिका के वेनेजुएला हमले पर कांग्रेस ने जताई चिंता



कांग्रेस ने अमेरिका के वेनेजुएला पर हमले को लेकर चिंता जताई है। कांग्रेस का कहना है कि अमेरिका की कार्रवाई चिंता का विषय है। इसके साथ ही कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय कानून के स्थापित सिद्धांतों का हवाला देते हुए कार्रवाई की आलोचना की। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस पिछले 24 घंटों में अमेरिका की कार्रवाइयों पर अत्यंत गंभीर चिंता व्यक्त करती है।

### मादुरो की गिरफ्तारी पर शशि थरूर ने जताई नाराजगी



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वैश्विक राजनीति की मौजूदा स्थिति पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर को बीते कुछ वर्षों से लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है और आज दुनिया में 'ताकत ही सही' का सिद्धांत हावी होता जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट में शशि थरूर ने लिखा कि केवल कागजों तक सीमित कर दिया गया है।

### संतुलित रुख रखने वाले देश

*__यूरोपीय संघ:__ ईयू ने सैन्य कार्रवाई का सीधा समर्थन नहीं किया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सम्मान पर जोर दिया।*

*__कनाडा:__ कनाडा ने मादुरो शासन को अवैध माना है लेकिन साथ ही सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है।*

*__जापान और ऑस्ट्रेलिया:__ सैन्य कार्रवाई पर सीधे टिप्पणी करने के बजाय कूटनीतिक समाधान पर जोर दिया है।*

---

### ब्रिटेन-फ्रांस ने सीरिया में की एयर स्ट्राइक

## बमों से उड़ाया आतंकियों का भूमिगत हथियार डिपो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन और फ्रांस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में सीरिया के अंदर आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की है। लड़ाकू विमानों ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप के एक संदिग्ध भूमिगत हथियार डिपो पर बमबारी की। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि इस हमले में किसी आम नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचा है और सभी एयरक्राफ्ट ऑपरेशन के बाद सुरक्षित लौट आए हैं। सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप (दाएश आतंकवादी संगठन) फिर से उभरने की कोशिश में है।



## संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर रवाना हुए सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए हैं। यह यात्रा भारत और यूएई के बीच बढ़ते रणनीतिक एवं रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। दोनों देशों के रक्षा संबंध सशक्त करने की दिशा में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। थलसेना प्रमुख का यह दौरा दोनों देशों के बीच आपसी समझ को गहरा करने, साझा हितों वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तथा द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को व्यापक बनाने पर केंद्रित है। यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी यूएई के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और रक्षा नेतृत्व से मुलाकात करेंगे, जिसके माध्यम से सैन्य-स्तरीय संवाद, संयुक्त प्रशिक्षण, रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की संभावना है।

### राष्ट्र सेवा के लिए तैयार हुए जवान, पासिंग आउट परेड में दिखे

### असाधारण प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को पदक से सम्मानित किया

## श्रीनगरः सरहदों की निगरानी के लिए बीएसएफ को मिल गए 447 नए प्रहरी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

श्रीनगर के हुमहामा बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में 447 रंगरूटों ने पासिंग आउट परेड पूरी कर जवानों के रूप में बीएसएफ में शामिल होकर देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए तैयार हुए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ट्रेनी को पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

■ परेड की कमान रंगरूट कांस्टेबल

श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र हुमहामा स्थित बीएसएफ के सब्सिडरी ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) में युवाओं में देशभक्ति का जज्बा दिखा।मौका था रंगरूटों की पासिंग आउट परेड और सत्यापन समारोह का। इसमें 447 रंगरूट बीएसएफ में शामिल होने के लिए पास आउट हुए। कार्यक्रम में आईजी एसटीसी कश्मीर (बीएसएफ) सोलोमन यश कुमार मिंज मुख्य अतिथि थे।

आईजी मिंज ने रंगरूटों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा की पहली पंक्ति होने के नाते बीएसएफ अपनी स्थापना के बाद से न केवल देश की सीमाओं की प्रभावी ढंग से रक्षा कर रही है बल्कि इसने अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र विरोधी तत्वों को मुहतोड़ जवाब देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।


उत्साहित दिखे जवान


परेड को सलामी देते हुए जवान

### परेड की कमान सुखदीप पांजा ने संभाली

उन्होंने रिक्रूटों को साहस और उत्साह के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। आईजी ने रंगरूटों को उनके जीवन और सेवा में उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने विभिन्न इनडोर और आउटडोर प्रशिक्षण गतिविधियों में असाधारण प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को पदक से सम्मानित किया। बैच 128, 129 और 130 की परेड की कमान रंगरूट कांस्टेबल सुभदीप पांजा ने संभाली। हर बैच के पांच ट्रेनी को बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए ट्रॉफी मिली।बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स व अन्य सिक्योरिटी फोर्सेज के सीनियर अधिकारियों, ट्रेनी के माता-पिता और परिवार वालों ने इस यादगार परेड को देखा।

### रक्षा के लिए मर मिटने के लिए तैयार जवान



पासिंग आउट परेड के बाद बीएसएफ के जवान मृत्युंजय ने कहा कि दिल में देश सेवा की भावना शुरू से थी। अब देश के बॉर्डर की रक्षा करूंगा। एक अन्य जवान अक्षय ने कहा 44 सप्ताह की कड़ी ट्रेनिंग के बाद आज काफी खुशी है। देश के प्रति सेवा करने का सौभाग्य मिला है और देश के लिए मर मिटने के लिए तैयार हैं। बता दें कि लगभग सभी जवानों में एक जैसा जज्बा और उत्साह था।

**44 सप्ताह का किया कठोर प्रशिक्षणः** एक अधिकारी ने कहा कि कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी के बैच 128, 129 व 130 के 447 के रंगरूटों को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विकल्प के तौर पर रखा था।

### प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप और नवाचार आधारित विकास में अंतरराज्यीय सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

# टीआईई ग्लोबल समिट-2026 जयपुर में शुरू, मप्र का तकनीकी और निवेश दृष्टिकोण किया जाएगा प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संरचित साझेदारियों के माध्यम से प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप और नवाचार-आधारित विकास में अंतर-राज्यीय सहयोग को बढ़ाया जाएगा। इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग 4 जनवरी से जयपुर में राजस्थान डिजीफेस्ट-टीआईई ग्लोबल समिट 2026 के 10वें संस्करण में सिल्वर स्टेट पार्टनर के रूप में शुरू हुई है। यह भागीदारी 27 नवंबर को आयोजित एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 के दौरान द इंडस एंटरप्रेन्योर्स (टीआईई) राजस्थान के साथ हस्ताक्षरित समझौते के अनुरूप होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मप्र प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जो उभरते और उच्च विकास वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य के प्रौद्योगिकी एवं निवेश संबंधी दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेंगे। राज्य की प्रस्तुति 5 जनवरी को जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र में आयोजित होगी, जहां मुख्यमंत्री प्राथमिकता प्राप्त प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में वैश्विक निवेशकों तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के समक्ष अवसरों की


प्रतीकात्मक चित्र।

विस्तृत रूपरेखा रखेंगे। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे उच्च स्तरीय राज्य प्रस्तुति देंगे। मुख्यमंत्री इनोवेशन एक्सपो का भ्रमण करेंगे। मप्र पवेलियन का दौरा कर स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स एवं उद्योग प्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री सीईओ, निवेशकों तथा वैश्विक उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ व्यक्तिगत बैठक कर मध्यप्रदेश में रणनीतिक निवेश के अवसरों एवं दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा भी करेंगे।

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सिल्वर स्टेट पार्टनर के रूप में होगी सशक्त भागीदारी

### नवस्थापित एवं प्रगतिशील नीतिगत व्यवस्था का प्रभावी प्रदर्शन

टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में मप्र अपनी नवस्थापित एवं प्रगतिशील नीतिगत व्यवस्था का प्रभावी प्रदर्शन करेगा, जिसमें आईटी एवं आईटी-सक्षम सेवाएं, स्टार्टअप्स, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन एवं विनिर्माण (ईएसडीएम), एवीजीसी-एक्सआर, ड्रोन, वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) तथा अन्य सहायक ढांचे शामिल हैं। ये नीतियां राज्य को अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों, डिजिटल नवाचार तथा उच्च-मूल्य वाले रोजगार सृजन के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने और भारत के टियर-2 शहरों के प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

#### टीआईई जैसे मंच सार्थक वैश्विक जुड़ाव को देते हैं बढ़ावा

*अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने कहा सिल्वर स्टेट पार्टनर के रूप में टीआईई ग्लोबल समिट के साथ साझेदारी कर हम प्रसन्न हैं। भारत का प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता परिदृश्य अब महानगरों से आगे बढ़ रहा है। प्रगतिशील नीतियों, मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे तथा प्रतिभाओं की प्रचुरता के कारण मप्र स्टार्टअप्स, वैश्विक उद्यमों और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनकर उभर रहा है। टीआईई जैसे मंच सार्थक वैश्विक जुड़ाव को बढ़ावा देते हैं। यह साझेदारी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करेगी, विस्तारयोग्य उद्यमिता को समर्थन देगी तथा मप्र के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को वैश्विक बाजारों और निवेशकों से जोड़ेगी।*

## खबर संक्षेप

### भारत का संकल्प पूरा करने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिकाः डॉ. महेंद्र

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने शनिवार को मुरैना भाजपा जिला कार्यालय में सबलगढ़, जौरा, सुमावली एवं मुरैना विधानसभाओं की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त, समर्थ और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे विधानसभा, शक्ति केंद्र और मंडल स्तर तक प्रवास कर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और भाजपा की विचारधारा से हर घर को जोड़ने का कार्य करें। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। यह लक्ष्य तभी साकार होगा जब केंद्र और राज्यों में भाजपा की सरकारें निरंतर बनती रहें। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश का समग्र विकास, गरीब, युवा, महिला और किसान का कल्याण तथा आर्थिक सशक्तिकरण यदि कोई राजनीतिक दल कर सकता है, तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी है। भाजपा की सरकारें हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

### ईसीआई मीडिया अवॉर्ड-2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने वर्ष 2025 में बेस्ट कैम्पेन ऑफ वोटर्स, एजुकेशन एण्ड अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने वाले मीडिया संस्थानों के लिए 4 श्रेणियों में पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया श्रेणी में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### आरएसएस ने आयोजित किया मातृशक्ति संवाद, 'नारी तू ही नारायणी' पर हुई चर्चा

# बेटियों को लव जिहाद के चंगुल से बचाने के लिए पारिवारिक संवाद जरूरी: भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लव जिहाद की रोकथाम के प्रयास सबसे पहले हमारे अपने घरों और परिवारों से शुरू होने चाहिए। यह विचार करना होगा कि हमारे परिवार की बेटी किसी अपरिचित के बहकावे में कैसे आ गई। इसका एक बड़ा कारण आपसी संवाद की कमी है। जब परिवार में नियमित संवाद होगा तो धर्म, संस्कृति और परंपरा के प्रति गौरव स्वाभाविक रूप से विकसित होगा। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने भोपाल में मातृशक्ति संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से भोपाल में स्थित शिवनेरी भवन में शनिवार को स्त्री शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मंच पर प्रांत संघचालक अशोक पांडेय एवं विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मूल भावना "नारी तू ही नारायणी" के भाव को केंद्र में रखकर आगे बढ़ी। लव जिहाद पर बोलते हुए सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि इसके लिए तीन स्तरों पर प्रयास आवश्यक हैं। पहला, परिवार के भीतर निरंतर संवाद। दूसरा, बच्चियों को सावधानी और आत्मरक्षा का संस्कार देना। तीसरा, इस प्रकार के अपराध करने वालों के विरुद्ध प्रभावी निस्तारण। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में कार्यरत संस्थाओं को ऐसी गतिविधियों की जानकारी रखनी चाहिए और समाज को सामूहिक प्रतिकार के लिए खड़ा होना होगा, तभी समाधान निकलेगा।

### कार्यक्रम में सरसंघचालक डॉ. भागवत ने दिया मार्गदर्शन



मातृशक्ति संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. भागवत।


मातृशक्ति संवाद कार्यक्रम में मौजूद मातृशक्ति।

#### कुटुंब व्यवस्था की धुरी है महिला

परिवार में मुख्य भूमिका महिलाओं की होती है। परंपरागत रूप से कमाई और सीमित समय की सुरक्षा पुरुष का कार्य रहा, लेकिन परिवार को संपूर्ण रूप से संभालने का कार्य महिलाओं ने ही किया है। कुटुंब में संतुलन, संवेदना और व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि मुख्य रूप से महिला की होती है। कुटुंब व्यवस्था को प्रभावी बनाने में महिलाओं की भूमिका निर्णायक है।

#### बच्चों पर असंभव लक्ष्य न थोपे

डॉ. भागवत ने बच्चों पर असंभव लक्ष्य थोपने से बचने की सलाह दी और कहा कि बच्चों की रुचि को समझकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीवन में सफलता से अधिक महत्वपूर्ण जीवन की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान और स्थान सुरक्षित होता है, वहां समाज स्वतः ही स्वस्थ रहता है।

### आधुनिकता की आड़ में जो पश्चिमीकरण थोपा जा रहा है, वह एक अंधी दौड़

आधुनिकता की आड़ में जो पश्चिमीकरण थोपा जा रहा है, वह एक अंधी दौड़ है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम बचपन से बच्चों को क्या संस्कार दे रहे हैं, इस पर गंभीरता से विचार करें। महिलाओं को आत्मसंरक्षण के लिए सक्षम बनना चाहिए, क्योंकि हमारी परंपरा महिलाओं को सीमित नहीं बल्कि सशक्त और असाधारण बनाती है।

#### *सामाजिक व्यवस्था महिलाओं के कारण सुरक्षित*

*सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि जब हम सभ्य समाज की बात करते हैं तो उसमें महिलाओं की भूमिका स्वतः ही केंद्रीय हो जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारा धर्म, हमारी संस्कृति और हमारी सामाजिक व्यवस्था महिलाओं के कारण ही सुरक्षित है। अब वह समय चला गया जब महिलाओं को केवल सुरक्षा की दृष्टि से घर तक सीमित रखा जाता था। आज परिवार और समाज दोनों को स्त्री और पुरुष मिलकर आगे बढ़ाते हैं।*

### पुलिस के विशेष अभियान को मिली सफलता

# प्रतिबंधित कफ सिरप और गांजा बेचते चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरप और गांजा की तस्करी करते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक अंतरराज्यीय तस्कर ओडिशा का निवासी भी शामिल है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि महासमुंद से रायपुर की ओर एक पिकअप वाहन में प्रतिबंधित सिरप और मादक पदार्थ ले जाए जा रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम ने आरंग थाना क्षेत्र के लखौली स्थित पुराने टोल प्लाजा के पास नाकेबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर जांच की गई। वाहन में सवार चार लोगों से पूछताछ की गई, जिन्होंने अपने नाम डिलेश्वर मेहर



(ओडिशा निवासी), लेखू सिन्हा, निखिल सिन्हा और योगेश ध्रुव (तीनों रायपुर निवासी) बताए। तलाशी के दौरान वाहन से 1 किलोग्राम गांजा और 75 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप (कोडीन फॉस्फेट) बरामद की गई। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को भी जब्त किया गया। जब्त किए गए मादक पदार्थ और वाहन की कुल कीमत लगभग 6 लाख 38 हजार रुपये आंकी गई है। इस मामले में थाना आरंग में अपराध क्रमांक 08/26 के तहत नारकोटिक एक्ट की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

#### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर में शराब पीने के लिए पैसे मांगने और इनकार करने पर चाकू से वार कर युवक को घायल करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई थाना धरसींवा अंतर्गत चौकी सिलतरा पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार प्रार्थी सागर निषाद ने धरसींवा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 नवंबर 2025 को दोपहर करीब 12 बजे वह अपने दोस्तों के साथ ग्राम धनेली स्थित शीतला तालाब नहाने गया था। इसी दौरान तोरण चन्द्राकर और देवेन्द्र एक्टिवा वाहन से वहां पहुंचे और शराब पीने के लिए उससे पैसे की मांग करने लगे। पैसे देने से इनकार करने पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की और नुकीली वस्तु से हमला कर उसे घायल कर दिया था।

### 'प्रोटेक्ट टुडे एंड सिक्योर टुमारो' के तहत दी गई व्यापक जानकारी

# वन अपराधों को रोकने के लिए कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में अवैध शिकार और अन्य वन अपराधों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए वन विभाग ने अब कानूनी मजबूती पर जोर देना शुरू कर दिया है। कई मामलों में अपराधियों की गिरफ्तारी के बावजूद तकनीकी और कानूनी कमजोरियों के कारण वे सजा से बच निकलते हैं। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा कर्मचारियों के लिए विधिक साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

वन विभाग के इस प्रयास के तहत दिसंबर माह में दुर्ग वनमंडल कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय विधिक साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'प्रोटेक्ट टुडे एंड सिक्योर टुमारो' परियोजना के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यशाला में जिला न्यायालय दुर्ग के काउंसलर चंद्राकर ने



वन एवं वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वनकर्मियों को वन कानूनों की व्यावहारिक समझ देना रहा, ताकि वे प्रकरणों को मजबूत तरीके से तैयार कर सकें और अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। कार्यशाला में भारतीय वन अधिनियम 1927 और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के प्रमुख प्रावधानों पर विशेष चर्चा की गई। आरक्षित और संरक्षित वनों से संबंधित कानूनी प्रक्रियाओं को सरल भाषा में समझाया गया।

#### *'क्या करें और क्या न करें' पर सुझाव*

*इसके साथ ही राजस्व क्षेत्रों में होने वाले वन अपराधों की रोकथाम, विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया और अदालती मामलों में अपनाई जाने वाली सावधानियों पर भी मार्गदर्शन दिया गया। नालसा के विशेषज्ञों ने क्या करें और क्या न करें जैसे व्यावहारिक पहलुओं पर सुझाव दिए, जिससे वनकर्मी न्यायिक प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि से बच सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दुर्ग और धमधा के वन परिक्षेत्र अधिकारी सहित वनमंडल के कार्यपालिक और क्षेत्रीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।*

### शहीद हॉस्पिटल के प्रबंधन पर उठे सवाल, पुलिस कर रही जांच

# हॉस्पिटल के टॉयलेट में मिला नवजात मासूम का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र स्थित शहीद हॉस्पिटल में उस समय हड़कंप मच गया, जब हॉस्पिटल के टॉयलेट में एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिससे अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही दल्लीराजहरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।

पुलिस ने नवजात के शव को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल पाएगा। इस बीच, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।




#### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

इस हृदय विदारक घटना के बाद से शहीद हॉस्पिटल के प्रबंधन की भूमिका पर गंभीर प्रश्न उठाए जा रहे हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर नवजात शिशु का शव हॉस्पिटल के टॉयलेट तक कैसे पहुंचा और इस दुखद घटना में किन लोगों की लापरवाही या संलिप्तता हो सकती है। इस दिशा में जांच को आगे बढ़ाने के लिए, हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### किसान कल्याण और कृषि विकास से जुड़े सभी विभाग परस्पर समन्वय से करें कार्य: डॉ. मोहन

# कृषि वर्ष-2026 में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश में लक्ष्य निर्धारित कर गतिविधियां की जाएं संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कृषि तथा संबद्ध क्षेत्रों में अन्य राज्यों में हो रहे सफल नवाचारों की जानकारी से किसानों को रूबरू कराया जाए। किसानों को कृषि में उन्नत राज्यों और इजराइल तथा ब्राजील जैसे कृषि के क्षेत्र में नवाचार करने वाले देशों की यात्रा कराए। समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए किसान कल्याण, सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास तथा सिंचाई विभाग परस्पर समन्वय से कार्य करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार कृषि वर्ष के तहत कृषि और इससे जुड़े सहायक विषयों से संबंधित विभागों की ओर से तैयार की गई कार्य योजना की समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में समीक्षा के दौरान व्यक्त

#### मुख्यमंत्री ने कृषि वर्ष-2026 में होने वाली गतिविधियों के संबंध में ली बैठक


कृषि कार्यों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री।

किए। उन्होंने कहा कि वर्ष-2026 को प्रदेश में कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में विविध जलवायु जोन, पर्याप्त सिंचाई सुविधा, बेहतर रोड नेटवर्क उपलब्ध है। इसका लाभ लेकर किसानों की आय में वृद्धि और कृषि क्षेत्र में रोजगार सृजन के उद्देश्य आधारित गतिविधियां संचालित कर प्रदेश में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के लक्ष्य को साकार किया जाए।

#### किसानों की आय में वृद्धि और रोजगार सृजन को प्रमुखता से लिया जाए

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि वर्ष-2026 में शुरू की जा रही सभी गतिविधियां तीन साल का लक्ष्य निर्धारित कर संचालित की जाएं। किसानों की आय में वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए कृषि यंत्रीकरण, कृषकों के क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण और भ्रमण कार्यक्रम, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, उद्यानिकी विस्तार, एफपीओ निर्माण आधारित गतिविधियों को प्रमुखता दी जाए। इसके साथ ही सस्ती ब्याज दरों पर ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए माइक्रो इरीगेशन, बेहतर बाजार नेटवर्क, किसानों को उनके उत्पाद का वाजिब मूल्य दिलवाने, पशुपालन तथा मछली पालन जैसी गतिविधियों के लिए कृषकों को प्रेरित करने जैसे प्रयास किए जाएं।*

#### *अनुसंधान, नवाचार, डिजिटल व्यवस्था सुनिश्चित करें*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जलवायु के अनुकूल कृषि प्रबंधन, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, श्रीअन्न उत्पादन के प्रोत्साहन और जैव विविधता तथा परम्परागत कृषि ज्ञान के संरक्षण और प्राकृतिक और जैविक खेती के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार, डिजिटल व्यवस्था सुनिश्चित कर उनकी राष्ट्रीय और वैश्विक उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

#### *सभी जिलों में फूलों की खेती को करें प्रोत्साहित*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में होने वाले गुलाब महोत्सव को पुष्प महोत्सव के रूप में आयोजित किया जाए। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों में उत्पादित होने वाले अन्य फूलों को भी शामिल किया जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष-2028 का इंटरनेशनल रोज़ कॉम्पीटिशन भोपाल में होना प्रस्तावित है। यह भी बताया गया कि सिंहस्थ : 2028 को देखते हुए उज्जैन जिले के 100 एकड़ क्षेत्र में फूलों की खेती को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पराली निष्पादन के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं।

#### *साफ, ग्रेडेड और पैक्ड उपज से बाजारों में बढ़ेगी भागीदारी*

मंडियों के आधुनिकीकरण के लिए भी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। वर्ष 25-26 में 20, वर्ष 26-27 में 19 और वर्ष 27-28 में 42 मंडियों को ई-नाम मंडियों के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। ई-नाम या राष्ट्रीय कृषि बाजार भारत में कृषि वस्तुओं के लिए एक ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है। मंडियों के आधुनिकीकरण से साफ, ग्रेडेड और पैक्ड उपज के कारण उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार होगा।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी आज भी प्रवास पर

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह दो दिवसीय प्रदेश प्रवास पर है। 4 जनवरी को मुरैना, भिंण्ड व ग्वालियर नगर में उन्होंने बैठके की जबकि वे 5 जनवरी को ग्वालियर ग्रामीण जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न जिलों में आयोजित विधानसभाओं की बैठकों को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह कल दिमनी, अंबाह एवं मेहगांव व गोहद की विधानसभा बैठक कर चुके है। वहीं शाम को भिंड पहुंचकर भिंड, अटेर व लहार विधानसभा एवं सहित ग्वालियर पूर्व एवं ग्वालियर दक्षिण विधानसभाओं की बैठकें भी ले चुके है। वे आज सुबह 11 बजे ग्वालियर ग्रामीण की डबरा, भितरवार व ग्वालियर ग्रामीण विधानसभाओं की बैठकों को संबोधित करेंगे।

## पानी के सैंपल में मिले जानलेवा बैक्टीरिया, मल-मूत्र वाला पानी पी रहा मप्र !

# इंदौर ही नहीं जबलपुर में भी नलों से आ रहा दूषित पानी

जबलपुर

इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में सरकारी पानी की सप्लाई से फैली गंभीर बीमारी ने 16 लोगों की जान ले ली है। इस हादसे के बाद से पूरे शहर में मातम का माहौल है। नर्मदा लाइन से सप्लाई हो रहे पानी की जांच में मल-मूत्र जनित पेसाब और जानलेवा बैक्टीरिया मिलने की पुष्टि हुई है। पड़ताल में सामने आया है कि केवल इंदौर ही नहीं बल्कि भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन सहित प्रदेश के लगभग हर शहर में लोग मल-मूत्र मिला हुआ दूषित पानी पी रहे हैं।



### जबलपुर में पेयजल की लाइनें 50 वर्ष पुरानी

जबलपुर नगर निगम की बदहाल पेयजल आपूर्ति व्यवस्था ने शहर के नागरिकों की चिंता भी बढ़ा दी है। क्योंकि शहर में करीब 80 प्रतिशत पेयजल आपूर्ति लाइन नाला-नालियों के नीचे से होकर गुजर रही हैं। जिससे जबलपुर में भी इंदौर जैसे हालात बनने की संभावनाओं को बल मिल रहा है। पानी की डिस्ट्रीब्यूशन लाइन की उम्र वैसे तो 20 साल होती है परंतु अधिकांश लाइनों को 40 से 50 वर्ष तक हो चुके हैं। धनवंतरि नगर, शांतिनगर, इंदिरा मार्केट, रद्दीचौकी, अधारताल, कांचघर, सिद्धबाबा, गौतम जी मढिय़ा गढ़ा सहित अधिकांश क्षेत्रों में नाली-नालियों से गुजर रही जलवितरण लाइन में लीकेज होने शिकायतें आती रहती हैं। सालों से लगातार नाली-नालियों के क्षारीय पानी, धूल, मिट्टी के संपर्क में रहने से पाइपलाइनों में क्षरण चुका है। जिससे जल वितरण पाइपलाइन में लीकेज के कारण गंदगी घुल रही है। यही कारण है कि बरसात में गंदे, बदबूदार पानी की शिकायतें भी आ चुकी है।

### नागरिकों का गुस्सा

धनवंतरि नगर, शांतिनगर, इंदिरा मार्केट, रद्दीचौकी और अधारताल जैसे क्षेत्रों के निवासी नलों से आने वाले गंदे पानी को लेकर भड़के हुए हैं। ₹हम बच्चों और बुजुर्गों के लिए साफ पानी मांग रहे हैं, लेकिन नगर निगम मूकदर्शक बना हुआ है। कई बार शिकायत की, पर हर बार सिर्फ आश्वासन मिला,₹ एक स्थानीय महिला ने बताया।

### नगर निगम की लापरवाही

विशेषज्ञों और नागरिकों का आरोप है कि नगर निगम ने लंबे समय तक पुरानी और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को बदलने में गंभीर लापरवाही बरती है। शहर की लगभग 80% पाइपलाइनें 40-50 साल पुरानी हैं और अधिकांश नालियों के नीचे से गुजर रही हैं। लीकेज के कारण नाले का पानी घरों तक पहुंच रहा है।

### जांच और समाधान

नगर निगम ने कहा है कि पानी के सैंपल की जांच चल रही है और विस्तृत रिपोर्ट आने में 1-2 दिन का समय लगेगा। हालांकि नागरिकों का भरोसा कम हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि बिना तत्काल कदम उठाए, यह संकट और बढ़ सकता है और बीमारियों का फैलाव तेज हो सकता है।

### नागरिकों की मांग

स्थानीय लोग जोर देकर कह रहे हैं कि नगर निगम तुरंत पुरानी पाइपलाइन बदलें, पानी की नियमित जांच कराए और दूषित पानी के कारण होने वाले स्वास्थ्य संकट को रोके।

# कलेक्टर ने किया स्वाधार गृह और वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण




**जबलपुर।** बेघर, बेसहारा और कठिन हालातों का सामना कर रही महिलाओं को आश्रय, चिकित्सा और कानूनी सहायता प्रदान करने तथा व्यवसायिक प्रशिक्षण देकर उनका आर्थिक पुनर्वास करने के उद्देश्य से संचालित किये जा रहे स्वाधार गृह का कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने रविवार की सुबह निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने स्वाधार गृह में निवासरत महिलाओं से चर्चा की तथा उन्हें यहाँ भोजन सहित यहाँ उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बढ़ती ठंड को देखते हुये स्वाधार गृह में समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुये इस ओर और अधिक ध्यान दिये जाने की जरूरत बताई। इंदिरा मार्केट के पीछे जेल रोड स्थित स्वाधार गृह का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एनजीओ के माध्यम से किया जा रहा है। वर्तमान में स्वाधार गृह में करीब 45 महिलाएं निवास कर रही हैं।

कलेक्टर ने स्वाधार गृह के निरीक्षण के बाद हिंसा से पीड़ति महिलाओं को अस्थाई तौर पर सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने घमापुर में संचालित किये जा रहे वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने सेंटर में पीड़ति महिलाओं के प्रकरणों की समीक्षा की तथा केंद्र में संधारित सीसीटीव्ही फुटेज को स्वयं चेक किया। श्री सिंह ने सेंटर के माध्यम से पीड़ति महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही कानूनी, पुलिस एवं चिकित्सा एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी भी ली।

स्वाधार गृह और वन स्टॉप सेंटर के कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह भी मौजूद थे।

# लगातार छठवें रविवार लगा जैविक हाट

जबलपुर

जैविक उत्पादों के प्रति आमजनों में बढ़ती जागरूकता व रूचि को देखते हुए जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से कृषि उपज मंडी जबलपुर परिसर में लगातार छठवें रविवार को साप्ताहिक जैविक हाट का सफल आयोजन किया गया।



जैविक हाट में 25 दुकानों के माध्यम से किसानों द्वारा विभिन्न प्रकार के जैविक उत्पाद रखे गए। जैविक हाट को नागरिकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। जिससे यह निरंतर लोकप्रिय होता जा रहा है। बढ़ती मांग को देखते हुए नए किसान जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे है। जैविक हाट में मझौली के किसान हीरालाल कुशवाहा की गोभी, सोमती बाई की बथुआ की भाजी, खजरी के श्री रघुवीर कृपा गुड़ उद्योग का जैविक गुड़, अर्चना प्राकृतिक कृषि फॉर्म खजूरी पनागर के उत्पाद जैविक दाल, चावल, मोटे अनाज व बर्मी कंपोस्ट आकर्षण का केंद्र रहे। गोदावरी जैविक कृषि फॉर्म कालगोड़ी बरेला के चावल, दाल, बेसन, घी जैसे उत्पादों को भी उपभोक्ताओं द्वारा सराहा गया। ताजी एवं पौष्टिक पत्तेदार सब्जियां भी उपलब्ध रहीं। जैविक हाट का संयुक्त संचालक के एस नेताम एवं उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने अवलोकन किया। जैविक हाट के संचालन में अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमति मनीषा पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे एस राठौर, एम एल जाटव, कृषि विस्तार अधिकारी वृषभान अहिरवार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जैविक हाट में जैविक उत्पाद लाने वाले कृषकों को परिचय पत्र प्रदाय किए गए। कृषकों को बताया गया कि जैविक हाट में अपना परिचय पत्र अवश्य लाएं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर कृषि जिले की 60 बस्तियों में होंगे हिंदू सम्मेलन

जबलपुर




कृषि जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिले की 60 बस्तियों में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाने की योजना बनाई गई है। सुहागी बस्ती में संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के सानिध्य में सभी समाज के भाई-बहनों को संबोधित किया जाएगा। उनके उद्बोधन में समाज के सशक्तिकरण और पांच परिवर्तन के महत्वपूर्ण विषय शामिल होंगे। अन्य 59 बस्तियों में भी इसी प्रकार के विशाल हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। इस उद्देश्य को सफल और समाज उपयोगी बनाने हेतु शांति नगर के जेडीए पार्क में 60 अक्षत कलशों का विधिवत पूजन और अर्चन किया गया। सम्मेलन संचालन टोली के कार्यकर्ताओं को एक-एक कलश का वितरण किया गया, और इसके साथ ही विशाल जन समूह के बीच कलश वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज और समाजसेवी ब्रजकांतजी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए 15 जनवरी से 30 जनवरी तक होने वाले हिंदू सम्मेलनों में भाग लेने का आह्वान किया। सभी बस्तियों में भूमि पूजन के पश्चात वहां भी विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाने की योजना है।

## युवक ने अज्ञात कारणों के चलते लगा ली फांसी

**जबलपुर।** बेलबाग थानांतर्गत फूटाताल निवासी राजेश लोधी के 29 वर्षीय पुत्र आकाश उर्फ अक्कू ने बीती रात अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में कमरे के अंदर साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर आत्यहत्या कर ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर -शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## पावर मैनेजमेंट अस्पताल में पैथोलॉजी जांच शिविर आज

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के अस्पताल में आज 5 जनवरी को एक निजी पैथोलॉजी लेब के सहयोग से कंपनी के कार्मिकों के लिए निःशुल्क पैथोलॉजी जांच शिविर का आयोजन प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक किया गया है। इस जांच शिविर में टीएसएच, टी 3 टी 4 टीएसएच, एचबीए 1सी, लिपिड प्रोफाइल, विटामिन डी, विटामिन बी 12, भारत फिट 5, भारत फिट 6, भारत फिट फीमेल पैकेज व भारत फिट मेल पैकेज जैसी दस पैथोलॉजी जांच की जाएंगी। पावर मैनेजमेंट कम्पनी के कार्मिक व उनके आश्रित उक्त सुविधा का लाभ बिना किसी भुगतान के ले सकेंगे। इस हेतु कंपनी की चिकित्सा पुस्तिका साथ लाना अनिवार्य है। ब्लड शुगर व लिपिड प्रोफाइल जांच के लिए प्रातः खाली पेट आना जरूरी होगा। 6 जनवरी को प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, पावर जनरेटिंग कंपनी व पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्मिक व उनके आश्रित इन पैथोलॉजी जांच को रियायती दर पर करवा सकेंगे।

## सूने मकान को निशाना बनाकर बड़ी चोरी

**जबलपुर।** थाना संजीवनी नगर क्षेत्र अंतर्गत सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। नव निवेश कॉलोनी फेस-2, महाराणा प्रताप वार्ड गंगानगर निवासी 34 वर्षीय श्रीमती पूजा राजपूत ने थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपने बच्चों के साथ रिश्तेदारी में छिंदवाड़ा गई हुई थी, जबकि उनके पति घर में ताला लगाकर अपने काम से मंडला चले गए थे। इसी दौरान पति ने फोन पर सूचना दी कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। छिंदवाड़ा से वापस लौटने पर श्रीमती पूजा राजपूत ने देखा कि मेन गेट सहित अंदर के ताले टूटे पड़े थे। बेडरूम में रखी आलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात—चांदी की 4 जोड़ी बिछिया, 4 जोड़ी पायल, 3 चांदी के सिक्के, सोने की 1 अंगूठी, 1 चेन, 1 मंगलसूत्र (गुरिया व पेंडल सहित), 1 जोड़ी टॉप्स—साथ ही टीवी ड्रॉअर में रखी नगदी गायब थी। अज्ञात चोर मध्यरात्रि घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और लगभग 90 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं बीमा योजनाओं पर फेसबुक लाइव बुधवार 7 जनवरी को

**जबलपुर।** शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों पर आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी कठिनाइयों के निराकरण की कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की नवाचारी पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा फेसबुक लाइव का चौथा कार्यक्रम सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं पर बुधवार 7 जनवरी को शाम चार बजे से होगा। जिला प्रशासन के आधिकारिक फेसबुक पेज ₹कलेक्टर जबलपुर₹ पर प्रसारित होने वाले फेसबुक लाइव के इस कार्यक्रम से जुड़कर जिले के नागरिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही इन योजनाओं से संबंधित अपनी कठिनाइ और जिज्ञासा का समाधान भी प्राप्त कर सकेंगे।

फेसबुक लाइव के इस कार्यक्रम में प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े प्रश्नों का जबाब देंगे। वहीं, लीड बैंक मैनेजर दिवाकर ठाकुर द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से जुड़ी नागरिकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाएगा।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं से जुड़े विषयों पर आम नागरिक अपने प्रश्न कमेंट्स के माध्यम से कर सकेंगे।

# क्लेप 3.0 प्रशिक्षण से युवाओं को मिली नई दिशा



जबलपुर।

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में प्रोजेक्ट CLAP के तहत राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी में 26 से 30 दिसंबर तक CLAP 3.0 का राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। साथ ही CLAP 2.0 की क्लोज़िंग और अनुभव साझा कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन बबलू गोस्वामी (असिस्टेंट डायरेक्टर, प्रोजेक्ट CLAP) और मोनिका मौर्य (सोशल बिहेवियर चेंज ऑफिसर, मध्यप्रदेश यूनिसेफ) के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन, डिजिटल साक्षरता और जीवनोपयोगी कौशल विकास कार्यक्रमों को जिला स्तर पर क्रियान्वित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। सहायक राज्य संगठन आयुक्त (संभाग जबलपुर) ललित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला संघ जबलपुर से 7 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इनमें किरन येवले, शुभांगी तिवारी, शुभम ठाकुर, लुकास जुम्मन, इंद्राक्षी सिंह, ज्योति यादव और अनुष्का नामदेव शामिल थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किरन येवले (यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल), शुभम ठाकुर (डब्ल्यू.ई.एस.ई.सी. स्कूल) और शुभांगी तिवारी (हितकारिणी स्कूल) को विशेष सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, संरक्षक अजय तिवारी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी और अन्य पदाधिकारियों ने टीम के योगदान की सराहना की और शुभकामनाएँ दीं।

## ब्रेल लिपि दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन आज

**जबलपुर।** प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान, जबलपुर के समावेशी शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा लुई ब्रेल जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार 5 जनवरी को विश्व ब्रेल लिपि दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर व्याख्यान होंगे तथा प्रदर्शनी लगाई जायेगी। समारोह प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान के सेमिनार हॉल में सुबह 11:30 बजे से प्रारंभ होगा।

## जैन समाज पर अभद्र टिप्पणी के बाद पुलिस लाठीचार्ज से आक्रोश

जबलपुर

एक मामूली विवाद ने अब बड़े सांप्रदायिक और प्रशासनिक संघर्ष का रूप ले लिया है। शहर के प्रसिद्ध बड़कुल होटल में 'ठंडी भजिया' परोसने को लेकर शुरू हुआ विवाद उस समय हिंसक हो गया, जब होटल मैनेजर ने जैन समाज को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी। इस टिप्पणी से आक्रोशित होकर बड़ी संख्या में समाज के लोग विरोध प्रदर्शन के लिए एकत्रित हुए, जिन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।

शनिवार को जैन समाज के सैकड़ों लोग लाठीचार्ज में घायल हुए साथियों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे। समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाते हुए कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बिना किसी ठोस वजह के लाठियां भांजी गईं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि घायल प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तक से मना कर दिया।

जैन समाज ने दो टूक शब्दों में मांग की है कि लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर निष्पक्ष जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाए। समाज ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा में दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे न्याय के लिए उच्च न्यायालय की शरण लेंगे। हालांकि, पुलिस ने अब तक अभद्र टिप्पणी करने वाले तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन समाज अब पुलिसिया कार्रवाई के विरुद्ध एकजुट है।

## नेशनल कैंप का भव्य समापन

**जबलपुर।** मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी द्वारा आयोजित एक दिवसीय नेशनल कैंप का समापन हुआ। इस कैंप में चयनित एकेडमी के 39 खिलाड़ी 29 से 31 दिसंबर 2025 तक बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में होने वाली 3rd ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। एकेडमी के संस्थापक राजकुमार यादव ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षक झामसिंह तेकाम को मध्यप्रदेश टीम का कोच और एडवोकेट जयराज चौधरी को रेफरी नियुक्त किया गया है। कैंप के समापन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ताइक्वांडो को अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम के अंत में एकेडमी की ओर से सभी खिलाड़ियों को खेल किट, ट्रैक सूट और ताइक्वांडो ड्रेस प्रदान की गई। अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## जबलपुर में मात्र 50% सुरक्षित है पीने का पानी, केन्द्रीय सर्वे की रिपोर्ट

### नालियों से गुजर रही पाइप लाइनें, पिछले 20 वर्षों से नहीं हटाई गईं

**जबलपुर।** केन्द्र शासन द्वारा दिसम्बर 2025 में जारी की गई सर्वे रिपोर्ट के अनुसार जबलपुर में सप्लाई हो रहे पीने का पानी की रिपोर्ट चिंताजनक है, यह मात्र 54.3% सुरक्षित पाया गया। स्पष्ट है कि जबलपुर में सप्लाई हो रहा पीने का पानी लगभग 50 प्रतिशत की मात्रा में दूषित है। पिछले 20 वर्षों से नालियों से गुजर रही पीने के जल की पाइप लाइनें अभी तक हटाई नहीं गई हैं, जबकि इन्हीं पुरानी पाइप लाइनों में बारंबार लीकेज होने से पेयजल दूषित हो रहा है।

लगातार शिकायतों के बावजूद भी स्वच्छ पेयजल प्रदान करने के स्पष्ट निर्देशों की अनदेखी हो रही है, 02 जनवरी 2026 को राज्य सरकार ने पुनः गाइड लाइन जारी की है, किन्तु कार्यगति सुस्त है।

जनसंगठनों ने नगर निगम को नोटिस भेजकर स्पष्ट चेतावनी दी है कि सात दिनों के भीतर सर्वे पूर्ण कर नालियों से गुजर रही पाइप लाइनों को हटाने का ठोस कार्य शुरू नहीं किया गया, तो नगर निगम के समक्ष तीव्र आंदोलन किया जाएगा।

बैठक में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, सुभाष चंद्रा, टीके रायघटक, डीके सिंह, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, डीआर लखरे, गीता पांडे, केसी सोनी, संतोष श्रीवास्तव, एड. जीएस सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## पासी समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 मार्च को

**जबलपुर।** पासी समाज महासंघ की आज आयोजित बैठक में नगर अध्यक्ष डॉ. ऋषि बावरिया ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 मार्च को सदर में आयोजित किया जाएगा। बैठक में तोताराम बावरिया, श्यामसुंदर बावरिया, धनराज बावरिया, जगमोहन बावरिया, एड. विजय पासी, प्रकाश पासी, राजू पासी, संध्या पासी, उर्मिला बावरिया, शीला बावरिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

148 साल बाद संक्रांति पर षटतिला एकादशी का योग, इससे खरीदारी दान-पुण्य से मिलेगा अक्षय लाभ

# सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग के दुर्लभ संयोग में इस बार मनाई जाएगी मकर संक्रांति

हरिभूमि, जबलपुर



सूर्य के धनु राशि से मकर में प्रवेश करने के साथ ही मकर संक्रांति पर्व इस बार 14 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। संस्कारधानी में हजारों की संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान के लिए नर्मदा जी विभिन्न घाट जाएंगे। इस बार मकर संक्रांति पर्व विशेष संयोग में मनाया जाएगा।

पुजारी शिवशंकर ि तवारी ने बताया कि सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने के दिन मकर संक्रांति मनाई जाती है। इसी दिन खरमास भी खत्म होता है और शुभ कार्य फिर से शुरू होते हैं। इस साल मकर संक्रांति 14 जनवरी को माघ मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि पर बुधवार के दिन है। इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग के दुर्लभ संयोग के साथ ही चतुर्ग्रही योग भी बन रहा है। इसमें जहां सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सुबह 7:15 बजे से शुरू होकर अगले दिन दिन सुबह 3:03 बजे तक रहेंगे। तो वहीं इस साल मकर संक्रांति के अवसर पर मकर राशि में सूर्य के साथ-साथ तीन अन्य महत्वपूर्ण ग्रहों की उपस्थिति रहेगी। जब चार ग्रह एक ही राशि में गोचर करते हैं, तो उसे चतुर्ग्रही योग कहा जाता है। इसके साथ ही 148 साल बाद संक्रांति पर षटतिला एकादशी का योग भी देखने को मिलेगा। इस मौके पर विकास संबंधी कार्य और खरीदारी से उन्नति के योग बन रहे हैं।

### सूर्य देव और भगवान विष्णु की कृपा एक साथ

पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि मकर संक्रांति और षटतिला एकादशी का एक साथ आना यह एक दुर्लभ संयोग है, जिसमें सूर्य देव और भगवान विष्णु दोनों की कृपा एक साथ प्राप्त होती है। 14 जनवरी को षटतिला एकादशी है और इसी रात सूर्य मकर राशि में गोचर करेंगे। एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है, जबकि संक्रांति सूर्य देव की उपासना का पर्व है। इस विशेष संयोग में किया गया स्नान, दान और जप सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक फलदायी माना जाता है।

### सूर्य दोष शांति के उपाय

पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि जिन लोगों की कुंडली में सूर्य कमजोर है, उन्हें सुबह स्नान कर तांबे के लोटे से अर्घ्य दें।

### पितृ दोष से मुक्ति के उपाय

पितरों शांत करने के लिए संक्रांति पर सूर्य को जल अर्पित करते लोटे में काले तिल और लाल फूल डालें।

### स्नान-दान का शुभ मुहूर्त

मकर संक्रांति के दिन दान-पुण्य का शुभ समय दोपहर 3:07 से शाम 06:02 बजे तक रहेगा। इस अवधि में दान करना अत्यंत शुभ है।

### ऐसे करें पूजा

जल में काले तिल और गंगाजल मिलाकर स्नान करें। सूर्य देव को तांबे के लोटे से अर्घ्य दें और 'ॐ घृणि सूर्याय नमः' मंत्र का जाप करें।

# जबलपुर की मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो में रचा इतिहास



**जबलपुर।** मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित तीसरी ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया।

एकेडमी के 38 खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए क्योरिंगी, पुमसे और स्पीड किकिंग इवेंट में 39 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। इस उपलब्धि पर संस्थापक राजकुमार यादव ने खिलाड़ियों को फूल-मालाएं पहनाकर और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता से लौटने पर नगर में खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने उनकी सफलता का जश्न मनाया। कोच एवं प्रशिक्षकों ने कहा कि यह सफलता निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है और भविष्य में खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

पदक विजेता खिलाड़ियों में रोशनी बैरागी, रिहान मरावी, खुशी यादव, रेशु सिंह मसराम, मान्या महावर, एडरिन वॉर्नर, शौर्य विरहा, शौर्य विक्रम वीर, अन्विका बोरासी, अंशिका बोरासी, गौरव कश्यप, मानवराज यादव, मानवी यादव, राज चक्रवर्ती, इशान दुबे, सतेन्द्र बरकडे, कार्तिक बर्मन, रमन मेहरा, दीपा रघुवंशी, राधे पटेल, कामाक्षा पटेल, नव्या रघुवंशी, अदिति गिरी, आर्यवर्धन सिंह परिहार, शिवानी बेन, अंशिता रॉय, अमिष्का रॉय, सावन बैरागी, ललिता पूषाम, मानषी मरकाम, सरला सरोते, कशिश वरकड़े, यसमीन सैयाम, सकुनतला ठाकुर, अम्बिका मार्को, प्रियंका मरावी, अजीत वरकड़े, निर्मिला कुलस्ते शामिल हैं।

# राधेश्याम मेहरा बने बहुजन चेतना विकास मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष



**जबलपुर।** बहुजन चेतना विकास मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमराज झारिया की सहमति से जबलपुर निवासी राधेश्याम मेहरा को आगामी आदेश तक मध्यप्रदेश राज्य का प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

जारी नियुक्ति आदेश में कहा गया है कि राधेश्याम मेहरा मोर्चा के संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से मध्यप्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणियों का गठन करेंगे। यह नियुक्ति आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# 'घंटा' शब्द के विरोध में शिवसेना ने कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफे की मांग की

जबलपुर।





शिवसेना के जिला प्रमुख शैलू पटेल 'सुजीत' ने बताया कि इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौत एवं हजारों लोग जो गंभीर अवस्था में अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती हैं, को लेकर पत्रकार द्वारा किए गए प्रश्न पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा जो 'घंटा' शब्द का प्रयोग किया गया वह निंदनीय है, जिससे आम जनता में रोष व्याप्त है। जिसके विरोध में शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट जिला प्रमुख शैलू पटेल के नेतृत्व में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग को लेकर 04 जनवरी को दोपहर 12 बजे कंट्रोल रूम के पास मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया एवं मृतकों को 10 लाख रुपये एवं बीमार, घायलों को पांच लाख रुपये मुआवजा अविलंब दिए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर शैलेन्द्र बारी, गजानंद गुप्ता, मुकेश सराठे, भवानी शंकर सतनामी, सुधीर ताम्रकार, विकास सराठे, लल्लू साहू, सत्तू पटेल, कान्हा बर्मन, भोलू केवट, दीपक, कुलदीप चौधरी सहित अनेक शिवसैनिक उपस्थित रहे।

# सुहागी में 23 को हिंदू सम्मेलन के लिए हुआ भूमि पूजन



जबलपुर

सुहागी में भूमि पूजन का कार्यक्रम विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर संपन्न हुआ। आगामी 23 जनवरी को विशाल हिन्दू सम्मेलन सरस्वती शिशु मंदिर सुहागी के मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वामी गिरीशानंद महाराज संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होस्टेस का मार्गदर्शन प्राप्त होगा, कार्यक्रम में अनेक समाज चेतना के विषयों को लेकर झांकिया निकाली जाएंगी। समाज के सभी जाति, बिरादरी के लोगों की यात्रा संतों के नेतृत्व में निकाली जाएगी, युवा रैली, कलश यात्रा, महापुरुषों की जीवंत झांकी होगी, समाज को एकजुट करने यह आयोजन किए जा रहे हैं। आज समाज को तोड़ने के अनेक षड्यंत्र हो रहे हैं, इसलिए हिन्दू जागेगा विश्व जागेगा को चरितार्थ करने ऐसे आयोजन पूरे देश भर में किए जा रहे हैं, भूमि पूजन पुरोहित के द्वारा विधि विधान से मंत्रों के साथ संपन्न हुआ जिसमें यजमान के रूप में अनिल गुप्ता, रामकिंकर, अखिलेश, मनीषा, राजेश, रजनी तिवारी, डॉ. सुभाष एवं समाज के गणमान्य नागरिकों में विधायक इन्दू तिवारी, मोनू पारे, संतोष द्विवेदी, सुभाष तोमर, राजू जाधव, राजेश दुबे, लखन देवानी, एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

# तान्या कॉन्वेंट स्कूल का रजत जयंती समारोह सम्पन्न



**पाटन।** नगर स्थित तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में रजत जयंती समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर के.पी. सिंह, आरएसएस प्रान्त प्रचारक ब्रजकांत, सांसद आशीष दुबे, न्यायाधीश गुलाब मिश्रा, ग्रामीण एसपी सूर्यकांत शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार नलिनीकांत वाजपेयी, पद्मश्री लहरी बाई, हरप्रीत कौर, वर्षा पटेल, मौसमी सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य चरण सिंह की विशेष उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि मेजर जनरल गगनदीप बक्शी वीडियो कॉल के माध्यम से जुड़े और विद्यार्थियों को साहस, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। ब्रिगेडियर के.पी. सिंह ने सत्यनिष्ठा को सफलता का मूल मंत्र बताया। सांसद आशीष दुबे ने परिश्रम, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर बल दिया। न्यायाधीश गुलाब मिश्रा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य जागरूक एवं न्यायप्रिय नागरिक का निर्माण है। पद्मश्री लहरी बाई ने श्रीअन्न (मिलेट्स) के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट मातृशक्तियों एवं पूर्व छात्रों का सम्मान किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समारोह का समापन हुआ। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जबलपुर बॉयज ने पठानकोट को 11 रन से हराया



मझौली।

श्री विष्णु बाराह कप अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025–26 के पूल-बी का पहला लीग मैच मझौली में जबलपुर बॉयज और पठानकोट (J&K) के बीच खेला गया। मुकाबले में जबलपुर बॉयज ने मजबूत दावेदार मानी जा रही पठानकोट टीम को 11 रन से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर बॉयज ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 149 रन बनाए। मोहित शुक्ला ने शानदार 62 रन (7 चौके, 3 छक्के) की पारी खेली, वहीं अराध्य यादव ने 29 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पठानकोट टीम 138 रन पर ऑलआउट हो गई। दीपक त्रिपाठी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट लिए।

मोहित शुक्ला को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के अंपायर संदीप झरिया और शाहिद खान रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सुनील जैन, राजेंद्र चौरसिया, गिरीश पालीवाल, रजनीश कुररिया, उमेश उपाध्याय, रिजु नेमा, केशव राय, देवेंद्र दहिया, विजय नेता, गुड्डू जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच 5 जनवरी 2026 (सोमवार) को दोपहर 12 बजे से नेशनल क्लब मझौली और जबलपुर बॉयज के बीच खेला जाएगा।

# पाथेय संस्था द्वारा प्रमोद कुशवाहा की एकल चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ



**जबलपुर।** कला, साहित्य और संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में कला साधक प्रमोद कुशवाहा के एकल चित्रों की द्वि-दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर एसपी लोकायुक्त अंजुलता पटले ने कहा कि इंद्रधनुषी रंगों में समाहित प्रमोद कुशवाहा के चित्र प्रकृति, अध्यात्म, धर्म और दर्शन का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करते हैं तथा रंग-थैरेपी के माध्यम से जीवन और जगत पर चिंतन को प्रेरित करते हैं। समारोह की अध्यक्षता डॉ. तनूजा चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि साइबर सेल प्रभारी भावना तिवारी, वरिष्ठ नृत्यांगना कामना नायक एवं डॉ. दिव्या चौबे रहीं। दिल्ली से पधारी वरिष्ठ साहित्यकार करुणा शर्मा ने चित्रों को जीवन-दर्शन का भावपूर्ण चित्रण बताया। कार्यक्रम का संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के पूर्व गवर्नर नरेंद्र जैन का अभिनंदन किया गया। विविध संस्थाओं द्वारा प्रमोद कुशवाहा को सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी आज भी सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक अवलोकनार्थ खुली रहेगी। दोपहर 3 बजे से मंथनश्री एवं बुंदेली संस्कृति संगम द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।




**श्री पवन कुमार रजक-** मेंहदीबाग सदर निवासी श्री शंकर लाल रजक के पुत्र श्री पवन कुमार रजक (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रपाल सिंह-** एलआईसी कॉलोनी मदनमहल निवासी श्री चंद्रपाल सिंह (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पार्वती नामदेव-** नब्बे क्वाटर शक्तिनगर निवासी श्री छोटे लाल नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती नामदेव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हीरा बाई चक्रवर्ती-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री विजय चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा बाई चक्रवर्ती (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राधिका देवी-** कछपुरा मोलगोदाम के पास श्री नगर निवासी श्री जगदीश प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती राधिका देवी (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलाब सिंह राजपूत-** ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री गुलाब सिंह राजपूत (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुलेमा बाई-** अमखेरा कुदवारी निवासी श्री जंगी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती सुलेमा बाई (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश लोधी-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री राजेश लोधी के पुत्र श्री आकाश लोधी (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम कृष्ण झारिया-** गौतमगंज गढ़ा निवासी श्री राम कृष्ण झारिया (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय शंकर तिवारी-** प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पास मदनमहल निवासी श्री विजय शंकर तिवारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रेमलता सिंह परिहार-** गांधी व्यायाम शाला के पास रांझी निवासी श्री गोपाल सिंह परिहार की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता सिंह परिहार (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री घनश्याम बिरहा-** भानतलैया खेरमाई वार्ड निवासी श्री रमेश बिरहा के पुत्र श्री घनश्याम बिरहा (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लखपति देवी विश्वकर्मा-** विनोबा नगर अधारताल निवासी श्री राम लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती लखपति देवी विश्वकर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूपकला बागड़े-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री विजय बागड़े की धर्मपत्नी श्रीमती रूपकला बागड़े (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश गर्ग-** राइट टाउन प्रेम मंदिर के पास निवासी श्री ओम प्रकाश गर्ग (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रमा देवी यादव-** लालमाटी चांदमारी हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री ओम प्रकाश यादव की धर्मपत्नी श्रीमती रमा देवी यादव (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश सिंह ठाकुर-** शाहीनाका गढ़ा निवासी श्री रमेश सिंह ठाकुर (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

# कड़ाके की ठंड में सार्वजनिक जगहों पर अलाव की मांग

सिहोरा।

कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है ऐसे में नगर के सार्वजनिक स्थल सहित अन्य प्रमुख बाजारों और चौक-चौराहों पर अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फुटपाथी दुकानदारों और स्थानीय व्यवसायियों ने बताया कि ठंड बढ़ने के बावजूद अभी तक नगर की पालक संस्था द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गयी जिससे सुबह और देर शाम दुकान लगाने वाले लोग ठिठुरने को मजबूर हैं ठंड के कारण ग्राहकों की आवाजाही भी कम हो रही है जिससे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और रात के समय सर्द हवाओं के कारण हालात और गंभीर हो जाते हैं बुजुर्गों,बच्चों और मजदूरों के लिए घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है. खासकर बस स्टैंड,रेल्वे स्टेशन बाजार,अस्पताल और प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव नहीं होने से सबसे अधिक दिक्कतें हो रही हैं। विदित हो थोक सब्जी मंडी में सुबह चार बजे से आस पास के किसान सब्जी लेकर आते हैं लेकिन अलावा की व्यवस्था न होने के कारण ठण्ड में ठिठुरते रहते है व्यवसायी और आम लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ठंड को देखते हुए सभी प्रमुख स्थानों बस स्टेंड रेल्वे स्टेशन सरकारी अस्पताल सब्जी मण्डी में नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था कराई जाये ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके फिलहाल क्षेत्रवासी प्रशासनिक पहल का इंतजार कर रहे हैं ताकि कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके।

# चर्च पर हमले के आरोपियों पर सख़्त कार्रवाई की मांग

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 25 दिसंबर क्रिसमस के दिन गिरजाघरों में हुई तोड़फोड़ की घटनाओं की कड़ी निंदा की है। मंच का कहना है कि असामाजिक तत्वों द्वारा चर्च में घुसकर की गई तोड़फोड़ व सजावट को नुकसान पहुंचाना निंदनीय है, जिससे ईसाई समाज में रोष और असुरक्षा की भावना व्याप्त है। संगठन ने बताया कि ऐसी घटनाओं से मानसिक आघात के साथ आर्थिक नुकसान भी हुआ है तथा देश में अशांति का माहौल बन रहा है। मंच ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों पर सख़्त कार्रवाई की जाए और कानून अपने हाथ में लेने वाले असामाजिक संगठनों पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन सहित एडवोकेट जेम्स एंथोनी, हैरिस नथानियल, फ्रांसिस एंथोनी, क्रिस्टोफर नरोन्हा, क्लेमेंट पायस, अल्बर्ट एंथोनी सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि देश में अमन-शांति बनाए रखने के लिए ऐसी घटनाओं पर सख़्ती से अंकुश लगाना आवश्यक है।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 15716687X RANK HAV NAME SATYABRATA GIRI S/O LATE PARAMANANDA GIRI OF UINT 1 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 6907 4490 5679 I, have changed name of my SON, from **VIRAJ KUMAR GIRI** (name as per my ARMY SERVICE RECORDS) to **VIRAJ GIRI** (name as per my SON, BIRTH CERTIFICATE AND AADHAR CARD NO. 8966 6421 9149) vide affidavit dated 03/01/2026 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
VIRAJ GIRI
INCORRECT NAME
VIRAJ KUMAR GIRI

## खबर संक्षेप




### शोभा लिमिटेड की बिक्री बुकिंग 52 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी शोभा लिमिटेड ने बताया कि मजबूत आवास मांग के बीच चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी बिक्री बुकिंग 52 प्रतिशत बढ़कर 2,115.2 करोड़ रुपये हो गई। बेंगलुरु स्थित शोभा लिमिटेड ने पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,388.6 करोड़ रुपये की संपत्ति बेची थी। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने दिसंबर तिमाही में अब तक का सबसे अधिक 2,115 करोड़ रुपये का रियल एस्टेट बिक्री मूल्य दर्ज किया।

### डी-मार्ट की आय 13% बढ़कर 17,612 करोड़

**नई दिल्ली।** खुदरा श्रृंखला डी-मार्ट का स्वामित्व और संचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड की चालू वित्त वर्ष की




तीसरी तिमाही में एकल आधार पर आय 13.15 प्रतिशत बढ़कर 17,612.62 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी की वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में परिचालन से आय 15,565.23 करोड़ रुपये थी। एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने शुक्रवार को बीएसई को अपने आय संबंधी विवरण की जानकारी दी।

### बीसीसीएल नौ जनवरी को अपना आईपीओ करेगी पेश

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) नौ जनवरी



को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए तैयार है, जो 2026 का पहला सार्वजनिक निर्गम होगा। कारोबारी इस आईपीओ पर बारीकी से नजर रखेंगे, क्योंकि इससे नए साल में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के प्रति निवेशकों की रुचि का पता चलेगा।

### गुवाहाटी में कपड़ा मंत्रियों का होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में बृहस्पतिवार से कपड़ा मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। एक अधिकारी ने यह



जानकारी दी। इस सम्मेलन का विषय 'भारत का कपड़ाः बुनाई विकास, विरासत और नवाचार' है। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन राज्य सरकार के सहयोग से कपड़ा मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य भारत को वैश्विक कपड़ा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक समन्वित राष्ट्रीय रणनीति पर विचार-विमर्श करने के लिए केंद्रीय और राज्य कपड़ा मंत्रियों तथा केंद्र एंव राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाना है।

### बीते सप्ताह सभी तेल की कीमतों में रहा सुधार

**नई दिल्ली।** आयातकों द्वारा काफी लंबे समय से जारी, सोयाबीन डीगम तेल की आयात की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के परिणामस्वरूप डीगम तेल का



आयात घटने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। इस साप्ताहिक मजबूती को तेल कीमतों के उछाल के रूप में नहीं समझना चाहिये क्योंकि सूरजमुखी, सोयाबीन, कपास नरमा, मूंगफली और बिनौला जैसे तिलहन के दाम अपने-अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से पर्याप्त नीचे बने हुए हैं।

# भारत में बंद होने जा रही टोयोटा की पापुलर कार इनोवा क्रिस्टा, दो दशक किया राज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टोयोटा इनोवा वह गाड़ी थी जिसने भारत में एमपीवी सेगमेंट को परिभाषित किया था। इनोवा और इनोवा क्रिस्टा ने मिलकर बीते दो दशकों से इस सेगमेंट पर राज किया है, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि यह एमपीवी अपने लाइफ साइकल के अंत की ओर बढ़ रही है। ऑटोकार की रिपोर्ट के मुताबिक, टोयोटा मार्च 2027 तक इनोवा क्रिस्टा एमपीवी को बाजार से बंद करने की तैयारी कर रही है। इनोवा क्रिस्टा आज भी उन खरीदारों के बीच काफी लोकप्रिय है, जो एक समझदारी भरी, बिना झंझट वाली प्रीमियम एमपीवी चाहते हैं, जो भरोसेमंद हो। हालांकि, आने वाले सख्त कैफे 3 नियमों की वजह से क्रिस्टा को बंद किया जा रहा है। टोयोटा ने पहले ही इन नए नियमों के लिए रणनीति बना ली है और पेट्रोल हाइब्रिड्स को अपना रास्ता चुना है। आने वाले मेनेक्स में टोयोटा की लाइनअप में और भी हाइब्रिड प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे। इनोवा हाईक्रॉस इसका एक उदाहरण है।

## टोयोटा मार्च 2027 तक इनोवा क्रिस्टा एमपीवी को बाजार से बंद करेगी

### हाइब्रिड पोर्टफोलियो

हाइब्रिड पोर्टफोलियो से टोयोटा को सुपर क्रेडिट्स मिलेंगे, जो किसी भी कार निर्माता के लिए फायदेमंद हैं, खासकर जब वह कैफे 3 नियमों को पूरा करने का लक्ष्य रखता है। हर मजबूत हाइब्रिड वाहन को कैफे लकुलेशन में दो वाहनों के बराबर गिना जाता है, जिससे कंपनी के लिए अपने फ्लीट के सीओ टारगेट्स को पूरा करना आसान हो जाता है। फिलहाल, टोयोटा की हर इनोवा हाईक्रॉस हाइब्रिड की बिक्री कंपनी के कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल कंजम्पशन को डीजल एसयूवी और एमपीवी की तुलना में दोगुना कम कर रही है।



### फॉर्च्युनर का क्या होगा?

अगर अन्य मॉडलों से तुलना करें तो इनोवा क्रिस्टा जैसी डीजल एमपीवी फ्यूल कंजम्पशन बढ़ाने में योगदान देती है, और यही वजह है कि टोयोटा ने क्रिस्टा को बंद करने का फैसला लिया है। टोयोटा अब कैफे नियमों के तहत पेट्रोल हाइब्रिड्स पर ज्यादा फोकस करेगी। अभी यह साफ नहीं है कि टोयोटा अपने सभी मॉडलों, जैसे फॉर्च्यूनर, से डीजल इंजन पूरी तरह बंद करेगी या नहीं। हालांकि बाजार में इनोवा हाईक्रॉस मौजूद है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह इनोवा क्रिस्टा के जाने से जो खालीपन आएगा, उसे पूरी तरह भर नहीं पाएगी।

### इनोवा हाईक्रॉस

यह फैसला इनोवा हाईक्रॉस की लांचिंग के समय लिया गया था। लेकिन जब हाईक्रॉस लांच हुई, तो टोयोटा को सेमीकंडक्टर की कमी जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। जब कंपनी ने देखा कि इनोवा हाईक्रॉस की वेटिंग लंबी है और इनोवा क्रिस्टा या डीजल एमपीवी की मांग अब भी बनी हुई है, तो टोयोटा ने क्रिस्टा को फिर से बाजार में उतारने का फैसला किया।

## पूर्व वित्त सचिव गर्ग का सुझाव, कर नीति प्राथमिकता के आधार पर हो दुरुस्त

# उपभोग बढ़ाने के नाम पर सरकार को कर राजस्व छोड़ने की रणनीति खत्म करने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने अगले महीने पेश होने वाले आम बजट में कर नीति को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का सुझाव देते हुए कहा कि उपभोग बढ़ाने के नाम पर कर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इससे आयकर तथा केंद्रीय जीएसटी, दोनों ही मदों में राजस्व को नुकसान हो रहा है।

■ उपभोग बढ़ाने के नाम पर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं

गर्ग ने वैकल्पिक नई कर व्यवस्था को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट नहीं देनी चाहिए। चाहे इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

## इससे आयकर व जीएसटी दोनों मदों में राजस्व नुकसान हो रहा

### सरकार को कर नीति सही करना होगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में 2026-27 के लिए लगातार नौवीं बार आम बजट पेश कर सकती हैं। गर्ग ने बातचीत में कहा, ''केंद्र सरकार का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट कर राजस्व, व्यय और घाटे जैसे सभी प्रमुख मोर्चों पर बढ़ते दबाव के बीच तैयार किया जा रहा है। सरकार को कर नीति को सही करना होगा। उपभोग में अपेक्षित वृद्धि के लिए कर राजस्व छोड़ने से आयकर और केंद्रीय जीएसटी दोनों मोर्चों पर कर प्राप्तियों को नुकसान पहुंचा है।''



### घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा

गर्ग ने कहा, ''इसी प्रकार, व्यय का दबाव भी बढ़ रहा है। इन सबके परिणामस्वरूप, घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा है। वित्त मंत्री को यह सुनिश्चित करना होगा कि कर वृद्धि सुदृढ़ आधार पर हो, व्यय व्यापक जनहित के अनुरूप हों और राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहे।''

### राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह नरम

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2025 तक केंद्र सरकार की कुल आय 19.49 लाख करोड़ रुपये रही, जो कुल बजट अनुमान का 55.7 प्रतिशत है। इसमें से 13.94 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व के रूप में मिले। वहीं सकल जीएसटी संग्रह बीते माह दिसंबर में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। करों में कटौती के बाद घरेलू बिक्री से होने वाले राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह की रफ्तार नरम पड़ी है।

### बचतकताओं को अपने विवेक से निर्णय लेने दें

गर्ग ने कहा, ''बचतकर्ताओं को अपने विवेक के साथ निर्णय लेने दें। इसके बजाए सरकार को राष्ट्रीय बचत योजनाओं (एनएससी), आवर्ती जमा और सावधि जमा जैसी कई बचत योजनाओं को बंद कर देना चाहिए।''कर सुधारों से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में गर्ग ने कहा, ''आयकर छूटों में और कटौती करके वैकल्पिक योजना को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत है। उपभोग वृद्धि के नाम पर कर राजस्व का त्याग करने की रणनीति को समाप्त करना चाहिए।''

### कर नीति सभी प्रकार के निवेश पर समान हो

यह पूछे जाने पर कि क्या लघु बचत योजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में कुछ छूट दिये जाने की उम्मीद है, पूर्व वित्त सचिव ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि सरकार को बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट देनी चाहिए। चाहे वह इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

# वेनेजुएला पर अमेरिकी नियंत्रण से मिल सकता है भारत का अटका हुआ बकाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विश्लेषकों और उद्योग सूत्रों के अनुसार, वेनेजुएला के तेल क्षेत्र पर अमेरिकी नियंत्रण अथवा उसके पुनर्गठन से भारत को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है। विश्लेषकों ने बताया कि इस घटनाक्रम के चलते काफी समय से लंबित भारत के लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर के बकाये की वसूली हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि भारत एक समय वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल का प्रमुख आयातक था और अपने चरम काल में प्रतिदिन चार लाख बैरल से अधिक का आयात करता था। हालांकि, 2020 में अमेरिकी प्रतिबंधों और अनुपालन जोखिमों के कारण यह आयात बाधित हो गया था। भारत की प्रमुख विदेश तेल अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) पूर्वी वेनेजुएला के 'सैन क्रिस्टोबल' तेल क्षेत्र का संयुक्त संचालन करती है। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण आवश्यक तकनीक, उपकरण और सेवाओं तक पहुंच बाधित होने से वहां उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और व्यावसायिक रूप से उपयोगी भंडार लगभग फंस गए।

### दावों का निपटान लंबित है

वेनेजुएला सरकार ने इस परियोजना में ओवीएल की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी पर 2014 तक देय 53.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभांश अभी तक नहीं चुकाया है। इसके बाद की अवधि के लिए भी लगभग समान राशि बकाया है, किंतु ऑडिट की अनुमति न मिलने के कारण इन दावों का निपटान लंबित है।

### अमेरिका प्रतिबंधों में ढील दे सकता है

विश्लेषकों के अनुसार, यदि अमेरिका वहां के तेल भंडार को अपनी निगरानी में लेता है, तो प्रतिबंधों में ढील दी जा सकती है। इसके बाद ओवीएल गुजरात और अन्य क्षेत्रों से रिग एवं अन्य उपकरण भेजकर उत्पादन में वृद्धि कर सकती है। इस समय यह उत्पादन घटकर मात्र 5,000 से 10,000 बैरल प्रतिदिन रह गया है।

# लग्जरी कार खंड में ईवी की पैठ जीएसटी सुधारों के बाद घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लग्जरी कार खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की पैठ में 'जीएसटी 2.0' सुधारों के बाद लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट हुई है। उद्योग से जुड़े लोगों ने बताया कि अब इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) संस्करण वाली गाड़ियां स्वामित्व की कुल लागत के मामले में बेहतर विकल्प दे रही हैं।

■ जीएसटी 2.0 सुधारों के बाद तीन प्रतिशत की गिरावट आई

वैसे तो ये रुझान किफायती और मध्यम खंड में भी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन ऐसा शुरुआती लक्जरी खंड में खासतौर से देखा जा रहा है, जहां नई जीएसटी दरों के तहत ईवी और आईसीई के बीच कीमत का अंतर बढ़ गया है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध



निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने बताया, ''अगर मैं अक्टूबर और नवंबर (2025) को देखूं, तो व्यापक बाजार के साथ ही लग्जरी में भी यह 2 से 3 प्रतिशत घटा है। अब ईवी की तुलना में आईसीई का टीसीओ बहुत बेहतर है। जब ये समीकरण बदलेगा, हम ईवी की पैठ में बदलाव देख सकते हैं।''

अय्यर ने कहा कि यह उतार-चढ़ाव शुरुआती लग्जरी ईवी खंड में ज्यादा है, और मर्सिडीज-बेंज इंडिया के ज्यादातर ईवी मॉडल अत्यधिक लग्जरी खंड के हैं।

### कीमतों में औसतन 6.7 फीसदी की कमी आई

बरार ने कहा कि बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने आईसीई मॉडल पर जीएसटी कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया है, जिससे कीमतों में औसतन 6.7 प्रतिशत की कमी आई है।

# तंबाकू उत्पादों पर कर वृद्धि से तस्करी का जोखिम

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों का कहना है कि तंबाकू पर उत्पाद शुल्क की नई संरचना के साथ करों में अभूतपूर्व वृद्धि से सिगरेट के अवैध व्यापार में उछाल आ सकता है। इसके चलते देश को महत्वपूर्ण कर राजस्व की हानि भी हो सकती है। इस सप्ताह की शुरुआत में वित्त मंत्रालय ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम में संशोधनों को अधिसूचित किया। इसके तहत एक फरवरी से प्रभावी होने वाले प्रावधानों में सिगरेट की लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 स्टिक 2,050 रुपये से 8,500 रुपये तक उत्पाद शुल्क लगाया गया है। यह शुल्क 40 प्रतिशत जीएसटी के अतिरिक्त होगा। नतीजतन सिगरेट की विभिन्न श्रेणियों में कुल कर वृद्धि 60-70 प्रतिशत तक हो जाएगी। इस समय कुल कर भार लंबाई के आधार पर लगभग 50-55 प्रतिशत है। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्नीरु ने कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर के स्थान पर 'अवगुण वाली वस्तुओं' पर उत्पाद शुल्क लगाने के प्रस्तावित बदलाव से तंबाकू उत्पादों और सिगरेट की तस्करी बढ़ने की चिंता पैदा हो गई है।


■ सरकार को राजस्व हानि की आशंकाः विशेषज्ञ

# एफआईआई के रुख से इस सप्ताह तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार बाजार की चाल व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक बिना रुके पूंजी निवेश कर रहे हैं, जिससे पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी रही।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एसवीपी) अजीत मिश्रा ने कहा, ''इस



सप्ताह घरेलू और वैश्विक, दोनों स्तरों पर कई आंकड़े आने की उम्मीद है। बाजार कंपनियों के तिमाही नतीजों के शुरुआती चरण में प्रवेश कर रहा है। भारत में निवेशकों की नजर एचएसबीसी सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (सर्विसेज पीएमआई) और संयुक्त पीएमआई के अंतिम आंकड़ों पर रहेगी।

वैश्विक स्तर पर वृद्धि, मांग और मुद्रास्फीति के रुझानों के लिए अमेरिका और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।'' पिछले सप्ताह बीएसई संसेक्स 720.56 अंक या 0.84 प्रतिशत उछला और एनएसई निफ्टी 286.25 अंक या 1.09 प्रतिशत बढ़ा। निफ्टी ने शुक्रवार को 26,340 के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ।

### कच्चे तेल पर भी रहेगी नजर

पोनमुडी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों पर रहेगा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पर भी इस सप्ताह निवेशकों की नजर रहेगी।

# ओएनजीसी खाली कुओं में करेगी सीओ2 का भंडारण

**नई दिल्ली।** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की योजना गुजरात के गांधार तेल क्षेत्र के खाली हो चुके कुओं में कार्बन डाइऑक्साइड का भंडारण करने की है। यह कंपनी के पहले पूर्ण स्तर के कार्बन संग्रहण एवं भंडारण (सीसीएस) पायलट और इसकी अकार्बनीकरण रणनीति में एक बड़ा कदम है। अधिकारियों ने कहा कि इस पायलट परियोजना में दो




छोड़े गए तटवर्ती कुओं का उपयोग किया जाएगा, ताकि उप-सतही हाइड्रोकार्बन जलाशयों में प्रतिदिन लगभग 100 टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का भंडारण किया जा सके। सीओ2 को दहेज क्षेत्र के नजदीकी औद्योगिक स्रोतों के साथ ही ओएनजीसी के अपने हजीरा संयंत्र से लिया जाएगा और गांधार के कुओं तक पहुंचाया जाएगा।

# बीमा क्षेत्र में गलत बिक्री एक गंभीर चिंता का विषयः इरडा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बीमा क्षेत्र में 'गलत बिक्री' एक गंभीर चिंता का विषय है और बीमा कंपनियों को इसकी वजह का पता लगाने के लिए 'मूल कारण विश्लेषण' करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियों के खिलाफ दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग स्थिर रही है। यह संख्या 2023-24 में 1,20,726 थी, जो 2024-25 में 1,20,429 रही। हालांकि, 'अनुचित व्यावसायिक व्यवहार' (यूएफबीपी) के तहत दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2023-24 के 23,335 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 26,667 हो गई है। इस प्रकार, कुल शिकायतों में यूएफबीपी संबंधी शिकायतों की




हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 19.33 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 22.14 प्रतिशत हो गई है। 'गलत बिक्री' का अर्थ उपभोक्ताओं को नियम, शर्तों या उपयुक्तता के बारे में सही जानकारी दिए बिना बीमा उत्पादों की बिक्री करना है। इरडा ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 में कहा, ''गलत बिक्री को रोकने या कम करने के लिए बीमा कंपनियों को उत्पाद की उपयुक्तता का आकलन करने, वितरण चैनल पर उचित नियंत्रण लागू करने और गलत बिक्री की शिकायतों के समाधान के लिए योजना बनाने की सलाह दी गई है।

### गलत बिक्री से ग्राहकों पर बढ़ता है प्रीमियम का बोझ

वित्त मंत्रालय ने भी कॉरपोरेट शासन की सर्वोत्तम प्रथाओं को बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए बैंकों और बीमा कंपनियों को ग्राहकों को बीमा पॉलिसियों की 'गलत-बिक्री' के प्रति बार-बार आगाह किया है। गलत बिक्री के कारण अक्सर ग्राहकों पर प्रीमियम का बोझ बढ़ जाता है, जिसके चलते पॉलिसीधारक अपनी पॉलिसी का नवीनीकरण नहीं कराते और पॉलिसी बंद होने के मामले बढ़ जाते हैं।

## एल्युमिनियम और कॉपर की कीमतों ने छुआ ऑल-टाइम हाई

# एसी, बाथ फिटिंग और किचन का सामान होगा महंगा!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉपर, एल्युमिनियम और निकेल जैसी धातुओं में तेजी से एसी, बाथ फिटिंग और किचन में बड़े स्तर पर इस्तेमाल होने वाले सामानों की कीमतों में इजाफा हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एल्युमिनियम की कीमत 3,000 डॉलर प्रति टन से अधिक हो गई है, जो कि बीते तीन वर्षों में सबसे ऊंची कीमतें हैं। कॉपर का दाम ऑल-टाइम हाई 12,000 डॉलर प्रति टन के पार निकल गया है। कई रिपोर्ट्स में बताया गया कि इन धातुओं विशेषकर कॉपर की कीमतों के उम्मीद से अधिक बढ़ने के कारण कई निर्माताओं की इनपुट लागत बढ़ गई है और वह और अधिक भार वहन करने में असमर्थ हैं, जिसके चलते एसी, किचन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, बाथ फिटिंग्स और कुकवेयर के दाम बढ़ सकते हैं।

## कॉपर 12,000 डॉलर प्रतिटन के पार निकल गया

### महंगे हो सकते हैं बाथवेयर

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर हाल ही में कॉपर का दाम 1,300 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। मार्जिन को बनाए रखने के लिए कई मैन्युफैक्चरर्स कीमतों में 5-8 प्रतिशत की वृद्धि करने की योजना बना रहे हैं। बाथवेयर बनाने वाली कंपनियां भी दबाव का सामना कर रही हैं, क्योंकि तांबे पर आधारित धातु पीतल की कीमतों में वित्त वर्ष की शुरुआत से दोहरे अंकों में बढ़ोतरी हुई है।



### कॉपर की कीमत में भारी उछाल

बार-बार आपूर्ति में रुकावटों के बीच कॉपर ने 2009 के बाद से सबसे बड़ी सालाना बढ़ोतरी दर्ज की। इंडोनेशिया, चिली और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में माइनिंग दुर्घटनाओं और चिली की एक बड़ी खदान में मजदूरों की हड़ताल ने उपलब्धता को कम कर दिया है, जबकि ट्रेड की अनिश्चितताओं के कारण अमेरिका को शिपमेंट में तेजी आई है।

### इंडोनेशिया ने भी उत्पादन में की कटौती

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दुनिया के सबसे बड़े प्रोड्यूसर इंडोनेशिया द्वारा प्रोडक्शन में कटौती की योजनाओं का संकेत देने और पीटी वेल इंडोनेशिया की एक खदान में अस्थायी रोक के कारण छोटी अवधि में आपूर्ति की चिंताओं के बाद निकेल की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई। कॉपर, एल्युमिनियम और निकेल में ही नहीं, बल्कि सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। 2025 में सोने ने करीब 65 प्रतिशत और चांदी ने 145 प्रतिशत के आसपास का रिटर्न दिया है।

## चिंतन

# सोशल मीडिया पर अनैतिक गतिविधियां बढ़ा रहीं खतरा

सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां लोग अपने विचारों को साझा करते हैं, दोस्तों से जुड़ते हैं और जानकारी प्राप्त करते हैं। इसके साथ ही कई खतरे भी हैं, जैसे कि साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और गलत जानकारी का प्रसार। इसलिए, सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना बहुत जरूरी है। सबसे बड़ा खतरा है साइबर अपराध। साइबर अपराधी लोगों के अकाउंट हैक कर लेते हैं और उनकी निजी जानकारी का इस्तेमाल करके उन्हें ब्लैकमेल करते हैं। इसलिए, अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें और दो-स्तरीय सत्यापन रखें। सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट, अनैतिक गतिविधियां गैर-कानूनी और समाज के लिए हानिकारक हैं। खासकर बच्चों और युवाओं पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। एआई जितना काम आसान बना रहा है उतनी ही समस्याएं बढ़ा भी रहा है। इस समय सबसे बड़ा मुद्दा है सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट परोसा जाना और उसे फर्जी तरीके से प्रचारित किया जाना। यह किसी के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। फर्जी खबरें और धोखाधड़ी जैसे मामले भी मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहे हैं, इसलिए यूजर्स को सोच-समझकर पोस्ट करनी चाहिए और प्राइवेसी सेटिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अश्लील कंटेंट और एआई के दुरुपयोग का मुद्दा उठाते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स के एआई एप ग्रोक पर सवाल उठाए और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कहा था कि कुछ लोग एआई एप ग्रोक की मदद से महिलाओं की अश्लील तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं, जो बेहद गंभीर मसला है। एक्स पर फर्जी अकाउंट्स के जरिए महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट की जा रही हैं और ग्रोक को ऐसे आपत्तिजनक प्रॉम्प्ट दिए जा रहे हैं, जिनसे महिलाओं की पोशाक को कम दिखाकर पेश किया जा रहा है। उनकी असली तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं। यह सिर्फ फर्जी अकाउंट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है, जो अपनी तस्वीरें खुद सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह अस्वीकार्य और एआई फीचर का घोर दुरुपयोग बताया है। इस पर सरकार ने एक्शन लेते हुए एक्स को निर्देश दिए थे कि वह एआई एप ग्रोक से बनाए जा रहे अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर एलन मस्क की कंपनी एक्स ने अपने एआई एप ग्रोक पर बनाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सख्त नियम बनाए हैं। कंपनी ने कहा है कि ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जाएगा। साथ ही अगर कोई यूजर ग्रोक का इस्तेमाल करके आपत्तिजनक कंटेंट बनाता है तो यूजर्स का अकाउंट हमेशा के लिए बैन कर दिया जाएगा। सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अश्लील, हिंसक और गैरकानूनी कंटेंट आसानी से उपलब्ध है। इससे साइबर धोखाधड़ी, फ़िशिंग, पहचान की चोरी और ऑनलाइन घोटालों का खतरा रहता है। इसके अत्यधिक उपयोग से अकेलापन, अवसाद और आत्म-सम्मान में कमी आ सकती है। देखने में आ रहा है कि आज के डिजिटल युग में एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ गलत और गैरकानूनी कंटेंट का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में सोशल मीडिया मंच और यूजर्स को जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना बेहद जरूरी है।



वेनेज़ुएला मामला

हिमांशु घिल्डियाल

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो तथा उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को अमेरिका द्वारा गिरफ्तार करने के बाद यह लैटिन अमेरिकी देश सुर्खियों में आ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस कृत्य के लिए दुनियाभर से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस घटनाक्रम के बाद उपजे कुछ सवाल नई चिंता खड़ी करते हैं। इसमें सबसे बड़ा सवाल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के औचित्य का है, क्योंकि वीटो अधिकार वाले अमेरिका के खिलाफ वह कुछ कर सकेगी, इसमें शक है।

# अमेरिकी कार्रवाई खोलेगी यूएन की पोल

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो तथा उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को अमेरिका द्वारा गिरफ्तार करने के बाद यह लैटिन अमेरिकी देश सुर्खियों में आ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस कृत्य के लिए दुनियाभर से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, हालांकि आत्ममुग्धता के लिए जाने जाने वाले राष्ट्रपति ट्रंप खुद की और अपने सैनिकों की प्रशंसा करने में व्यस्त हैं। उन्होंने मादुरो दंपति पर अब न्यूयॉर्क में आतंकवाद और मादक पदार्थों से जुड़े आरोप तय किए हैं। साथ ही मादुरो पर नार्को-आतंकी संगठन चलाने का आरोप लगाया है। अमेरिका के भीतर और बाहर दोनों जगहों से इस अभियान की वैधता पर सवाल उठाए गए हैं। यहां तक कि ट्रंप के कुछ सहयोगियों ने भी संकेत दिया है कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो सकता है। भारत ने इस पूरे संकट पर सतर्क प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूरे मामले का समाधान बातचीत से निकालने की सलाह दी है। चीन, रूस और उत्तर कोरिया ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और ट्रंप के कदम का विरोध किया है। चीन के इस रुख के बावजूद विशेषज्ञ इस पूरे घटनाक्रम के बाद चीन को लेकर ही अधिक आशंकित हैं। उनका मानना है कि वाशिंगटन ने मादुरो को बलपूर्वक अगवा करके ताइवान में चीन के लिए रास्ता खोल दिया है। इससे नए साल के शुरू में जारी यह अशांति अन्य क्षेत्रों में भी पांव पसार सकती है। इस घटनाक्रम के बाद उपजे कुछ सवाल नई चिंता खड़ी करते हैं। इसमें सबसे बड़ा सवाल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के औचित्य का है, क्योंकि वीटो अधिकार वाले अमेरिका के खिलाफ वह कुछ कर सकेगी, इसमें शक है।

### अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर की शर्तों का उल्लंघन किया है। यह चार्टर अक्टूबर 1945 में हस्ताक्षरित हुआ था और इसका उद्देश्य द्वितीय विश्व युद्ध जैसे बड़ी टकराव की पुनरावृत्ति को रोकना था। इस समझौते का एक केंद्रीय प्रावधान अनुच्छेद 2(4) यह निर्धारित करता है कि किसी भी देश को अन्य देशों के खिलाफ सैन्य बल का प्रयोग करने से बचना चाहिए और उनकी संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। वेनेजुएला पर हमला चार्टर के अनुच्छेद 2(4) के विपरीत है। वास्तविकता यह है कि अमेरिका संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन कर रहा है। उसने आक्रामकता का अपराध किया है, जिसे नूर्नबर्ग की अदालत ने सर्वोच्च अपराध बताया था। यह सबसे गंभीर अपराध है। यह हमला तभी वैध माना जा सकता था, यदि अमेरिका के पास संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव होता या वह आत्मरक्षा में कार्रवाई कर रहा होता। इन दोनों ही आधारों पर ऐसा कोई सबूत नहीं है।

### क्या होगी अमेरिका की दलील

अमेरिका यह तर्क दे सकता है कि उसने मादुरो के नेतृत्व वाले कथित नार्को-आतंकी संगठन से उत्पन्न खतरे के जवाब में आत्मरक्षा में वेनेजुएला पर हमला किया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अमेरिका के अपने घरेलू कानून आत्मरक्षा में सैन्य बल के उपयोग के लिए कुछ प्रावधान हैं।

हालांकि आत्मरक्षा के प्रावधान का सहारा लेने के लिए यह विश्वास वास्तविक और ईमानदार होना चाहिए कि आप पर शीघ्र ही बल प्रयोग या हमला होने वाला है। किसी ने भी यह नहीं कहा कि वेनेजुएला की सेना अमेरिका पर हमला



करने वाली है। यह धारणा कि मादुरो किसी तरह का ड्रग सरगना है, इस नियम के सामने टिक नहीं सकती कि शासन परिवर्तन के लिए किया गया यह आक्रमण अवैध है। अमेरिका को यह साबित करना होगा कि वे ड्रग तस्कर अमेरिका की संप्रभुता के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। अमेरिका जोरदार तरीके से तर्क देगा कि ड्रग तस्करी एक अभिशाप है और यह बहुत से लोगों की जान ले रही है। इस पर सहमति हो सकती है लेकिन कई अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों का कहना है कि अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि ड्रग तस्कर वेनेजुएला से थे। यह तो दूर की बात है कि वे किसी भी तरह से मादुरो द्वारा शासित थे।

### वीटो कर सकता है अमेरिका

शांति बनाए रखने के प्रयास में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद देशों पर प्रतिबंध लगा सकती है। इनमें व्यापार प्रतिबंध, हथियार प्रतिबंध और यात्रा प्रतिबंध शामिल हो सकते हैं। हालांकि, परिषद के पांच सदस्य अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस के पास वीटो अधिकार है, जिसका अर्थ है कि अमेरिका के खिलाफ कोई भी कार्रवाई लागू होना असंभव है। वह किसी भी ऐसे कदम को वीटो करेगा। इससे यह भी पता चलता है कि सुरक्षा परिषद एक निरर्थक संस्था है। जो देश अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ता है, वह बस वीटो लगाकर निंदा से बच सकता है। कार्रवाई करने वाली एकमात्र संस्था अमेरिकी वीटो से निष्प्रभावी हो जाएगी।

### दूसरे देश भी कर सकते हैं ऐसा

यदि वेनेजुएला पर आक्रमण के लिए अमेरिका को कोई परिणाम नहीं भुगतना पड़ता तो इससे अन्य देश भी ऐसे अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं, जो अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हों। सबसे स्पष्ट परिणाम यह होगा कि चीन ताइवान पर आक्रमण करने का अवसर लेगा। यह उसके लिए सबसे उपयुक्त समय होगा। ट्रंप के वेनेजुएला आक्रमण और यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के प्रति बनी मिसाल से बल पाकर उसे शह मिलेगी। इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और कमजोर हो सकती है। असल में सुरक्षा परिषद तीसरे विश्व युद्ध को रोकने की व्यवस्था थी। अमेरिका ने इसे पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। हालांकि ट्रंप ने एक बुरे नेता को हटाया है। फिर भी, कराकास में की गई इस छापेमारी ने वेनेजुएला के भविष्य, पश्चिमी गोलार्ध में प्रभाव के टकराव और अव्यवस्थित दुनिया में व्यवहार के नियमों को लेकर और भी कठिन प्रश्न खड़े कर दिए हैं। मादुरो के कई वर्षों तक अमेरिकी जेल में रहने की संभावना है। कराकास में ट्रंप की कार्रवाई को बीजिंग ने ध्यान से देखा है। वह ऐसी ही रणनीति का इस्तेमाल ताइवान के खिलाफ भी कर सकता है। हो सकता है हमें जल्द ही ऐसा देखने को मिले। चिंता रूस को लेकर भी होनी चाहिए कि कहीं वह यूक्रेन की अपनी लड़ाई को जेलेंस्की की ओर न मोड़ दे और ऐसा ही कुछ कर बैठे, जैसा अमेरिका ने किया है। रोचक तथ्य यह है कि खुद जेलेंस्की ने अमेरिका को पुतिन के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की सलाह दी है।


**ताकि सनद रहे :** किसी समय दुनिया के सबसे अमीर देशों में वेनेजुएला शुमार था। तेल से कमाई की अकूत दौलत लोगों के सिर चढ़कर बोलती थी। अनेक लोग नियमित तौर पर अमेरिका में शॉपिंग के लिए जाते थे। लेकिन, सिर्फ तेल के भरोसे रहकर इस देश ने अपनी नैया खुद ही डुबो दी। 2012 में वेनेजुएला की जीडीपी 372 अरब डॉलर थी, जो 2020 में गिरकर महज 43 अरब डॉलर ही रह गई। हालांकि हाल के वर्षों में इसमें कुछ सुधार हुआ है और इस समय यह 100 बिलियन डॉलर के आसपास है। वेनेजुएला उन लोगों के लिए एक सबक है, जो सिर्फ लोकलुभावन नीतियां चाहते हैं। केवल समग्र विकास की नीतियां ही किसी देश को आगे बढ़ा सकती हैं।

(लेखक दैनिक हरिभूमि हरियाणा के संपादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## घटनाक्रम

कृष्ण प्रताप सिंह



# क्या कहता है वेनेजुएला पर अमेरिकी हमला

अमेरिका ने नये साल के तीसरे ही दिन वेनेजुएला में जो दादागिरी दिखाई है, उसमें सच पूछिए तो इस एक बात को छोड़कर कुछ भी नया नहीं है कि वर्तमान एक-ध्रुवीय दुनिया में उसकी निपट निरंकुश बदगुमानियां अपने उस इतिहास को बार-बार दोहराती रहना चाहती हैं, जो गवाह है कि वे किसी भी ऐसे देश की सम्प्रभुता व स्वतंत्रता का सम्मान नहीं करतीं, जो अमेरिका के राष्ट्रीय स्वार्थों के तनिक भी आड़े आता है। विडम्बना यह कि उसके ये राष्ट्रीय स्वार्थ कभी नहीं बदलते- डेमोक्रेट सत्ता में हों तो भी और रिपब्लिकन सत्ता में हों तो भी। वह इन स्वार्थों की पूर्ति के लिए जघन्य से जघन्य चौधराहट बरतते हुए भी अपने को 'दुनिया का सबसे महान लोकतंत्र' बताता रहता है। शायद इसलिए कि उसके निकट लोकतंत्र का अर्थ दुनिया की सारी उपलब्धियों को लूटकर अपने नाम कर लेने का नाम है। तिस पर बेशर्मी की हद यह कि उसके अलबेले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने मुंह मियां मिट्ठू बनते हुए अनेक युद्धों को रुकवाने के नाम पर अपने लिए नोबेल शांति पुरस्कार की मांग और उसके पक्ष में लॉबीइंग करते रहते हैं। लगभग उसी तर्ज पर जैसे उनका देश दुनिया के अनेक देशों की चुनी हुई सरकारों को अपदस्थ कर वहां अपनी कठपुतली सरकारें बनवाने के लिए अनेक प्रपंच रचते हुए आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध के 'नेतृत्व' की डींग भी हांकता रहता है।

### अमेरिका खुद दे रहा आतंकवाद को प्रश्रय

उसके इतिहास में अनेक ऐसी नजीरें हैं, जब उसने किसी देश में खुद आतंकवाद को प्रश्रय देकर उसकी तोहमत उस पर मढ़ दी और अपने स्वार्थ साध लेने के बाद उधर से आंखें मूंद लीं या चुप्पी साध ली। यहां याद किया जा सकता है कि 2003 में उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 20 मार्च को यह कहते हुए इराक पर हमला कर दिया था कि इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन वहां सामूहिक विनाश के हथियारों का जखीरा रखे हुए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। इस आक्रमण को उसने 'ऑपरेशन इराकी फ्रीडम' नाम दिया था, जो कितना बेवजह था, इसे इस तथ्य की रोशनी में समझ सकते हैं कि उसके द्वारा सद्दाम हुसैन को पकड़ कर फांसी दे देने के बाद भी इराक में सामूहिक विनाश के हथियारों का जखीरा होना कतई साबित नहीं हो पाया। इस सबको लेकर अमेरिका ने कभी खेद नहीं जताया। आज वेनेजुएला की सम्प्रभुता व स्वतंत्रता को रौंदकर उसके राष्ट्रपति मादुरो को उठा ले जाने के लिए उसने उस पर जो तोहमतें लगाई हैं, उन्हें भी इसी रूप में समझा जा सकता है। यह समझना भूल होगा कि कुतर्कों की बिना पर वेनेजुएला पर अमेरिकी आक्रमण सिर्फ वेनेजुएला के खिलाफ़ आक्रमण है। यह वास्तव में दुनिया के हर उस देश व व्यक्ति के खिलाफ़ खुली चेतावनी है जो अमेरिकी साम्राज्यवादी इरादों से अलग रहकर अपना भविष्य खुद तय करना चाहता है। अकारण नहीं कि तब इराक के तेल पर कब्ज़े के लिए उस पर किए गए हमले और उसके लोगों की तबाही को सही ठहराने के लिए जैसे झूठ इस्तेमाल किए गए थे, वैसे ही झूठ अब वेनेजुएला के खिलाफ़ भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं।


### औपनिवेशिक व्यवस्था थोपना

इनका एकमात्र मकसद वेनेजुएला के लोगों पर अमेरिका समर्थित कठपुतली सरकार व औपनिवेशिक व्यवस्था थोपना है। निस्संदेह, यह लैटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्र में अमेरिकी हस्तक्षेप के खूनी इतिहास का नवीनतम अध्याय है, जिसमें चुनाव में हेरफेर करना, लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारों को उखाड़ फेंकना, लोगों के आंदोलनों को दबाना, संप्रभुता व आत्मनिर्णय का अधिकार छीनना, शोषण व दमन थोपना शामिल रहा है।

इससे भी ज्यादा अफसोस की बात यह है कि इस वक्त दुनिया की जो स्थिति है, उसमें अमेरिकी चौधराहट अपने लिए कोई गम्भीर चुनौती नहीं देखती। न कोई 'दूसरा ध्रुव' बचा है और न ही संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा बनाए रखने, देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करने, मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और सामाजिक प्रगति हासिल करने के अपने उद्देश्यों को, जिनके लिए उसकी स्थापना की गई थी, पूरे कर पा रहा है। 193 देशों की सदस्यता के बावजूद अनेक निर्णायक अवसरों पर उसके द्वारा निभाई गई भूमिकाएं उसे बड़े व वीटो अधिकार सम्पन्न देशों के प्रभुत्व से आक्रांत संगठन की छवि से बाहर नहीं निकाल पातीं। तिस पर भारत द्वारा प्रवर्तित निर्गुट आंदोलन ने अपनी प्रासंगिकता ही खो दी है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'




संकलित

**दर्शन**

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित

**प्रेरणा**

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चिंताजनक है हिंदुओं की हत्याएं


बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की हत्याएं और उत्पीड़न अब सारी हदें लांघ चुके हैं। दीपू चंद्र दास की हत्या हृदयविदारक है। यूनुस के कार्यकाल में 2900 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। जब भारत 1971 में मानवता के नाते बांग्लादेश को स्वतंत्र करवा सकता है, लाखों तिब्बतियों, नेपालियों और रोहिंग्याओं के भार को झेल सकता है, तो क्या बांग्लादेश में बलि के बकरे बनते हिंदुओं को बचाने के लिए कुछ नहीं कर सकता? पीड़ितों की सहायता को भारत को आगे आना चाहिए और विश्व समुदाय को भी इस नरसंहार से आंखें न मूंदकर शीघ्र बीच-बचाव कर हस्तक्षेप करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की पुनरावृत्ति का सही समय है। हिंदू हितों की बात करने का भी यही मौका है।

*– महेश चौबे, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई खतरनाक : संरा

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वेनेजुएला और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई पर चिंता जताते हुए कहा कि ये घटनाक्रम 'खतरनाक मिसाल' कायम करते हैं।



महासचिव के प्रवक्ता की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि गुतारेस 'वेनेजुएला में हाल में हुए उस घटनाक्रम से अत्यंत चिंतित हैं जिसके तहत अमेरिका ने आज देश में सैन्य कार्रवाई की और क्षेत्र के लिए इसके संभावित रूप से चिंताजनक निहितार्थ हो सकते हैं।' गुतारेस ने कहा कि वेनेजुएला की स्थिति से अलग, 'ये घटनाक्रम एक खतरनाक मिसाल कायम करते हैं।' उन्होंने कहा कि उन्हें 'इस बात की गहरी चिंता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान नहीं किया गया।' मादुरो और उनकी पत्नी पर न्यूयॉर्क के संघीय अधिकारियों ने मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद की साजिश और अमेरिका के खिलाफ विनाशकारी उपकरण रखने की साजिश के आरोपों में अभियोग लगाया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार तड़के 'ट्रुथ सोशल' पर घोषणा की थी कि अमेरिका ने वेनेजुएला और मादुरो के खिलाफ 'बड़े पैमाने' पर 'सफलतापूर्वक' हमला किया और 'मादुरो को उनकी पत्नी के साथ पकड़ लिया गया है एवं उन्हें देश से बाहर ले जाया गया है।

## ऑफ बीट

# पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम

गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है,



जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा, रक्त परीक्षण में आमतौर पर यूरिक एसिड का स्तर बढ़ा हुआ मिलता है।

## ट्रेंड

### परियोजनाओं का उद्घाटन



मोदी सरकार अंडमान और निकोबार को भारत के व्यापार, पर्यटन और रणनीतिक शक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। आज विजयपुरम में अस्पतालों और सड़कों सहित 315 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और 58 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी गई।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### रैन बसेरों का निरीक्षण



शीतलहर के प्रकोप से हर बेसहारा और जरूरतमंद का बचाव सुनिश्चित करने हेतु द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जनपद में रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। आज वाराणसी के टाउन हॉल में रैन बसेरों का निरीक्षण किया।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### बर्मन को श्रद्धांजलि



महान संगीतकार राहुल देव बर्मन की रचनाओं ने भारत के संगीत को नया रूप दिया, जिनकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देती है। उनकी पुण्यतिथि पर, उस महान हस्ती को मेरी श्रद्धांजलि, जिनके संगीत ने हमारे बचपन को रोशन किया।

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### गरीबों का संबल



महात्मा गांधी नरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा और गरीबों का संबल है। यूपीए सरकार ने इसे आमजन का 'कानूनी अधिकार' बनाया था, जिसे मोदी सरकार कमजोर करने का कुप्रयास कर रही है।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## तामिया रेंज में वन्यप्राणियों की दहशत, तेंदुए ने किया सात बकरियों और एक गाय का शिकार

# जंगलों में वाहनों की आवाजाही: ठिकाना बदलने को मजबूर हुए वन्यप्राणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया रेंज की तामिया बीट के आसपास तेंदुआ द्वारा लगातार पिछले दो माह से आतंक मचाया जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है, वहीं वन विभाग द्वारा तेंदुए के मूवमेंट पर नजर नहीं रखी जा रही है, जिसके नतीजन तेंदूऐ ने जंगल क्षेत्र से लगे गांव में पहले एक गाय शिकार किया।

बीते दो दिनों पूर्व तामिया पंचायत के ग्राम चौर पठार में तेंदुए ने किसान के खेत के पास बैठी बकरियों पर हमला किया। इस दौरान तेंदुए द्वारा सात बकरियों और एक गाय का शिकार किया जिससे प्रतीत होता है कि तेंदुओं की संख्या अधिक हो सकती है, जिस कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। वन विभाग ने घटना स्थल का जायजा लिया एवं ग्रामीणों को समझाईस भी दी एवं मुआवजा संबंधी प्रकरण भी बनाया गया। एवं ग्रामीणों को सतर्क रहने चेताया सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी गई, लेकिन आखिर तामिया से लगे गांव के पास तेंदुआ किस कारण आ रहा है। इस और कोई विभाग द्वारा गौर नहीं की गई। ऐसा ग्रामीणों का मानना है क्योंकि कुआं बादला सर्कल के जंगलों में बरसों से वन प्राणी ग्रामीणों द्वारा देखे जाते रहे हैं! लेकिन इस क्षेत्र में कुछ वर्षों से लगातार रेत के वाहन जंगल एवं उसे लगी नदियों में रात में जाते रहते हैं जिनके शोर गुलशन से परेशान होकर वो अपना ठिकाना बदलने मजबूर है क्योंकि इस क्षेत्र में चीतल भेड़की हिरण का शिकार कर पेट भरते थे, लेकिन इसी के चलते वन प्राणी जंगल के और भीतर चले गए जिस कारण तेंदुए को मजबूरन पालतू पशुओं का शिकार करना पड़ा जिसका परिणाम यह हुआ कि एक गाय और पांच बकरी का शिकार इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। वहीं लोगों का यह मानना है कि तामिया के जंगलों में लोगों की कैंपिंग, कैंफायर जैसी गतिविधियां होती थी, उसका भीअसर ग्रामीण कारण मानते हैं। अब जाकर वन विभाग ने प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगल में कैंपिंग करने वाले एवं पर्यटकों के रूप में प्रवेश करने वाले लोगों को जंगल में प्रवेश की मनाही की। यदि उल्लेखित कार्य विभाग द्वारा पूर्व में किए गए होते तो तेंदुए को पालतू पशु का शिकार करने मजबूर नहीं होना पड़ता। गनिमत यह रही कि तेंदुए का कोई नागरिक शिकार नहीं हुआ। इस तरह वन विभाग के बजाय तेंदुए की दहशत से जंगल में प्रवेश रुक सका है।

### 7 बकरियों और एक गाय का तेंदुए ने किया शिकार

**परासिया।** छिंदवाड़ा सतपुड़ा के जंगलों में बाघ और तेंदुए के दिखने और जानवरों को अपना शिकार बनाने के मामले आय दिन सामने आ रहे हैं। तामिया से भी एक मामला सामने आया है। यहां तामिया के चौड़ापठार में तेंदुए ने 7 बकरियों और 1 गाय को अपना शिकार बनाया। वन विभाग की टीम मौके पहुंची और घटना की जानकारी ली।मिली



जानकारी के अनुसार तामिया से लगभग 10 किलोमीटर दूर सुदूर पहाड़ी ग्राम चौड़ापठार में किसान फग्गू भारती की बकरियां शनिवार शाम घर नहीं लौटी तो रविवार सुबह किसान की पत्नी और बेटी ढूंढने के लिए जंगल की तरफ गए। यहां पहाड़ी में तलहटी क्षेत्र में 7 में से पांच बकरियां इधर - उधर मरी पड़ी दिखाई दी, दो बकरियां गायब मिली। किसान की पत्नी और बेटी को ये समझते देर नहीं लगी, कि उनकी बकरी को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया है। वे वहां से डर कर भागी और घर वालों को बताया। जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी अपनी टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे और बकरियों को एक जगह इकठ्ठा कर जंगल में छोड़ दिया गया, साथ ही जानवर मालिक को मुआवजा देने की बात कही गई। लोगों ने बताया, कि तेंदुए ने एक गाय को भी मारा है।

**लगभग 25 बकरियां आईं वापस :** ग्रामीणों ने बताया, कि ग्राम के सभी लोगों के जानवर जंगल में रोज चरने जाते हैं। शनिवार को भी 25 से 30 बकरियां चरने गईं थीं। उनमें से 7 बकरियों को छोड़ बाकी बकरियां भाग कर आ गईं।

### आरोप: झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से हुई युवक की मौत, कार्रवाई की मांग

**छतरपुर।** जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में बुखार का उपचार कराने गए युवक को एक झोलाछाप डॉक्टर ने कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन सौंपा और दोषी डॉक्टर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के बडेरा पुरवा निवासी 35 वर्षीय रमेश उर्फ रामसहाय कुशवाहा को बुखार होने पर वे गांव के ही निजी झोलाछाप डॉक्टर नरेंद्र चौरसिया के पास दवा लेने गए थे। मृतक के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने दवा देने के बजाय रमेश को एक इंजेक्शन लगा दिया, जिसके तुरंत बाद उनकी तबीयत और ज्यादा खराब हो गई।

# छेरछेरा लोकपर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया, अन्नदान से गूंजा गोरखपुर कस्बा

डिंडौरी।

गोरखपुर कस्बा एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में किसानों के लोकपर्व छेरछेरा (छेरता) को शनिवार को पारंपरिक रीति-रिवाज और उत्साह के साथ मनाया गया। पौष पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही बच्चों, युवाओं और युवतियों की टोलियां हाथों में टोकरी, बोरी और बर्तन लेकर घर-घर निकलीं। "छेरता कोठी के धान, हेरता" की लोकधुन के साथ अन्नदान की मांग की गई, जिससे पूरा गांव गूंज उठा लोकपर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों से धान, चावल, अनाज के साथ-साथ नगद राशि भी दान स्वरूप प्रदान की। बच्चों और युवाओं की टोली ने परंपरागत वेशभूषा में पूरे गांव का भ्रमण किया, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं द्वारा डंडा नृत्य का आकर्षक प्रदर्शन भी किया गया, जिसने पर्व की रौनक और बढ़ा दी।

### गांव के बाहर बना सामूहिक प्रसाद

छेरछेरा पर्व के दौरान दान में प्राप्त अनाज को सभी टोलियों द्वारा गांव के बाहर एकांत स्थान पर ले जाकर खिचड़ी और खीर बनाई गई। इसके बाद इसे प्रसाद के रूप में ग्रामीणों में वितरित किया गया। कई घरों में आलू चॉप, भजिया सहित पारंपरिक व्यंजन भी बनाए गए। पर्व के चलते किसानों ने पूरे दिन खेती-किसानी का कार्य बंद रखकर इस लोकउत्सव को समर्पित किया।



### वैवाहिक कार्यक्रमों की होती है शुरुआत

ग्राम के ब्रजेश कुशराम ने बताया कि छेरछेरा पर्व बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। वहीं पंडित महेश महाराज ने पर्व के धार्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पौष पूर्णिमा के दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद माघ माह से वैवाहिक कार्यक्रमों की शुरुआत होती है। पौष माह में मान्यतानुसार विवाह जैसे शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं, इसलिए यह पर्व सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

### छेरछेरा से जुड़ी मान्यताएं

छेरछेरा मुख्यतः किसानों का पर्व है, जो फसलों की कटाई और नई उपज से जुड़ा हुआ है। धान की फसल पकने और कोठी में अनाज भरने के बाद उसका कुछ हिस्सा दान में देने की प्राचीन परंपरा रही है। पूर्वजों की मान्यता है कि अन्नदान करने से घर में कभी अनाज की कमी नहीं होती। प्राचीन काल में रुपए-पैसे के स्थान पर धान का दान किया जाता था, जिसकी परंपरा आज भी किसी न किसी रूप में जीवित है।इस पर्व का इतिहास भी रोचक माना जाता है। कहीं इसे राजाओं की कथाओं से जोड़ा जाता है, तो कहीं अकाल से बचाव या देवी-देवताओं के चमत्कार से। अलग-अलग क्षेत्रों में यह पर्व अलग नामों से मनाया जाता है, लेकिन उद्देश्य एक ही है—स्नेह, भाईचारा और सामूहिकता को मजबूत करना। सामाजिक समरसता का प्रतीक छेरछेरा पर्व के दौरान सभी वर्गों के लोग बिना भेदभाव के एक साथ भोजन करते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। इससे समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना प्रबल होती है। मान्यताओं और परंपराओं के साथ यह लोकपर्व आज भी ग्रामीण जीवन में हर्षोल्लास और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बना हुआ है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायक ग्रेड-3 सस्पेंड किया

**डिंडौरी ।** महिला एवं बाल विकास कार्यालय, मेहंदवानी में अनुशासनहीनता के गंभीर आरोपों के चलते अब्दुल रफीक खान, सहायक ग्रेड-3 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, खान पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति आदेश वितरण और मुख्यमंत्री बाल आर्शीवाद/स पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता वसूलने में अनियमितता करने का आरोप है।परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास मेहंदवानी ने पहले श्री खान को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। उनके जवाब को संतोषप्रद नहीं पाए जाने के बाद, विभाग ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के तहत उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की।

# आयुष्मान योजना के नाम पर संगठित लूट, वर्षों से बीमार व्यवस्था का फायदा उठा रहे दलाल और बड़े अस्पताल

**डिंडोरी।** गरीबों और आदिवासी समाज के लिए जीवन रेखा कही जाने वाली आयुष्मान भारत योजना डिंडोरी जिले में लूट और दलाली का जरिया बनती जा रही है। ठंड का मौसम आते ही यह गोरखधंधा एक बार फिर पूरी तरह सक्रिय हो जाता है। स्थानीय दलालों और बड़े-बड़े निजी अस्पतालों की कथित मिलीभगत से वर्षों से भोले-भाले ग्रामीणों को इलाज के नाम पर ठगा जा रहा है।

### इलाज नहीं, सिर्फ आयुष्मान की वसूली

ग्रामीणों को रहने-खाने और मुफ्त इलाज का लालच देकर बसों में भरकर जबलपुर जैसे बड़े शहरों में ले जाया जाता है। वास्तविकता यह है कि अधिकांश मरीजों को सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार जैसी मामूली बीमारियां होती हैं, जिनका इलाज स्थानीय स्तर पर संभव है।अस्पतालों में न तो मरीजों की सही जांच होती है और न ही कोई गंभीर उपचार। औपचारिक इलाज दिखाकर आयुष्मान कार्ड से लाखों रुपए निकाल लिए जाते हैं। मरीजों को न समुचित दवा मिलती है और न ही सम्मानजनक सुविधाएं।ग्रामीणों का आरोप है कि जैसे ही आयुष्मान कार्ड की तय राशि पूरी हो जाती है, वैसे ही मरीजों को बिना पूरी तरह स्वस्थ किए अस्पताल से बाहर कर दिया जाता है। न आगे के इलाज की व्यवस्था, न फॉलो-अप, न कोई जवाबदेही।




### बस हादसे ने खोली सच्चाई

शहपुरा क्षेत्र राछो घाट के पास हुई बस दुर्घटना ने इस पूरे नेटवर्क की परतें खोल दीं। हादसे में घायल ग्रामीणों ने बताया कि बस में कोई भी गंभीर मरीज नहीं था। सभी सामान्य बीमारी के शिकार थे, जिन्हें जबरन इलाज के नाम पर ले जाया जा रहा था।सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह गोरखधंधा वर्षों से चल रहा है, फिर भी अब तक जिम्मेदार विभाग और प्रशासन आंख मूंदे क्यों बैठे रहे?एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा के बयान के बाद अब जिला कलेक्टर ने भी जांच शुरू करने की बात कही है।

### 5 सौ दीक्षित शिष्यों सहित 11 हजार लोग विशेष रूप से हुए शामिल

**छतरपुर।** सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को श्री सत्यनारायण की कथा श्रवण करने का हजारों लोगों को पुण्य फल प्राप्त हुआ। बागेश्वर महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि जीत का संबंध भीड़ से नहीं बल्कि भगवान से है। उन्होंने कहा कि महाभारत में एक तरफ लाखों की संख्या में सेना थी तो वहीं दूसरी तरफ भगवान के आश्रित पांच पांडव थे। परिणाम स्वरूप पांच पांडवों की विजय हुई। इस कथा में 500 दीक्षित शिष्यों के अलावा करीब 11हजार अन्य भक्तगण शामिल हुए। बागेश्वर धाम में शाम को प्रेत दरबार लगाए जाने के बाद 50 हजार स्क्वायर फीट में बने टीन शेड के नीचे श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन हुआ। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से पावन कथा श्रवण करने का मौका मिला। शायद यह हिंदुस्तान का पहला अवसर होगा जहां हजारों की संख्या में एक साथ लोगों ने श्री सत्यनारायण कथा का श्रवण किया हो। हाथ में अक्षत पुष्प लेकर सभी को कथा का संकल्प दिलाया गया। बागेश्वर महाराज ने सत्यनारायण व्रत कथा का वाचन करते हुए कहा कि यह ऐसी कथा है जो लोगों की व्यथा हरती है। महाराज श्री ने कहा कि श्री सत्यनारायण की कथा सुनने का अवसर बनाए रखना चाहिए। घर की किसी भी उत्साह पूर्ण गतिविधि में कथा आवश्यक रूप से श्रवण करना चाहिए। इस अवसर पर काशी विश्वनाथ के प्रधान पुजारी श्रीकांत मिश्रा परिवार सहित पधारे। वही सलिल कृष्ण भी कथा में उपस्थित हुए।

# 82 साल की आदिवासी महिला ने लगाया पड़ोसी युवक पर दुष्कर्म का आरोप

**रीवा। जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत 82 साल की आदिवासी बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बुजुर्ग महिला का आरोप है कि पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक ने रात के अंधेरे में उसे घर में अकेले पाकर। उसका गला दबाया फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया।**

पीड़ित बुजुर्ग ने इसकी शिकायत थाने में की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद बुजुर्ग महिला शनिवार को महिला थाने पहुंची और इसकी शिकायत की। सिरमौर थाना क्षेत्र का है, जहां रहने वाली एक 82 साल की बुजुर्ग आदिवासी महिला ने, पड़ोस में रहने वाले सुग्गा साकेत नामक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। बुजुर्ग महिला का आरोप है कि जब वो रात में घर पर अकेली थी तभी पड़ोस में रहने वाला युवक घर में घुस गया और पहले तो उसने उसका गला दबाया फिर जब वो बेहोश हो गई तो इस घिनौनी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। बताया गया की पीड़ित बुजुर्ग महिला घर पर अकेली ही रहती है, और उसके परिवार के लोग मजदूरी करते है। घटना के बाद पीड़िता ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन बुजुर्ग पीड़ित महिला को लेकर सिरमौर थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। लेकिन सिरमौर थाने में उसकी एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई, और न ही उसका मेडिकल हुआ। ऐसे में शनिवार को वो अपने परिजनों के साथ महिला थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। जिसके बाद मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आया और पीड़िता की एफआईआर महिला थाने में दर्ज की गई और उसका मेडिकल कराया गया। इस मामले को लेकर महिला थाना प्रभारी ने बताया कि घटना 10 दिसंबर की है। रिपोर्ट के आधार पर कायमी की गई है और मामले की जांच की जा रही है।



### अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस, दर्जन से अधिक लोग घायल

**छतरपुर।** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में रविवार को यात्रियों से भरी एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। खजुराहो रेलवे स्टेशन से पन्ना की ओर जा रही यह बस चंद्रनगर नहर के समीप दुर्घटना का शिकार हुई। हादसे के वक्त बस में क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई थीं और वाहन की गति भी काफी तेज बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया। चंद्रनगर नहर के पास प्राची कोच बस अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क किनारे पलट गई।

# बरमान मेले की तैयारियों का लिया जायजा

### दुकानदार व अन्य लोगों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिले मे लगने वाले ऐतिहासिक मेले को लेकर प्रशासन पूरी तरह चैकन्ना बना हुआ है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व बचाव के लिए स्थानीय लोगों तथा दुकानदारों को प्रशिक्षण देकर दुर्घटना से बचाव के उपाय से अवगत कराया गया। नर्मदा तट पर लगने वाले आगामी बरमान मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए भरोसेमंद बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस बार प्रशासन किसी भी तरह की चूक नहीं छोडना चाहता। इसी कड़ी में कलेक्टर के निर्देशानुसार बरमान रेतघाट क्षेत्र में संचालित भोजनालयों, दुकानों और नाव संचालन से जुड़े लोगों को सुरक्षा संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया साथ ही स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### आग से बचाव पर विशेष नजर

रेत घाट क्षेत्र में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आग से बचाव को विशेष रूप से केंद्र में रखा गया। भोजनालयों और दुकानों में गैस सिलेंडर, चूल्हे और अन्य ज्वलनशील सामग्री के उपयोग को देखते हुए आग लगने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्लाटून कमांडर होमगार्ड वीरेंद्र सूर्यवंशी, हवलदार अनुदेशक सुन्दर उईकार एवं उनकी टीम ने दुकानदारों को आग के विभिन्न प्रकारों की जानकारी दी और बताया कि किस स्थिति में किस तरह की अग्निशमन तकनीक अपनाई जानी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग की जानकारी देते हुए उसकी मैथड को व्यवहारिक रूप से समझाया गया। टीम ने बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सही तकनीक अपनाकर आग पर काबू पाया जा सकता है। इसके साथ ही गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई के तरीकों का भी प्रदर्शन किया गया। जिससे दुकानदार आपात स्थिति में सही निर्णय ले सकें।

### नाविकों को दिए सुरक्षा के निर्देश

इसी क्रम में नर्मदा तट पर नाव संचालन से जुड़े नाविकों को भी सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मेले के दौरान जीवन रक्षक जैकेट और लाइफ रिंग का उपयोग अनिवार्य रहेगा। नाविकों को बताया गया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा उनकी पहली जिम्मेदारी है और नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि बरमान मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आस्था और विश्वास का बड़ा केंद्र है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## चौरई पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही, 10 जुआरियों को किया गिरफ्तार

# जुआरियों से ताश के पत्तों सहित जब्त किए 1 लाख 12 हजार रूपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे द्वारा अवैध रूप से अवैध गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियो के विरूध्द कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिये गये है।

इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई भारती जाट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चौरई मोहन सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा रविवार के रात्रि में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कलकोटी में जुआ चल रहा है कि सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा रेड कार्यवाही की गयी जो मौके पर आरोपी राजा वर्मा, छोटो वर्मा, अस्फाक खान, सुशील वर्मा, प्रदीप तिवारी, हरलाल उईके, महेन्द्र बंदेवार, रामकुमार यादव, सुनील सोनी, दिनेश वर्मा मिले जिनसे 52 ताश के पत्ते एवं नगदी 1,12,000 रूपये जप्त किया गया है।



सभी आरोपियो के विरूध्द अप.क्र. 13/26 धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द किया गया है। सभी आरोपियो के विरूध्द धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी है।

### गिरफ्तार आरोपी

1. राजा वर्मा पिता भागलाल वर्मा उम्र 21 साल निवासी कलकोटी
2. छोटो पिता भोजे वर्मा उम्र 52 साल निवासी लोहारा
3. अस्फाक पिता हसीब खान उम्र 48 साल निवासी चौरई
4. सुशील पिता देवीलाल वर्मा उम्र 25 साल निवासी कलकोटी
5. प्रदीप पिता देवेन्द्र तिवारी उम्र 33 साल निवासी चौरई
6. हरलाल पिता उभेराम उईके उम्र 24 साल निवासी कलकोटी
7. महेन्द्र पिता महालाल बंदेवार उम्र 29 साल निवासी कलकोटी
8. रामकुमार पिता अमित यादव उम्र 32 साल निवासी चौरई
9. सुनील पिता भवानी प्रसाद सोनी उम्र 37 साल निवासी देवरीकला
10. दिनेश पिता शंभू वर्मा उम्र 28 साल निवासी कलकोटी

1. 52 ताश के पत्ते

**जप्त संपत्ति**

2. नगदी 1,12,000 रूपये

**महत्वपूर्ण भूमिका -** निरीक्षक मोहन सिंह मर्सकोले, प्र.आर.696 गोपाल साहू, राजू भारती, राजपाल बघेल,रोहित ठाकुर, राजेश सनोडिया की सराहनीय भूमिका रही।

# इस साल लार्ज-कैप पर फोकस करें व सेक्टर चयन में बरतें समझदारी

▶▶ स्मार्ट निवेशकों को 2026 के लिए निवेश के टिप हाई वैल्यूएशन और वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में लार्ज कैप सबसे बेस्ट

▶▶ 60% लार्ज-कैप, 15% मिड-कैप और 10% स्मॉल-कैप में रखना सही रहेगा, इसमें अच्छा रिटर्न देने की क्षमता

▶▶ बैंकिंग, फाइनेंशियल्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, कंज्यूमर डिस्क्रेशनरी, हेल्थकेयर और आईटी प्रमुख ग्रोथ सेक्टर रहेंगे

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

निवेश के नजरिये से देखा जाए तो वर्ष 2025 बेहद उतार-चढ़ाव वाला साल रहा। मिडकैप और स्मॉलकैप फंड्स ने जहां निवेशकों को निराश किया, वहीं लार्ज कैप फंड्स ने फायदा पहुंचाया है। अब बाजार के जानकारों का कहना है कि वर्ष 2026 के लिए निवेशकों निवेश के लिए धैर्य के साथ बेहतर रणनीति बनानी होगी, ताकि उनकी ग्रोथ बरकरार रह सके। अब 2026 में महंगाई के नियंत्रण में रहने, ब्याज दरों में संभावित कटौती और भू-राजनीतिक जोखिमों के धीरे-धीरे कम होने से बाजार के माहौल में सुधार की उम्मीद है। जानकारों ने 2026 में लार्ज-कैप शेयरों पर फोकस करने की सलाह है। हाई वैल्यूएशन और वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में लार्ज कैप कंपनियां ज्यादा स्थिरता, बेहतर बैलेंस शीट और मजबूत अर्निंग हासिल करती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पोर्टफोलियो का लगभग 60% लार्ज-कैप, 15% मिड-कैप और 10% स्मॉल-कैप में रखना सही रहेगा. मिड और स्मॉल-कैप में अवसर हैं, लेकिन केवल चुनिंदा और मजबूत कंपनियों में ही निवेश करना चाहिए। बैंकिंग, फाइनेंशियल्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, कंज्यूमर डिस्क्रेशनरी, हेल्थकेयर और आईटी प्रमुख ग्रोथ के सेक्टर रहेंगे। ऐसे में इन सेक्टरों पर निवेश के लिए फोकस किया जा सकता है।

## यह वर्ष सावधानी के साथ अवसर वाला

नए साल की शुरुआत भारतीय शेयर बाजार के लिए ज्यादा बैलेंस और उम्मीदों से भरी दिख रही है। 2025 में ग्लोबल टेंशन, हाई वैल्यूएशन और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बावजूद भारतीय बाजार घरेलू निवेशकों की मजबूत भागीदारी से टिका रहा। यह साल "सावधानी के साथ अवसर" वाला माना जा सकता है। एक ब्रोकरेज हाउस ने 2026 की इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी पर अपनी एक रिपोर्ट दी है। इसमें कहा गया है कि निवेशकों को लार्ज कैप फंड्स पर फोकस करना चाहिए, चूंकि लार्ज कैप कंपनियां ज्यादा स्थिरता प्रदान करती हैं।

## निवेश के लिए यह दी सलाह

ब्रोकरेज हाउस ने गोल्ड और सिल्वर में एलोकेशन घटाकर 5 फीसदी और डेट कैटेगरी (बॉन्ड/फिक्स्ड इनकम) में 10 फीसदी करने की सलाह दी है, ताकि स्थिरता और जोखिम संतुलन बना रहे। जैसे-जैसे वैश्विक जोखिम कम होंगे, इक्विटी की ओर झुकाव बढ़ेगा। निवेशक 60% लार्ज-कैप, 15% मिड-कैप और 10% स्मॉल-कैप में रखें। इसके अलावा गोल्ड, सिल्वर में 5% और डेट कैटेगरी में 10% निवेश की सलाह दी जाती है। इससे आपका पोर्टफोलियो बैलेंस रहेगा और निवेश में मुनाफा होगा, नुकसान नहीं।



## इन सेक्टर पर करें फोकस

सेक्टर लेवल पर, बैंकिंग और फाइनेंशियल्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, कंज्यूमर डिस्क्रेशनरी, हेल्थकेयर और आईटी 2026 के प्रमुख ग्रोथ सेक्टर माने गए हैं। ब्याज दरों में कटौती से बैंकों को क्रेडिट ग्रोथ का फायदा मिलेगा, जबकि सरकारी कैपेक्स और निजी निवेश में सुधार से इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों को सपोर्ट मिलेगा। टैक्स राहत, कम महंगाई और 8वें वेतन आयोग जैसी उम्मीदों से उपभोक्ता खर्च बढ़ने की संभावना है।

## टिकाऊ ग्रोथ वाला साल

कुल मिलाकर, 2026 को "धीरे लेकिन टिकाऊ ग्रोथ" का साल माना जा रहा है। निफ्टी-50 के लिए दिसंबर 2026 तक लगभग 29,150 का लक्ष्य रखा गया है, जो करीब 12% सालाना रिटर्न का संकेत देता है। हालांकि हाई वैल्यूएशन, विदेशी निवेशकों की वापसी में देरी और वैश्विक घटनाक्रम जोखिम बने रहेंगे। इसलिए 2026 की सबसे अच्छी निवेश रणनीति होगी-लार्ज-कैप पर फोकस, सेक्टर चयन में समझदारी, और डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो के साथ धैर्य।

## क्या हैं लार्जकैप फंड्स

लार्ज-कैप फंड्स उन कंपनियों में निवेश करते हैं, जिनकी मार्केट कैपिटलाइजेशन 20,000 करोड़ रुपये से अधिक होती है। ये फंड्स स्थिरता और कम जोखिम के लिए जाने जाते हैं, जो उन्हें लंबी अवधि के निवेशकों के लिए उपयुक्त बनाते हैं।

## टॉप लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड्स

- निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड : 5-वर्षीय रिटर्न 27% और 10-वर्षीय रिटर्न 16%
- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड : 5-वर्षीय रिटर्न 23% और 10-वर्षीय रिटर्न 16%
- एचडीएफसी लार्ज कैप फंड : 5-वर्षीय रिटर्न 23% और 10-वर्षीय रिटर्न 14%
- इन्वेस्को इंडिया लार्जकैप फंड : 5-वर्षीय रिटर्न 22% और 10-वर्षीय रिटर्न 15%
- टाटा लार्ज कैप फंड : 5-वर्षीय रिटर्न 21% और 10-वर्षीय रिटर्न 14%

## लार्ज-कैप फंड्स के फायदे

- स्थिरता और कम जोखिम
- लंबी अवधि के निवेश के लिए उपयुक्त
- अनुभवी फंड मैनेजर्स द्वारा प्रबंधित
- विविध पोर्टफोलियो

# बिना बिल घर में रख सकते हैं कितना सोना, समझ लें नियम

■ शादी, विरासत और गिफ्ट में मिले गोल्ड पर ऐसे है टैक्स के नियम

■ अगर सोने के गहने या आभूषण वैध आय से प्राप्त किए गए हैं और करदाता उसका स्रोत बताए

जानकारी
बिजनेस डेस्क

भारत में शादी ब्याह का सीजन चल रहा है। इसका मतलब है कई पारिवारिक कार्यक्रम और साथ ही घरों में लॉकर से सोना निकालकर दुल्हन के गहनों में शामिल किया जाना। आम धारणा के उलट, भारत में किसी व्यक्ति या परिवार के पास सोने की मात्रा पर कोई कानूनी सीमा नहीं है। शर्त सिर्फ यह है कि सोना खरीदने या पाने का स्रोत बताया जा सके। ज्यादातर लोग जिन सीमाओं का जिक्र करते हैं, वे सीबीडीटी (सीबीडीटी) की नॉन-सीजर गाइडलाइंस से जुड़ी हैं। ये गाइडलाइंस आयकर विभाग की तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के दौरान लागू होते हैं। ये सोना रखने की सीमा नहीं हैं, बल्कि वह मात्रा है, जिनके भीतर होने पर, दस्तावेज न होने की स्थिति में भी आमतौर पर गहने जब्त नहीं किए जाते।



### ये बातें नजरअंदाज न करें

ये लचीले नियम सिर्फ व्यक्तिगत और घरेलू इस्तेमाल के गहनों पर लागू होते हैं, न कि इन मामलों में निवेश के तौर पर जमा किया गया सोना, बड़ी मात्रा में रखे गए बुलियन, सिक्के या सोने की ईंटें, बिना वित्तीय स्रोत बताए ट्रेडिंग या सट्टे के लिए जमा किया गया सोना अगर सोने की मात्रा तय सीमा से ज्यादा है और उसका स्रोत नहीं बताया जा सकता, तो अतिरिक्त सोना अघोषित निवेश माना जा सकता है। ऐसे में भारी टैक्स और जुर्माना लगाया जा सकता है।

*फाइनेंशियल एक्सपर्ट के अनुसार आज के समय में इसका मतलब रुपये के लिहाज से क्या होता है। एक सामान्य परिवार, जिसमें पति, पत्नी और एक अविवाहित बेटी शामिल हों, उसके लिए कानूनी रूप से स्वीकार्य सोने की मात्रा इस प्रकार है। पत्नी 500 ग्राम, पति 100 ग्राम, बेटी 250 ग्राम। इस तरह कुल सोना 850 ग्राम होता है।*

### कितना सोना रखना कानूनी रूप से सही

अगर सोने के गहने या आभूषण वैध आय से प्राप्त किए गए हैं और करदाता उसका स्रोत समझा सकता है, तो उन्हें रखने पर कोई पाबंदी नहीं है। इसमें विरासत में मिला सोना भी शामिल है। हालांकि, एक तय मात्रा तक सोना रखने के लिए स्रोत बताने की जरूरत नहीं होती।" विवाहित महिला 500 ग्राम तक सोने के गहने रख सकती है, अविवाहित महिला 250 ग्राम तक सोने के गहने रख सकती है। वहीं, पुरुष 100 ग्राम तक सोने के गहने रख सकते हैं। हिंदू अविभाजित परिवार सोने की मात्रा का आकलन परिवार की आय और सामाजिक स्थिति के आधार पर किया जाता है, इसके लिए कोई तय सीमा नहीं है। ये सीमाएं भारतीय सामाजिक परंपराओं- जैसे शादी, विरासत और पारिवारिक उपहार- को ध्यान में रखकर तय की गई हैं और इन्हें घरों में रखे जाने वाले सोने की उचित मात्रा माना जाता है। ये तय सीमाएं केवल उसी व्यक्ति के परिवार के सदस्यों पर लागू होती हैं, जिसके खिलाफ आयकर विभाग की तलाशी (टैक्स सर्च) की कार्रवाई की जाती है। यदि तलाशी के दौरान परिवार के सदस्यों के अलावा किसी और के आभूषण पाए जाते हैं, तो उन्हें कर अधिकारियों द्वारा जब्त किया जा सकता है।

### यह स्पष्टता क्यों जरूरी

यह अंतर परिवारों के लिए बेहद अहम है, क्योंकि इससे टैक्स सर्च के दौरान बेवजह की घबराहट से बचाव होता है। भारतीय संस्कृति और परंपरा में गहनों के महत्व को मान्यता मिलती है। वैध घरेलू संपत्ति और अघोषित आय के बीच साफ फर्क किया जा सकता है। गलत जानकारी के कारण होने वाली महंगी कानूनी या अनुपालन संबंधी गलतियों से बचाव होता है। अधिकांश गलतियां दो छोरों पर होती हैं या तो लोग मान लेते हैं कि बिना बिल का कोई भी सोना अवैध है, या फिर बड़ी मात्रा में रखे गए, बिना स्रोत बताए गए सोने के लिए जरूरी दस्तावेजों को पूरी तरह नजरअंदाज कर देते हैं। यदि कोई व्यक्ति वर्षों में घोषित आय से खरीदे गए सोने का स्रोत साबित कर सकता है, तो वह कितनी भी मात्रा में सोना रख सकता है। इसी तरह, उपहार या विरासत में मिले सोने के मामले में भी संबंधित बिल, वसीयत, डीड या अन्य दस्तावेज होने चाहिए।

# चांदी में 2026 में भी बड़ी संभावनाएं लेकिन संभलकर करना होगा निवेश

● बिना रणनीति और जोखिम प्रबंधन के निवेश हो सकता है रिस्की ● अगले 1-2 साल में 90–100 डॉलर प्रति औंस की ओर बढ़त संभव ● एमसीएक्स पर डेढ़ माह में चांदी करीब 50% तक उछली

सुझाव
बिजनेस डेस्क

पिछले डेढ़ महीने में चांदी ने जो रफ्तार दिखाई है, उसने निवेशकों को चौंका दिया है। इस दौरान एमसीएक्स पर चांदी करीब 50% तक उछल चुकी है और अब सवाल यही है कि क्या यह सिर्फ एक तेज रैली है या इसके पीछे कोई गहरी वजह छिपी है? हकीकत यह है कि यह उछाल अफवाहों या सट्टेबाजी का नतीजा नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर चांदी की भूमिका में आए बड़े बदलाव का संकेत है। फिलहाल इस सुपर रैली के बाद निवेशकों को चांदी में क्या करना चाहिए। जानकारों का कहना है कि चांदी 2026 में भी निवेशकों की चांदी करवाएगी, लेकिन इसके लिए लोगों को संभलकर निवेश करना होगा और रणनीति बनानी होगी, ताकि बाद में पछताना न पड़े। सर्राफा बाजार के जानकारों का कहना है कि चांदी की भूमिका वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। अगर इंडस्ट्रियल डिमांड और सप्लाई की बनी रहती है, तो अगले 1-2 साल में 90–100 डॉलर प्रति औंस की ओर बढ़त संभव है। यह निवेशकों को मालामाल कर सकती है।

### चांदी की भूमिका में बड़ा बदलाव

जानकारों का कहना है कि कई सालों तक चांदी को या तो गहनों के लिस मेटल माना गया या फिर ट्रेडिंग के लिए इस्तेमाल होने वाला मेटल, लेकिन अब यह सोच बदल चुकी है। आज चांदी रणनीतिक इंडस्ट्रियल मेटल बन चुकी है। रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रिफिकेशन, डिजिटल इकॉनमी और रक्षा क्षेत्र में बढ़ती जरूरतों ने चांदी को उत्पादन के लिए अनिवार्य बना दिया है। यही वजह है कि इसकी मांग अब अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी बनती जा रही है।

### इंडस्ट्रियल डिमांड क्यों है मजबूत

चांदी की सबसे बड़ी ताकत है इसकी बेहतरीन इलेक्ट्रिकल कंडक्टिविटी, जो इसे सोलर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर्स, पावर ग्रिड और डिफेंस सिस्टम्स में बेहद जरूरी बनाती है। इन क्षेत्रों में कीमत से ज्यादा भरोसे और प्रदर्शन को अहमियत दी जाती है। इसका मतलब यह है कि दाम बढ़ने के बावजूद कंपनियां चांदी खरीदना बंद नहीं कर सकतीं। इसी वजह से चांदी की मांग अब प्राइस इनेलास्टिक हो गई है और गिरावट पर तुरंत सपोर्ट देखने को मिलता है।

### ये रैली, पिछली रैलियों से क्यों अलग

लंबे समय तक चांदी की कीमतें फ्यूचर्स और पेपर ट्रेडिंग से तय होती रहीं, लेकिन जैसे ही ग्लोबल स्तर पर दाम संवेदनशील स्तरों तक पहुंचे, फिजिकल उपलब्धता का सवाल खड़ा हो गया। सप्लाई टाइट हुई, सेलर्स पीछे हटे और खरीदार मजबूर होकर ऊंचे दाम पर खरीदने लगे. नतीजा तेज सिंगल-डे मूव्स और लगातार ऊंची क्लोजिंग, जो यह दिखाते हैं कि बाजार अब राय नहीं, बल्कि हकीकत के आधार पर कीमत तय कर रहा है। आगे चलकर चांदी में संभावनाएं बनी हुई हैं। अगर इंडस्ट्रियल डिमांड और सप्लाई की कमी बनी रहती है, तो अगले 1-2 साल में 90-100 डॉलर प्रति औंस की ओर बढ़त संभव है, लेकिन इतिहास यह भी बताता है कि चांदी बेहद अस्थिर (वोलेटाइल) कमोडिटी है। 1980 और 2011 की तरह तेज रैली के बाद गहरी गिरावट भी आ सकती है। लंबे समय में 40 डॉलर प्रति औंस एक अहम सपोर्ट जोन माना जाता है। इसलिए चांदी में निवेश मौका जरूर है, लेकिन बिना रणनीति और जोखिम प्रबंधन के निवेश रिस्की हो सकता है।




### चांदी में निवेश के विकल्प

- **फिजिकल चांदी :** आप बाजार से चांदी के सिक्के, गहने या बार खरीद सकते हैं। इसमें चोरी या शुद्धता की चिंता रहती है, इसलिए बीआईएस हॉलमार्क्ड चांदी ही खरीदना चाहिए।
- **सिल्वर ईटीएफ :** ये एक ऐसा फंड है जो चांदी की कीमतों पर आधारित है। इसमें पैसा चांदी की कीमत के हिसाब से बढ़ता-घटता है। ये स्टॉक एक्सचेंज पर शेयरों की तरह ट्रेड होते हैं।
- **म्यूचुअल फंड्स :** चांदी से जुड़े म्यूचुअल फंड्स भी अच्छे विकल्प हैं। कमोडिटी फंड, खनन कंपनियों के शेयर और एमसीएक्स फ्यूचर्स-ऑप्शन्स भी विकल्प हैं।
- सोवरिन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) की तरह सिल्वर बॉन्ड : सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं, जो चांदी की कीमतों से जुड़े होते हैं।
- **चांदी के शेयर :** चांदी की खनन करने वाली कंपनियों के शेयरों में निवेश कर सकते हैं, जैसे कि फर्स्ट मैजेस्टिक सिल्वर कॉर्प, पैन अमेरिकन सिल्वर कॉर्प और एंडेवर सिल्वर कॉर्प।

**अलर्ट** हर व्यक्ति कमाई को सही तरीके से निवेश कर बन सकता है मजबूत

## बचत करने के लिए स्पष्ट योजना बनाएं और भविष्य को सुरक्षित करें

# मनी मैनेजमेंट के टिप्स अपनाएं जेब कभी भी नहीं होगी खाली, सेविंग को पहले रखें और खर्च बाद में करें

समझदारी
बिजनेस डेस्क

आज के समय में बहुत से लोग अच्छी कमाई करते हैं, लेकिन हर महीने यह महसूस करते हैं कि पैसा जैसे जेब से गायब हो जाता है। उनके पास कोई स्पष्ट योजना नहीं होती कि पैसा कहां जा रहा है और आखिर बचत कैसे करनी चाहिए। यह समस्या आज के समय में लगभग हर घर में देखने को मिलती है। कई लोग सही तरीके से पैसे को मैनेज नहीं करते, जिसकी वजह से ठीक-ठाक कमाई होने के बावजूद आर्थिक तनाव बना रहता है। अधिकतर लोगों में यही गलती रहती है कि वो कमाते तो ठीक-ठाक हैं, लेकिन पैसों को संभालने का कोई सिस्टम नहीं बनाते। इससे हर महीने के अंत में पैसे के मामले में निराशा होती है। अगर सही मनी मैनेजमेंट टिप्स अपनाए जाएं, तो कमाई को सही दिशा में लगाया जा सकता है और खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ टिप्स जो आपको सही मनी मैनेजमेंट के गुर सिखाएंगे।

### खर्च करने से पहले बचत को ऑटोमैटिक बनाएं

पहला और सबसे महत्वपूर्ण सुझाव है कि सेविंग को पहले रखें और खर्च बाद में करें। ज्यादातर लोग महीने का पूरा बजट बनाने के बजाय जितना बचेगा उतना बचत में डालते हैं, लेकिन यह तरीका अक्सर काम नहीं करता।

उनका सुझाव है कि महीने के पहले दिन ही अपने अकाउंट से एक तय रकम ऑटोमैटिक ट्रांसफर करें। यह रकम बचत खाते या निवेश खाते में जा सकती है। इससे न सिर्फ बचत हो जाएगी, बल्कि मन में पैसों को लेकर तनाव भी कम होगा। ऑटोमैटिक बचत करने वाले लोग महीने के अंत में पैसे के मामले में ज्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं और बड़े खर्चों के लिए भी तैयार रहते हैं।



### हर खर्च को ऐप में ट्रैक करें

दूसरा टिप है बजटिंग ऐप्स का इस्तेमाल करना। कई लोग खर्च सिर्फ याददाश्त या नोटबुक पर रखते हैं, लेकिन इस तरह उनका सही हिसाब नहीं बन पाता। बजटिंग ऐप्स के माध्यम से हर छोटा-बड़ा खर्च रिकॉर्ड करें। जब लोग हर खर्च को ऐप में नोट करते हैं, तो उन्हें पता चलता है कि पैसा वास्तव में कहां जा रहा है। छोटे-छोटे खर्च जैसे कैफे में कॉफी, ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन या अनावश्यक शॉपिंग मिलकर बड़ी रकम बनाते हैं।" ऐप्स आपको खर्च के हिसाब से रिपोर्ट भी देते हैं, जिससे पता चलता है कि किस जगह से बचत की जा सकती है।

### कैशबैक और रिवॉर्ड्स से स्मार्ट कमाई करें

तीसरा टिप है कैशबैक और रिवॉर्ड। आजकल लगभग हर बैंक, क्रेडिट कार्ड और पेमेंट ऐप में रिवॉर्ड पॉइंट्स, कैशबैक और रेफरल बोनस होते हैं। छोटे-छोटे ऑफर्स को इग्नोर करने से आप अपनी कमाई का हिस्सा गंवा सकते हैं। यूपीआई ऑफर्स, क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड्स और रेफरल बोनस को जोड़कर देखें, तो सालाना लाखों रुपये तक की बचत या स्मार्ट रिटर्न संभव है। यह तकनीक केवल उन लोगों के लिए नहीं है जो बड़ी कमाई करते हैं, बल्कि छोटे खर्च वाले लोग भी इसका फायदा उठा सकते हैं।

### दोस्तों के साथ खर्च बांटें, बोझ न लें

कई बार लोग पूरी बिलिंग खुद उठाते हैं, चाहे वह डिनर हो, मूवी टिकट हों या ट्रिप का खर्च। चौथा टिप है कि खर्च को आपस में शेयर करें। आजकल कई ऐप्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ऐसे हैं जो दोस्तों के साथ खर्च बांटना आसान बनाते हैं। जब आप खर्च शेयर करते हैं, तो न केवल आपकी जेब पर बोझ कम होता है, बल्कि पैसे के इस्तेमाल का हिसाब भी साफ रहता है। इससे अनावश्यक उधारी लेने की जरूरत भी नहीं पड़ती।"

### पैसे के लिए सिस्टम बनाएं, तनाव खुद कम होगा

छठा और अंतिम टिप यह है कि पैसे के लिए सिस्टम बनाएं। जब हर महीने का खर्च, बचत और निवेश तय सिस्टम के अनुसार होता है, तो मानसिक तनाव अपने आप कम हो जाता है। कई लोग पैसों के मामले में तनाव में रहते हैं, लेकिन जब एक साधारण सिस्टम अपनाया जाता है, जैसे ऑटो सेविंग, खर्च ट्रैक करना और निवेश करना, तो चिंता अपने आप कम हो जाती है। यह तरीका मानसिक शांति के साथ-साथ आर्थिक मजबूती भी देता है।

### छोटी बचत को लंबी निवेश आदत बनाएं

पांचवां टिप है एसआईपी या लंबी अवधि के निवेश में छोटी बचत को बदलना। अक्सर लोग सोचते हैं कि सिर्फ बड़ी रकम का निवेश करना ही फायदा देगा, लेकिन बाजार के जानकारों का कहना है कि छोटी रकम भी लंबी अवधि में वेल्थ क्रिएट कर सकती है। वो कहते हैं सिर्फ 500 रुपये महीना भी एसआईपी में निवेश करके 10-15 साल में अच्छी राशि जमा की जा सकती है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह आदत बन जाती है और नियमित निवेश से वित्तीय सुरक्षा मिलती है।



# कुश्तीबाजी दिखाने आ रही 'चथा पचा', पोस्टर जारी...

**मुंबई।** निर्देशक अध्वैथ नायर की बहुप्रतीक्षित एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'चथा पचा' का इंतजार खत्म होने वाला है। निर्माताओं ने फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। फिल्म का निर्माण रील वर्ल्ड एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है, जिसे मलयालम भाषा के अलावा हिंदी, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु में रिलीज किया जाएगा। अर्जुन अशोकन, रोशन मैथ्यू और विशाक नायर अभिनीत 'चथा पचा' के हिंदी वर्जन की जिम्मेदारी करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन ने उठाई है। 'चथा पचा' की कहानी, केरल की कुश्ती संस्कृति पर आधारित है, जिसके संगीत की जिम्मेदारी दिग्गज तिकड़ी शंकर, एहसान, लॉय ने संभाली है।

लाइफ Style

# मलविका

## 'सालार' को लेकर किया खुलासा

साउथ सुपरस्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में छाए हैं। इसमें उन्हें हॉरर के साथ रोमांस का तड़का लगाते हुए भी देखा जाएगा। अभिनेत्री मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सुपरस्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में छाए हैं। इसमें उन्हें हॉरर के साथ रोमांस का तड़का लगाते हुए भी देखा जाएगा। अभिनेत्री मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म प्रमोशन के दौरान मालविका ने एक दिलचस्प खुलासा किया। उन्होंने बताया कि प्रभास के साथ उनकी पहली फिल्म 'सालार' हो सकती थी। बता दें कि प्रशांत नील द्वारा निर्देशित इस फिल्म में श्रुति हासन नजर आई थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, मालविका ने बातचीत में बताया कि उनकी पहली तेलुगु फिल्म 'सालार' होती, क्योंकि निर्देशक ने उनसे संपर्क किया था। उन्होंने कहा, 'मास्टर' की रिलीज के बाद मुझे फोन आया कि प्रशांत, प्रभास संग एक फिल्म बना रहे हैं और मुझसे मिलना चाहते हैं। मैं उनसे मिली और सबकुछ ठीक रहा, लेकिन किसी कारणवश बात नहीं बनी। अब 'द राजा साब' के साथ ऐसा मुमकिन हुआ है और मैं प्रभास सर के साथ काम कर रही हूं। 'द राजा साहब' में मालविका, 'भैरवी' नाम का एक किरदार निभाती हुए दिखाई देंगी। उन्होंने इस बारे में बात करते हुए कहा, मारुति सर ने मुझे बताया है कि दर्शक मुझे फिल्म में कई अवतारों में देखेंगे।



हॉलीवुड मसाला

# नूपुर और स्टेबिन ने की सगाई



**लॉस एंजिल्स।** नूपुर सानोन ने सिंगर स्टेबिन बेन से अपनी सगाई की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है। यह खबर इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें तस्वीरें दिखाई गईं। कई फोटो में वह अपनी खूबसूरत सगाई की अंगूठी को प्राउडली फ्लॉन्ट कर रही हैं। ये ड्रीमी प्रपोजल एक खूबसूरत से व्यू के साथ याच में हुआ, जिसने इस मौके को किसी परी कथा जैसा बना दिया। वहां 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' लिखा हुआ एक बड़ा सा होर्डिंग लगा था, जो पूरे माहौल को रोमांटिक फिल्म के सीन जैसा बना रहा था।




# उत्पीड़न के आरोपों को विल ने बताया झूठा और बेबुनियाद

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के चर्चित एक्टर विल स्मिथ पर ब्रायन किंग जोसेफ नाम के वायलिन प्लेयर ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है। अब इस मामले पर विल स्मिथ ने भी चुप्पी तोड़ी है। वह वायलन प्लेयर के आरोपों को झूठा बता रहे हैं। विल स्मिथ के वकील एलेन ग्रोडस्की ने एक्टर पर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। वह इन आरोपों को झूठा और गैर-जिम्मेदाराना बताते हैं। वकील ने यह भी कहा कि विल स्मिथ इन आरोपों का कानूनी तरीके से जवाब देंगे। एक्टर इस मामले की पूरी सच्चाई सामने लाएंगे। ब्रायन किंग जोसेफ ने 'बेस्ड ऑन अ ट्रू स्टोरी 2025' टूर के दौरान स्मिथ के साथ परफॉर्मेंस दी थी। उन्होंने हाल ही में लॉस एंजिल्स की एक अदालत में अभिनेता और उनकी मैनेजमेंट फर्म ट्रेबॉल स्टूडियोज मैनेजमेंट के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।




# 'टॉक्सिक' में पहली बार देखेंगे ऐसा रूप

**मुंबई।** फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। फिल्म के कलाकारों की एक के बाद एक झलकियों ने इस उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। अब तारा सुतारिया का दमदार और अनोखा लुक सामने आया है, जिससे इस फिल्म की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। इस नए पोस्टर में तारा एक अनदेखे अवतार में नजर आ रही हैं और इसी के साथ फैंस के लिए 19 मार्च की रिलीज का इंतजार और तेज हो गया है। फिल्म 'टॉक्सिक' की दुनिया बहुत गहरी और रहस्यमयी है, जिसमें चार चांद लगाे आ रही हैं तारा उर्फ रेबेका। रेबेका एक आकर्षक, शक्तिशाली और खतरनाक लड़की है, जो खुद की सुरक्षा करना जानती है और अपने फैसलों में सशक्त है। इस फिल्म के जरिए तारा अपनी प्यारी वाली छवि छोड़ एक कठिन, खतरनाक और रहस्यमयी दुनिया में कदम रख रही हैं।



# टाइगर के साथ करेंगी बॉलीवुड में डेब्यू

**मुंबई।** अभिनेत्री कृति शेट्टी दक्षिण सिनेमा में पहचान की मोहताज नहीं हैं। फिलहाल तो वह अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर खबरों में बनी हैं। ऐसी चर्चा है कि अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने 'मस्ती 4' के निर्देशक मिलाप जावेरी से हाथ मिलाया है। दोनों एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए साथ आए हैं, जिसे टी-सीरीज प्रोड्यूस करेगा। इस फिल्म के लिए कृति का नाम सामने आया है। इन खबरों पर अभिनेत्री ने खुद प्रतिक्रिया दी और बॉलीवुड डेब्यू को लेकर बात की है। रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर और मिलाप की फिल्म के लिए कृति से संपर्क तो किया गया, लेकिन अनुबंध पर हस्ताक्षर अभी नहीं किए गए हैं। जब अभिनेत्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे कुछ प्रस्ताव तो मिले थे, लेकिन कभी-कभी तारीखें मेल नहीं खाती थीं और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का काम करने का तरीका बहुत अलग है।

टीवी मसाला



# नए साल में तहलका मचाने आ रहे कई रियलिटी शो...

**मुंबई।** नए साल में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी की दुनिया तैयार है। कई भारतीय रियलिटी शो आने के लिए कमर कस चुके हैं। इनमें से कुछ शोज ऐसे हैं, जो पिछले कई साल से लोगों का प्यार बटोरते आ रहे हैं। एक नाम अक्षय कुमार का भी है। 'खतरों के खिलाड़ी' के कुछ सीजन करने के बाद अभिनेता फिर टीवी की दुनिया पर राज करने लौट रहे हैं। आइए, जानते हैं इन आगामी रियलिटी शो के बारे में।

## 'मास्टरशेफ इंडिया 9' और 'शार्क टैंक इंडिया 5'

सोनी लिव का लोकप्रिय कुकरी शो 'मास्टरशेफ इंडिया' 9वें सीजन के साथ लौट रहा है। 5 जनवरी, 2026 से इस शो का प्रसारण किया जाएगा। दिलचस्प बात ये है कि नए सीजन में मशहूर शेफ की तिकड़ी यानी शेफ रणवीर बरार, विकास खन्ना और कुणाल कपूर एक साथ आ रहे हैं। कम समय में सबसे जल्दी चर्चित होने वाला रियलिटी शो 'शार्क टैंक इंडिया' अपने 5वें सीजन के साथ दस्तक दे रहा है। यह भी 5 जनवरी से शुरू होगा।

## 'स्प्लिट्सविला 16' और 'द 50'

सनी लियोनी और करण कुंद्रा का रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला' कई साल से लोगों का पसंदीदा बना हुआ है। अब यह शो अपने 16वें सीजन के साथ लौट रहा है। इसे 9 जनवरी, 2026 से जियो हॉटस्टार और एमटीवी पर टेलीकास्ट किया जाएगा। दूसरी तरफ जियो हॉटस्टार पर नया रियलिटी शो 'द 50' दस्तक देने को तैयार है। निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं किया है, लेकिन अटकलें हैं कि यह फ्रेंच सीरीज 'लेस सिंकुआंटे' पर आधारित होगा।

## 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' और 'खतरों के खिलाड़ी 15'

'खिलाड़ी कुमार' नाम से मशहूर, अक्षय को प्रशंसक नए रियलिटी शो में देखेंगे, जिसका नाम 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' है। सोनी लिव पर आने वाले इस शो की स्ट्रीमिंग तारीख अभी नहीं आई है। इसकी थीम हैंगमैन खेल पर आधारित होगी। रोहित शेट्टी का लोकप्रिय स्टंट शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' इस साल 2026 में लौट रहा है। पिछले साल शो का प्रसारण न होने से लोगों का दिल टूट गया था। हालांकि, इस बार यह शो वापसी को तैयार है।

# 'धुरंधर' वाला पैंतरा अपनाने चले शाहरुख और भंसाली

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' का असर सिर्फ दर्शकों पर नहीं, बल्कि फिल्म निर्माताओं पर भी दिख रहा है। इसके सीक्वल 'धुरंधर 2' (19 मार्च) को देखते हुए कई फिल्मों की रिलीज तारीख बदलने की भी चर्चा है। अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' और 'आवारापन 2' की रिलीज (अप्रैल, 2026) तारीख बदली जा सकती है, वहीं कुछ फिल्म निर्माता 'धुरंधर' के 'सीक्वल' वाला पैंतरा अपनाने की सोच रहे हैं। इसमें बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' और 'लव एंड वार' शामिल है।



***2 किस्तों में रिलीज हो सकती है 'किंग' :*** शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' का निर्माण जोर-शोर से चल रहा है। निर्माता इसमें कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। कुछ ऐसी ही अपेक्षाएं संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वार' से हैं, जिसमें आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्र ने बताया है कि दोनों ही फिल्मों को 2 भागों में बांटकर 6 महीने से कम के अंतराल में रिलीज करने पर विचार किया जा रहा है।

***2027 तक रिलीज किए जाने की योजना :*** सूत्र ने आगे बताया कि 'लव एंड वॉर' अगस्त, 2026 और जनवरी, 2027 में रिलीज हो सकती है, वहीं 'किंग' सितंबर, 2026 और मार्च, 2027 में रिलीज करने पर विचार चल रहा है। हालांकि, ऐसा तभी होगा, जब दोनों दिग्गजों के पास अपनी-अपनी फिल्मों को 2 भागों में दिखाने के लिए पर्याप्त फुटेज होंगे। कुछ फिल्म निर्माता 'सीक्वल' वाले फॉर्मूले को अपनाने के लिए लंबी-लंबी स्क्रिप्ट भी लिख रहे हैं। खैर इन अटकलों पर अभी आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# बीते साल चला साउथ के इन सितारों का सिक्का, मिलकर लूटे 2,200 करोड़

*मुंबई। बीते साल आई साउथ की कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाल मचाया। साउथ के सितारों की इन फिल्मों ने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि कमाई के मामले में भी नए रिकॉर्ड बनाए। इन सभी सितारों ने मिलकर बॉक्स ऑफिस पर करीब 2,200 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया। आइए जानें कौन हैं दक्षिण भारतीय सिनेमा के वो सितारे या कौन-सी हैं वो फिल्में, जिन्होंने 2025 में बॉक्स ऑफिस पर धमाका किया।*

***ऋषभ शेट्टी (कांतारा: चैप्टर 1)*** - ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' ने 2025 में




बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। गांव की लोककथाओं, रहस्यमय वनों और परंपराओं पर आधारित इस फिल्म ने अपने दमदार एक्शन, विजुअल्स और कहानी के जरिए साउथ बॉक्स ऑफिस पर खूब राज किया। रिलीज होते ही फिल्म दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गई और देखते ही देखते ब्लॉकबस्टर बन गई। नेटफ्लिक्स पर मौजूद 30 करोड़ के बजट में फिल्म ने दुनियाभर में 900 करोड़ रुपये कमाए थे।

***कल्याणी प्रियदर्शन (लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा)*** - 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' 2025 की बड़ी



ब्लॉकबस्टर फिल्म बनकर उभरी, जिसकी नायिका कल्याणी प्रियदर्शन थीं। इस मलयालम भाषा की सुपरहीरो थ्रिलर फिल्म का निर्देशन डोमिनिक अरुण ने किया था और इस पर पैसे ढुलकर सलमान ने लगाए थे। फिल्म ने 28 अगस्त, 2025 को रिलीज होते ही टिकट खिड़की पर तहलका मचा दिया था। 30 करोड़ रुपये इस फिल्म को बनाने में खर्च हुए थे और इसकी कमाई थी 300 करोड़ रुपये।

***रजनीकांत (कुली) :*** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' ने भी खूब धमाल मचाया था। फिल्म में रजनीकांत एक दमदार और प्रभावशाली किरदार में नजर आए थे, जिसे उनके प्रशंसकों ने खूब



सराहा। एक्शन, स्टाइल और सुपरस्टार रजनीकांत की करिश्माई मौजूदगी ने फिल्म को खास बना दिया। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रुति हासन और नागार्जुन अक्किनेनी भी थे। 350 करोड़ के बजट वाली 'कुली' ने 514 करोड़ रुपये कमाए थे।

***वेंकटेश दग्गुबाती (संक्रांतिकी वस्थूनम), मोहनलाल (L2: एम्पुरान) :***



वेंकटेश दग्गुबाती की फिल्म 'संक्रांतिकी वस्थूनम' ने संक्रांति के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म में वेंकटेश ने सबका दिल जीत लिया, वहीं इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म की कहानी भी दर्शकों को बेहद पसंद आई।

## आप शुरू से लेकर अंत तक इस सफर का अहम हिस्सा रहे हैं

# 'केबीसी 17': अमिताभ की आंखें नम, बोले- ये तालियां कल किसी और के लिए बजेंगी

*मुंबई। टीवी के सबसे लोकप्रिय शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन अपने भव्य फिनाले के साथ यादगार एहसासों के बीच समाप्त हो चुका है। फिनाले के अंत में बॉलीवुड के शहंशाह और इस शो के होस्ट अमिताभ बच्चन भावुक हो गए। करीब 2 दशकों से इस शो का चेहरा बने अमिताभ ने दर्शकों के साथ अपने गहरे जुड़ाव और यादगार पलों को याद किया। उनकी विदाई ने न केवल टीवी पर दर्शकों, बल्कि उनके लाखों-करोड़ों फैंस को भावुक कर दिया।*



## ये विदाई नहीं, जुदाई है

अमिताभ ने जब विदाई पर बात करनी शुरू की तो उनकी आवाज भर्राई हुई थी और आंखों में नमी साफ दिखाई दे रही थी। उनके शब्दों ने करोड़ों दर्शकों के दिलों को छू लिया। उन्होंने भारी आवाज में कहा, देवियों और सज्जनों, अब ये दौर समाप्त होता है। वैसे तो शो के कई दौर शुरू होते हैं और खत्म हो जाते हैं, लेकिन हमारे इस मंच पर शो की विदाई नहीं, बल्कि जुदाई होती है।

## अमिताभ को मिला स्टैंडिंग ओवेशन

प्रतियोगियों के संघर्ष और शो के ऐतिहासिक पलों का वीडियो देख अमिताभ की आंखें भर आईं। वीडियो खत्म हुआ, जोरदार तालियों से अमिताभ को 'स्टैंडिंग ओवेशन' दिया गया। बिग बी ने सबका धन्यवाद कर कहा, इन यादों और मुस्कुराहटों के बीच अब विदा लेने का समय आ गया है। विदाई के वक्त अक्सर शब्द कम पड़ जाते हैं और जब शब्द कम पड़ें तो संगीत का सहारा लेना चाहिए, क्योंकि संगीत के सुर सीधे दिल के तारों को जोड़ते हैं।

## बिग बी का भावुक अलविदा

अमिताभ के इन शब्दों ने सबको भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि 'केबीसी' सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि उम्मीद और रिश्तों का सफर है। इस सफर के खत्म होने के साथ पीछे छूट गईं अनगिनत कहानियां और सपने, जिन्होंने देशभर के लोगों को प्रेरित किया।

## जब मैं रोया, आप भी मेरे साथ रोए

अमिताभ ने दर्शकों से कहा, कभी-कभी हम किसी पल को इतना जीते हैं कि जब वो खत्म होता है तो लगता है जैसे अभी शुरू ही हुआ था। अपनी जिंदगी का एक तिहाई से भी ज्यादा समय आप सभी के साथ बिताना उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। बिग बी बोले, जब भी मैं हंसा, आप मेरे साथ हंसे, जब मैं रोया, आप भी मेरे साथ रोए। आप शुरू से लेकर अंत तक इस सफर का अहम हिस्सा रहे हैं।

## ये हंसती-खेलती दुनिया अब कुछ महीनों के लिए खामोश हो जाएगी

बिग बी बोले, एक-एक कर शो में भाग लेने वाले प्रतियोगियों की कुर्सियां खाली होंगी, स्टूडियो के दर्शक अपने कदम सेट से बाहर रखेंगे। ये जगमगाती रोशनी कल किसी और के लिए सजाई जाएगी, तालियां भी किसी और के लिए बजेंगी। ये हंसती-खेलती दुनिया अब कुछ महीनों के लिए खामोश हो जाएगी, लेकिन इस विदाई के पल की मिठास और भावुकता हर किसी के दिल में हमेशा रह जाएगी।

**इंग्लिश प्रीमियर लीग**

# आर्सेनल ने बोर्नेमाउथ को हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन



डेकलान राइस के दो गोल की मदद से आर्सेनल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बोर्नेमाउथ को 3-2 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में छह अंक की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के मिडफील्डर राइस ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर आर्सेनल की जीत सुनिश्चित की। घुटने की चोट के कारण शुरुआत में राइस के खेलने पर संदेह था लेकिन उन्होंने पिछले मैच से बाहर रहने के बाद वापसी की और दोनों टीम के बीच का अंतर साबित हुए। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल मेगलहाइस ने भी एक गोल किया। ोर्नेमाउथ के लिए इवानिल्सन और एली जूनियर क्रोपी ने गोल दागे। इस जीत से आर्सेनल के 20 मैच में 48 अंक हो गए हैं। नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-1 से हराने वाली एस्टन विला की टीम 42 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

**सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट**

# अटलांटा ने रोमा को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| मिलान



जियान पिएरो गैस्पेरिनी के वापसी मुकाबले में रोमा को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अटलांटा के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मैच का एकमात्र गोल 12वें मिनट में जॉर्जियो स्केलविनी ने किया। इस जीत से अटलांटा की टीम आठवें स्थान पर पहुंच गई। रोमा की टीम इस मुकाबले को जीतकर दूसरे स्थान पर मौजूद इंटर मिलान के बराबर पहुंच सकती थी लेकिन अब उसके चौथे स्थान पर मौजूद यूवेंटस के समान अंक हैं। यूवेंटस को निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे लीस ने 1-1 से बराबरी पर रोका।

**अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स**

# क्वार्टर फाइनल में सेनेगल

एजेंसी ▶▶| रबात



सादियो माने की अगुआई में सेनेगल ने गियर में सूडान को 3-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2019 और 2022 के अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर रहे सादियो माने ने निलंबित कप्तान कालिदोउ कोलिबाली की गैरमौजूदगी में उदाहरण पेश करते हुए टीम के अपने साथियों के लिए कई मौके बनाए। सेनेगल की ओर से पापे गुएये ने दो जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी इब्राहिम एमाये ने एक गोल किया। सादियो माने ने पापे के एक गोल और इब्राहिम के गोल में अहम भूमिका निभाई। क्वार्टर फाइनल में सेनेगल की भिड़ंत माली से होगी, जिसने कासाब्लांका में ट्यूनीशिया को पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से हराया।

**खबर संक्षेप**




## डब्ल्यूएफआई ने रोकी कुश्ती प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में पांच जनवरी से होने वाली अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं क्योंकि मेजबान विश्वविद्यालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की ओर से सुझाए गए रेफरी पैनल से अलग पैनल चुना है, जिसके कारण राष्ट्रीय महासंघ ने तकनीकी अधिकारियों को भेजने से मना कर दिया है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने 11 दिसंबर को एक सर्कुलर जारी किया था, जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघ चैंपियनशिप के तकनीकी संचालन को देखेगा। 24 दिसंबर को एआईयू को प्रतियोगिता के लिए अंतरराष्ट्रीय रेफरी का एक पैनल सौंपा। महासंघ ने 27 दिसंबर को एकआईयू को बताया कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने रेफरी पैनल के लिए सीधे उनसे संपर्क नहीं किया था।

## बंगाल की हर चुनौती के लिए तैयारः हरमनप्रीत


**चेन्नई।** पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का पहला फेज चेन्नई में खेला जाना है। सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला मौजूदा चैंपियन बंगाल टाइगर्स के साथ होना है।



सूरमा हॉकी क्लब के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि बंगाल की हर चुनौती के लिए उनकी टीम पूरी तरह तैयार है। हम शांत हैं, स्पष्ट हैं, और चैंपियंस से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। हमें अपने पर किए गए काम पर भरोसा है। टीम के अधिकांश खिलाड़ी पहले भी एक साथ खेल चुके हैं, जिससे हमें शांत रहने और फोकस करने में मदद मिलती है। दबाव बनाना, अपने मौकों को गोल में बदलना, और जरूरी मौकों पर सही फैसले लेना बेहद अहम है। उन्होंने कहा, "हॉकी इंडिया लीग हमारे लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म है क्योंकि आने वाला साल व्यस्त है।

## मार्टिन की सेहत में बड़ा सुधार, कोमा से बाहर आए

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर डेमियन मार्टिन की सेहत को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। मार्टिन को कोमा से बाहर निकाल लिया गया है और वह



अब बात कर पा रहे हैं। 54 साल के डेमियन मार्टिन को बॉक्सिंग डे के दिन तब ब्रिस्बेन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। वह अपने गोल्ड कोस्ट स्थित घर पर अस्वस्थ महसूस करने के बाद आराम करने के लिए लेटे थे। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मेनिन्जाइटिस से पीड़ित पाया, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में कृत्रिम कोमा में रखा गया था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने मार्टिन की हालत में तेजी से सुधार की जानकारी दी।

**एशेज : पांचवे टेस्ट में रूट और ब्रूक ने लगाया अर्धशतक, इंग्लैंड के 3 विकेट पर 211 रन**

# ऑस्ट्रेलिया ने 138 साल के सिलसिले को तोड़ा, बिना स्पिनर के सिडनी में खेलने उतरा

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की टीम सिडनी में 138 साल बाद बगैर स्पिनर से उतरी। इससे पहले 1888 में ऑस्ट्रेलिया की टीम यहां बगैर स्पिनर के टेस्ट खेलने उतरी थी। वहीं रूट और हैरी ब्रूक के बीच 154 रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक तीन विकेट पर 211 रन बनाए।

रूट (नाबाद 72) और ब्रूक (नाबाद 78) उस समय एक साथ आए जब इंग्लैंड की टीम 57 रन तक तीन विकेट गंवाकर संकट में थी। रूट और ब्रूक की यह साझेदारी मौजूदा श्रृंखला में मेहमान टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। खराब रोशनी और बारिश के कारण चाय के विश्राम से ठीक पहले खेल रोक दिया गया और फिर मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका।

### रूट का 67वां अर्धशतक पूरा

रूट और ब्रूक दोनों ने उसी ओवर में अपने अर्धशतक पूरे किए, जिसमें उनकी शतकीय साझेदारी पूरी हुई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को पिच से अधिक मदद नहीं मिल रही थी, जिससे इस जोड़ी की बदौलत इंग्लैंड ने नियंत्रण बनाया। रूट ने 65 गेंद में अपना 67वां जबकि ब्रूक ने 63 गेंद में 15वां अर्धशतक पूरा किया। वहीं यह 1888 के बाद पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया ने एससीजी में किसी विशेषज्ञ स्पिनर को मैदान में नहीं उतारा। चौथे टेस्ट के दौरान गस एटकिंसन के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल किया। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 3-1 की बढ़त के साथ पहले ही एशेज अपने पास रखना सुनिश्चित कर चुका है।

**ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला में 3-1 की बढ़त**



### ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में लिए 2 विकेट

इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में जल्दी-जल्दी तीन विकेट खो दिए। बेन डकेट और जैक क्रॉली ने मेहमान टीम को तेज शुरुआत दी थी। मिचेल स्टार्क ने 35 रन के स्कोर पर डकेट (27) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराके श्रृंखला का अपना 27वां विकेट हासिल किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में दो विकेट लिए। माइकल नेसर ने क्रॉली (16) को पगबाधा किया जबकि स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल (10) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया।ऑस्ट्रेलिया ने एकादश में एक बदलाव करते हुए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को झाय रिचर्डसन की जगह इस श्रृंखला में पहली बार खेलने का मौका दिया। वेबस्टर की वापसी से स्पिनर टॉड मर्फी के लिए कोई जगह नहीं थी।

### डकेट को 8 बार आउट कर चुके हैं मिचेल स्टार्क

दरअसल मिचेल स्टार्क धीरे-धीरे बेन डकेट के लिए बुरा सपना बनते जा रहे हैं। डकेट टेस्ट में उनके खिलाफ अब तक आठ बार आउट हो चुके हैं। इस सीरीज में वह स्टार्क के खिलाफ पांच बार आउट हो चुके हैं। इस गेंदबाज के खिलाफ उन्होंने अब तक 183 गेंदों में 173 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 94.53 और औसत 21.62 का रहा है। इस गेंदबाज के खिलाफ डकेट ने रन जरूर बनाए हैं लेकिन वह आउट भी काफी बार हुए हैं। डकेट ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में अपने 3000 रन पूरे किए थे। वह टेस्ट में सबसे कम गेंदों में 3000 रन पूरे करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बने थे।

### *तेंदुलकर का महा-रिकॉर्ड तोड़ने के करीब रूट*

*सचिन तेंदुलकर ने 51 शतकों के अलावा 68 अर्धशतक लगाए। दूसरी ओर रूट के नाम अब 163 टेस्ट मैचों में 67 अर्धशतक और 40 शतक हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खलिफ सिडनी टेस्ट की पहली पारी में फिफ्टी लगाकर वेस्टइंडीज के पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपॉल के 164 टेस्ट मैचों में बनाए गए 66 अर्धशतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज के पांचवें टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक जड़ा। इस अर्धशतक के साथ वह मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा अर्धशतक के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए। रूट का यह टेस्ट क्रिकेट में 67वां अर्धशतक था।*

**बीबीएल**

# रेनेगेड्स ने स्टार्स को 4 विकेट से हराया, ब्राउन की खेली तूफानी पारी



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के 22वें मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज की। सीजन में अपनी दूसरी जीत के साथ मेलबर्न रेनेगेड्स ने 4 अंक हासिल कर लिए हैं। 6 में से 2 मैच गंवाकर मेलबर्न स्टार्स 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी मेलबर्न स्टार्स ने 9 विकेट खोकर 173 रन बनाए। इस टीम को सैम हार्पर और थॉमस रॉजर्स की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई।दोनों बल्लेबाजों ने 2.4 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। थॉमस 15 रन बनाकर आउट हुए, जबकि हार्पर ने 10 गेंदों में 20 रन टीम के खाते में जोड़े।

### गुरिंदर संधु ने हासिल किए सर्वाधिक 4 विकेट

इनके अलावा, कैंपबेल केलवे ने 33 रन, जबकि टॉम करेन ने 38 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम से गुरिंदर संधु ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि कैलम स्टो ने 2 विकेट निकाले। इसके जवाब में मेलबर्न रेनेगेड्स ने 19.5 ओवरों में जीत दर्ज की। इस टीम ने 24 के स्कोर पर टिम सीफर्ट (6) का विकेट गंवा दिया था। यहां से जोश ब्राउन ने मोहम्मद रिजवान के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 127 के स्कोर तक पहुंचाया।

### ब्राउन ने 48 गेंदों पर बनाए 84 रन

ब्राउन 48 गेंदों में 4 छक्कों और 9 चौकों के साथ 84 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मोहम्मद रिजवान ने 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 41 रन की पारी खेली। इनके अलावा, कप्तान विल सदरलैंड ने 19 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से हारिस रऊफ और पीटर सिडल ने 2-2 विकेट हासिल किया, जबकि मिचेल स्वैपसन ने 1 विकेट निकाला। रेनेगेड्स अपना अगला मैच 7 जनवरी को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ खेलेगी, जबकि स्टार्स 8 जनवरी को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी।

**टी20 विश्व कप**

# बांग्लादेश ने किया टीम का ऐलान, लिटन को सौंपी कप्तानी, तास्किन अहमद की वापसी

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए लिटन दास की अगुआई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया और यह घोषणा देश के खेल मंत्रालय की ओर से टीम के लीग मुकाबलों को भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग करने के निर्देश के कुछ ही घंटों बाद की गई।

बांग्लादेश के चार लीग मैच में से तीन वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी), इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में हैं जबकि उनका आखिरी मैच नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में होगा। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।



### बांग्लादेश टीम

लिटन दास (कप्तान), मोहम्मद सैफ हसन (उप कप्तान), तंजीद हसन, मोहम्मद परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शक महेदी हसन, रिशद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तास्किन अहमद, मोहम्मद शैफुद्दीन, शोरफुल इस्लाम।

### 7 फरवरी से शुरू होगी स्पर्धा

दास कप्तान बरकरार हैं जबकि तेज गेंदबाज तास्किन अहमद हाल में आयरलैंड श्रृंखला से बाहर रहने के बाद टीम में वापस आए हैं। अहमद तेज गेंदबाजी विभाग में रहमान के साथ टीम बनाएंगे, जिन्हें उम्मीद के मुताबिक टीम में शामिल किया गया है। बीसीबी ने 'एक्स' पर कहा, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा की है, जो 7 फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा।

**महिला एचआईएल ...**



**रांची।** ऑगस्टिना गोरजेलानी (37वें मिनट) के गोल की मदद से श्राची बंगाल टाइगर्स ने रविवार को महिला हॉकी इंडिया लीग में रांची रॉयल्स पर 1-0 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, बंगाल टाइगर्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। रांची रॉयल्स लगातार दो जीत के बाद इस मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी हुई थी लेकिन ऑगस्टिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर टूर्नामेंट में चौथा गोल करके अपनी टीम को 1-0 बढ़त दिलाई जो निर्णायक रही।

**बांग्लादेश ने की मैचों को भारत से बाहर करने की मांग**

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत ट्रैवल नहीं करेगी बांग्लादेशी टीम

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा चिंताओं और सरकार की सलाह का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया।

यह फैसला आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 'रिलीज' करने के बाद लिया गया। बीसीसीआई ने शनिवार को रहमान को 'रिलीज' करने के अपने फैसले के लिए दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों का स्पष्ट रूप से जिक्र नहीं किया, लेकिन उसने कहा कि यह कदम मौजूदा घटनाओं से प्रेरित है।




### बीसीबी ने की मैच श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को इस मुद्दे पर ध्यान देना होगा क्योंकि बांग्लादेश को लीग चरण के अपने चारों मैच भारत में खेलने हैं। पाकिस्तान के साथ हुए समझौते की तरह बांग्लादेश भी चाहता है कि उसके सभी मैच टूर्नामेंट के सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए जाएं। बीसीबी के बयान के मुताबिक, 'बीसीबी ने विश्व कप के आयोजक आईसीसी से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि वह बांग्लादेश के सभी मैचों को भारत के बाहर किसी अन्य स्थान (सह-मेजबान श्रीलंका) में स्थानांतरित करने पर विचार करे।' बीसीबी आईसीसी से इस स्थिति को समझने और इस मामले पर तत्काल प्रतिक्रिया की उम्मीद करता है।

### *बीसीबी ने बुलाई आपातकालीन बैठक*

*रहमान को आईपीएल से अचानक बाहर किए जाने के बाद बीसीबी ने एक आपातकालीन बैठक बुलाई और घोषणा की कि निदेशक मंडल की पुनः बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं जाएगी। बीसीबी ने एक बयान में कहा, 'बोर्ड ने पिछले 24 घंटों के घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए स्थिति की विस्तृत समीक्षा की और भारत में खेले जाने वाले मैचों में बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम की भागीदारी से संबंधित मौजूदा परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है।' उन्होंने कहा, ' भारत में बांग्लादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और मौजूदा स्थिति के आकलन के साथ बांग्लादेश सरकार की सलाह पर विचार करते हुए निदेशक मंडल ने फैसला किया है कि बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम वर्तमान परिस्थितियों में टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी।'*

# डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडरः सिंड्रेला और दिव्यांशी ने की जीत से शुरुआत

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

गत चैंपियन सिंड्रेला दास, शीर्ष वरीयता प्राप्त दिव्यांशी भौमिक और जापान की मिकू मात्सुशिमा ने 'डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर' 2026 में लड़कियों के अंडर-19 एकल वर्ग में अपने-अपने अभियान की जीत से शुरुआत की।

शनिवार को अंडर-17 का खिताब जीतने वाली सिंड्रेला ने ग्रुप तीन में अर्चिस्मिता महतो को 11-7, 11-7, 11-8 से हराया, जबकि दिव्यांशी ने ग्रुप एक में श्रेष्ठा कोंथम को 11-4, 11-3, 11-7 से मात दी। मिकू ने ग्रुप दो में गुंजन कुमार पर 11-3, 11-6, 11-4 से जीत के साथ शुरुआत की। लड़कों के अंडर-19 वर्ग में भी शीर्ष वरीयता प्राप्त



खिलाड़ियों ने अपने-अपने ग्रुप में दो-दो जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। अंडर-15 वर्ग के भी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भी अपने-अपने ग्रुप में आसान जीत के साथ नॉकआउट चरण में पहुंच गए।डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर के दूसरे सत्र में अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग में कुल 226 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।




### युवा राम के बैरिस्टर बनकर आया हूँ : शैलेन्द्र तिवारी

# चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का गरिमामय समापन

जबलपुर

चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र तिवारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज के युवाओं को भगवान श्रीराम से रिश्ते निभाने की कला सीखनी होगी। उन्होंने कहा कि रिश्ते केवल बनाए नहीं जाते, बल्कि उन्हें मर्यादा, संवेदना और उत्तरदायित्व के साथ निभाया जाता है। उन्होंने कहा, "मैं आज युवा राम का बैरिस्टर बनकर आया हूँ। रामायण में वर्णित प्रसंगों की व्याख्या अलग-अलग दृष्टिकोण से की जा सकती है, लेकिन आवश्यक है कि हम उनके संदर्भ और भाव को समझें।" श्री तिवारी ने माता सीता की अग्निपरीक्षा और उनके परित्याग जैसे प्रसंगों पर लगने वाले आरोपों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं को केवल सतही दृष्टि से नहीं, बल्कि तत्कालीन सामाजिक और राजधर्म के संदर्भ में देखने की आवश्यकता है। संदर्भ और भाव को समझने पर ही इन घटनाओं के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट होती है।

कॉन्फ्रेंस के गरिमामय समापन अवसर पर आयोजन अध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डॉ. अखिलेश गुमाश्ता ने कहा कि "आज जब यह दिव्य, वैचारिक और सांस्कृतिक महाकुंभ अपने सफल समापन की ओर अग्रसर है, तब हमारा हृदय कृतज्ञता से परिपूर्ण है। चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि रामकथा के शाश्वत मूल्यों—धर्म, करुणा, मर्यादा, संस्कृति और मानवता—का वैश्विक संवाद बनकर उभरा है।"










उन्होंने भारत और विदेशों से आए विद्वानों, साधु-संतों, शोधकर्ताओं, वक्ताओं, कलाकारों एवं प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी की सहभागिता से यह सम्मेलन विचार, श्रद्धा और शोध का सशक्त संगम बना।

डॉ. गुमाश्ता ने माननीय अतिथियों, मुख्य वक्ताओं, संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार), श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, प्रदेश शासन, नगर निगम प्रशासन, सहयोगी संस्थाओं, प्रायोजकों, मीडिया साथियों और स्वयंसेवकों के योगदान के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि मानस भवन, जबलपुर की पावन भूमि पर आयोजित यह सम्मेलन रामायण की सार्वकालिक प्रासंगिकता को पुनः स्थापित करता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक चेतना का मार्ग प्रशस्त करता है।

अंत में सभी सहभागियों, श्रोताओं और रामभक्तों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्होंने भगवान श्रीराम की मर्यादा, आदर्श और करुणा को जीवन में आत्मसात करने की कामना की तथा 2029 में पुनः वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में मिलने का आह्वान करते हुए सम्मेलन के समापन की घोषणा की।

# महिला स्टाफ को प्रताड़ित करने के आरोपी रेल अफसर को ट्रांसफर की सजा

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) मुख्यालय में महिला स्टाफ के साथ अभद्रता और आपत्तिजनक मैसेज भेजने के गंभीर आरोपों से घिरे वरिष्ठ रेल अधिकारी अमितोज बल्लभ पर अंततः गाज गिर गई है। रेलवे बोर्ड ने शुक्रवार की देर शाम एक आदेश जारी करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से जबलपुर से हटाकर आरसीएफ (रेल कोच फैक्ट्री), कपूरथला स्थानांतरित कर दिया है। यह पूरा मामला तब गरमाया जब 17 दिसंबर को पमरे मुख्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारियों ने अधिकारी के व्यवहार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। तत्कालीन सीआरएसई अमितोज बल्लभ पर आरोप था कि वे महिला स्टाफ के साथ न केवल दुर्व्यवहार करते थे, बल्कि व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक संदेश भी भेजते थे। इस घटना के विरोध में पमरे मजदूर संघ और पमरे एम्पलाइज यूनियन ने संयुक्त रूप से मुख्यालय के बाहर उग्र प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों ने अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें तत्काल पद से हटाने और कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की थी।

**कर्मचारी संगठन लगातार कर रहे थे प्रदर्शन**

### जांच रिपोर्ट अब तक गोपनीय

सूत्रों के अनुसार, पमरे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने इस मामले को शुरू से ही बेहद गंभीरता से लिया था। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तत्काल एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए थे। हालांकि, जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों को आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन शुक्रवार शाम जारी हुए आकस्मिक तबादला आदेश को इसी प्रकरण की परिणति के रूप में देखा जा रहा है।

रेलवे बोर्ड के इस कड़े रुख से कर्मचारी संगठनों में संतोष है। कर्मचारियों का मानना है कि इस निर्णय से संदेश गया है कि महिला सुरक्षा और सम्मान से समझौता करने वाले किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। जबलपुर से रवानगी का यह आदेश रेलवे प्रशासन द्वारा आंतरिक अनुशासन बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### अधिकारी से त्रस्त थी महिला कर्मी

वरिष्ठ रेल अधिकारी अमितोज बल्लभ पर लगे आरोप अत्यंत गंभीर और कार्यस्थल की मर्यादा को तार-तार करने वाले थे। महिला स्टाफ और श्रमिक संगठनों के अनुसार, उन पर मुख्य रूप से दो आरोप थे। पहला, वे महिला कर्मचारी को देर रात अश्लील और अमर्यादित संदेश भेजते थे, जो मानसिक प्रताड़ना की श्रेणी में आता है। दूसरा, कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों के साथ चिल्लाकर बात करना, केबिन में बुलाकर अपमानित करना और पद का धौंस दिखाकर डराना उनकी कार्यशैली का हिस्सा बताया गया।

इन हरकतों से तंग आकर महिला स्टाफ ने संगठनों के साथ मिलकर मोर्चा खोला, जिसके बाद यह प्रशासनिक कार्रवाई हुई।

# 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के अभ्यास के लिए प्री बोर्ड आज से

**जबलपुर।** 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए अब 1 महीने का समय शेष बचा है। बोर्ड परीक्षाओं के अभ्यास के रूप में प्री बोर्ड परीक्षाओं को देखा जा रहा है, जो 5 से 12 जनवरी के बीच रहेगी। भोपाल से इन परीक्षाओं के प्रश्न पत्र जिला शिक्षा कार्यालय के माध्यम से संकुल प्राचार्य के पास भेजे जा चुके हैं।

5 जनवरी से शुरू होने वाली प्री बोर्ड परीक्षा में यह सभी शामिल होंगे। सुबह 11 से 2 बजे के बीच प्री बोर्ड परीक्षा के लिए संकुल प्राचार्य को प्रश्न पत्र भेजे जा चुके हैं। जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसके लिए प्री बोर्ड परीक्षा में अभ्यास स्वरूप में लिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को परीक्षा में किसी प्रकार की कठिनाई न हो और उन्हें बेहतर तैयारियों का अवसर भी मिल सके। इधर विद्यार्थी और अभिभावकों का कहना है कि परीक्षाओं का समय जल्दी निर्धारित होने से तैयारी में दिक्कतें आ रही हैं। स्कूलों में कल तक की छुट्टियां चल रही हैं और उसके ठीक बाद प्री बोर्ड परीक्षा सोमवार से शुरू हो रही है। इससे बच्चों के मन में जो जिज्ञासा है, वह दूर नहीं हो पाएगी।

### ट्रक की टक्कर में कार पलटी, 6 लोग घायल

**जबलपुर।** बरेला में बुध सिंह उम्र 25 निवासी भटरा मोहल्ला रिछाई ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि बीती रात को उसके साथ उसके चाचा रूप सिंह एवं चाचा के साथी सुरेश, दीपेन्द्र सोनी, राजधर, अंचल सेन एवं नेपाल यादव हम सभी ओमनी क्रमांक एमपी 15 बीए 2059 से सहजपुर से मटर तुडाई कर वापस आ रहे थे। इसी बीच रात लगभग बारह बजे नहर पुल के पास बरेला हाईवे रोड पर पीछे से आ रहे ट्रक सीजी 10 बीजी 7866 का चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये ओमनी मे पीछे से टक्कर मार दिया जिससे ओमनी कार पटल गयी, जिससे सभी को चोटे आ गयी, सभी को जबलपुर के अस्पताल भिजवाया है। रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### वीयू: घपले की जांच रिपोर्ट में सामने आए भोपाल के अधिकारियों के नाम

# वेटरनरी विवि में 3 करोड़ का शोध घोटाला, रसूखदारों पर गिरेगी गाज, विभाग में हड़कंप

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में शोध के नाम पर हुए करोड़ों के घोटाले की आंच अब राजधानी भोपाल तक पहुँच गई है। अपर कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी की जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कैंसर और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों पर रिसर्च के लिए आए सरकारी बजट को विश्वविद्यालय के जिम्मेदारों ने भोपाल में बैठे रसूखदार अफसरों के साथ मिलकर सैर-सपाटे में उड़ा दिया। सरकारी धन की इस होली में न केवल नियम ताक पर रखे गए, बल्कि जांच को भटकाने के लिए अहम दस्तावेज भी गायब कर दिए गए हैं।

### 3 करोड़ का बजट और गोवा का रिसर्च टूर

जांच रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2011 से 2018 के बीच शासन ने विश्वविद्यालय को कैंसर और टीबी पर शोध के लिए 3 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की थी। इस राशि का उपयोग प्रयोगशालाओं और शोध कार्यों में होना था, लेकिन विश्वविद्यालय की टीम ने इस फंड से गोवा की लग्जरी ट्रिप प्लान की। बयानों में यह बात साफ हुई है कि शोध के बहाने अधिकारियों और कर्मचारियों ने सरकारी खर्च पर छुट्टियां मनाईं।

हैरानी की बात यह है कि जब अपर कलेक्टर ने इन खर्चों का हिसाब मांगा, तो विश्वविद्यालय प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया। हालांकि, अब तक की जांच में करोड़ों के गबन की पुष्टि हो चुकी है और कई अधिकारी व कर्मचारी सीधे तौर पर दोषी पाए गए हैं।

### दस्तावेजों की हेराफेरी और भोपाल के अफसरों की भूमिका

इस पूरे मामले में सबसे गंभीर पहलू भोपाल का कनेक्शन है। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट संकेत दिए गए हैं कि इस घोटाले की फाइलें राजधानी में बैठे कुछ बड़े अफसरों की शह पर दबी रहीं। बयानों में खुले काले चिट्ठे ने यह साफ कर दिया है कि बंदरबांट का यह खेल बिना ऊंचे रसूख के मुमकिन नहीं था। शासन को अंधेरे में रखकर शोध कार्यों की फर्जी प्रोग्रेस रिपोर्ट भेजी जाती रही, जबकि जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। अपर कलेक्टर ने अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी है, जिसके बाद अब विभागीय कार्रवाई की तलवार लटक गई है। दोषियों पर एफआईआर दर्ज होने की भी संभावना जताई जा रही है। भ्रष्टाचार के इस मामले ने शिक्षा और शोध जगत को शर्मसार कर दिया है।

# संजीवनी नगर में दो सूने घरों के टूटे ताले, लाखों का माल ले उड़े चोर

**जबलपुर।** थाना संजीवनी नगर श्रीमति पूजा राजपूत निवासी नव निवेश कालोनी फेस 2, महाराणा प्रताप वार्ड गंगानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 दिसंबर को वे अपने बच्चों के साथ रिश्तेदारी में छिंदवाड़ा गयी थी . जबकि दूसरे दिन उनके पति घर के दरवाजे में ताला लगाकर अपने काम से मंडला चले गये थे। तीसरे दिन 3 दिसंबर को उनके पति ने फोन पर बताया कि अपने घर का ताला टूटा है कोई अज्ञात चोर घर में ताला तोड़कर घर के अंदर घुसकर चोरी किया है। इस पर वह छिंदवाड़ा से वापस आयी तो मेन गेट के अंदर ताले टूटे पड़े थे। बेडरूम में जाकर देखा तो आलमारी खुली और सामान बिखरा पड़ा था जिसमें रखे सोने चांदी के जेबरात चांदी की 4 जोड़ी बिछिया, 4 जोड़ी पायल, 3 सिक्के, सोने की 1 अंगूठी, 1 चैन, 1 मंगलसूत्र गुरिया एवं पेंडल लगा हुआ 1 जोड़ी टाप्स तथा टीव्ही ड्राज में रखे नगदी गायब थे ? कोई अज्ञात चोर 30 दिसंबर से 31 दिसंबरकी मध्यरात्रि घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसकर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी सहित लगभग 90 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी थान क्षेत्र में हरजीत सिंह ठाकुर निवासी पीताम्बरा टेंट हाउस के पास पीएचई कालोनी संजीवनीनगर 25 दिसंबर को अपने किराए के घर में लॉक लगाकर परिवार सहित भोपाल गया था। 2 दिसंगर को उसे कान मालिक अतुल असाटी ने फोन कर बताया कि आपके घर में चोरी हो गयी है। इस पर वह 3 दिसंबर को सुबह लगभग 10 बजे भोपाल से अपने परिवार के साथ वापस आया और घर के अंदर जाकर देखा सामने के दरवाजे का सेंट्रल लॉक टूटा है। अंदर जाकर देखा तो कबर्ड के अंदर रखे सोने की 1 अंगूठी, 1 ब्रेसलेट, 2 चैन, 1 मंगलसूत्र, नगदी 65 हजार रूपये गायब थे, कोई अज्ञात चोर दरवाजे का सेंट्रल लॉक तोड़कर घर के अंदर घुसकर कबर्ड से सोने के गहने एवं नगदी सहित लगभग 2 लाख 5 हजार रूपये का चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने पड़ताल आरंभ कर दी है।

# एक हजार से ज्यादा पेड़ कटेंगे

**प्रदेश के सबसे बड़े रानी दुर्गावती अभयारण्य टाइगर रिजर्व से निकलेगा एनएचएआई**

**जबलपुर।** मप्र के सबसे बड़े रानी दुर्गावती अभयारण्य टाइगर रिजर्व के बीच से एनएचएआई की फोरलेन सडक़ प्रस्तावित है। जबलपुर-दमोह फोरलेन परियोजना के तहत सिंग्रामपुर, नोहटा और हथनी से जुड़े वन क्षेत्रों में एक हजार से अधिक पेड़ों की कटाई की तैयारी चल रही है।

एनएचएआई की प्रस्तावित 101 किमी लंबी और 30 मीटर चौड़ी सडक़ का करीब 15 किमी हिस्सा वन क्षेत्र से गुजरेगा। यह मार्ग जबेरा से कटंगी के बीच सिंग्रामपुर जंगल से होकर निकलेगा, जिसमें रानी दुर्गावती अभयारण्य का लगभग 6 किमी कोर एरिया और करीब 8 किमी अन्य वन क्षेत्र शामिल है।

# देर रात सड़क हादसा: तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत गौर क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हिनौतिया निवासी अजय पटेल तिलहरी चगर फार्म से सेंटिंग का काम कर अपने घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

गौर पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय पटेल गत देर रात गौर पुलिस चौकी के समीप पहुंचे ही थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन क्रमांक एमपी 21 एमसी 1563 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय सड़क पर दूर जा गिरे और उनके हाथ, पैर व सिर में गंभीर चोटें आईं।

### लोगों ने नोट किया वाहन नंबर

हादसे के समय आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए फरार वाहन का नंबर नोट कर लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अजय को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**भेड़ाघाट हत्या मामला: पुलिस के हाथ खाली**

# नकाबपोश बदमाशों की तलाश जारी

जबलपुर

भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर क्षेत्र में युवक की नृशंस हत्या के मामले में 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस को अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है। नकाबपोश बदमाशों द्वारा की गई इस सनसनीखेज वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हत्या के बाद से भेड़ाघाट थाना पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम भी सक्रिय है। देर रात तक पुलिस ने कई संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन फिलहाल ऐसा कोई पुख्ता सबूत सामने नहीं आया है, जिसके आधार पर आरोपियों तक पहुंचा जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है।

### हत्या के पीछे कारण अब भी रहस्य

पुलिस परिजनों और परिचितों से बातचीत कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि मृतक की किसी से पुरानी रंजिश या दुश्मनी तो नहीं थी। फिलहाल हत्या के कारणों को लेकर कोई स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है। न तो लूट का कोई ठोस प्रमाण मिला है और न ही आपसी विवाद की पुष्टि हो पाई है, जिससे मामला और उलझता जा रहा है।

### कौन था मृतक अभिषेक साहू

गौरतलब है कि पाटन के ग्राम भुआरा निवासी अभिषेक साहू भेड़ाघाट स्थित एक दवा दुकान में काम करता था। इसके साथ ही वह आसपास के ग्रामीण इलाकों में छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज भी करता था। अभिषेक अपने दोस्तों के साथ शहर से बाहर जाने की तैयारी में था, इसी दौरान उसकी कार भेड़ाघाट फ्लाईओवर के पास खराब हो गई।

### कार खराब होने के बाद घात लगाए बैठे थे बदमाश


गत दोपहर कार सुधारने के लिए मैकेनिक बुलाया गया था। इसी दौरान अभिषेक ने कार के अंदर बैठे-बैठे अपने पिता को फोन किया और फिर कार में ही सो गया। दोपहर करीब पौने दो बजे बाइक पर सवार होकर आधा दर्जन नकाबपोश बदमाश मौके पर पहुंचे। उन्होंने अभिषेक को जबरन कार से बाहर निकाला और चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### सीसीटीवी फुटेज से पहचान की कोशिश

पुलिस का कहना है कि घटना को अंजाम देने वाले कुछ बदमाशों के चेहरे आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं। फुटेज के आधार पर उनकी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। हालांकि, अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### जल्द हो गिरफ्तारी

दिनदहाड़े हुई इस हत्या के बाद सहजपुर और भेड़ाघाट क्षेत्र में डर का माहौल बना हुआ है। मृतक के परिजन और स्थानीय लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा, लेकिन फिलहाल यह हत्या एक रहस्य बनी हुई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240